स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बुधवार
23 अप्रैल, 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष 10
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -241 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये | epaper : epaper.swatantrabharat.net | web portal : swatantrabharat.net

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की सुरक्षा घटाई गई





# पहलगाम में आतंकी हमला, 26 की मौत

## जम्मू-कश्मीर के 'मिनी स्विटजरलैंड' में पर्यटकों को बनाया निशाना दो विदेशी नागरिकों की भी गई जान, सेना की वर्दी में आए थे आतंकी

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने पर्यटकों पर हमला कर दिया, जिसमें 26 की मौत कई घायल। अनंतनाग के एक अस्पताल में घायलों को भर्ती किया गया, जिनमें से कुछ को गोली लगी थी। एक व्यक्ति की गर्दन में चोट थी। न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, सीनियर पुलिस अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर इसे नरसंहार बताया। यह हाल के वर्षों में पर्यटकों पर सबसे भीषण आतंकी हमला है। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर से पहलगाम 90 किलोमीटर दूर है, जो एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। पिछले साल 2024 में 35 लाख पर्यटक कश्मीर आए, जिनमें ज्यादातर भारतीय थे। आतंकी सेना की वर्दी में थे। हाल के वर्षों में भारत सरकार ने इसे स्कीइंग और गर्मियों की छुट्टियों के लिए बढ़ावा दिया है। 2023 में श्रीनगर में जी20 पर्यटन बैठक हुई, जिसे शांति और सामान्य स्थिति की वापसी का प्रतीक बताया गया। भारत अक्सर पाकिस्तान पर विद्रोहियों को समर्थन देने का आरोप लगाता रहा है, जिसे इस्लामाबाद खारिज करता है। हाल के वर्षों का सबसे घातक हमला 2019 में पुलवामा में हुआ था, जिसमें 40 पुलिसकर्मी मारे गए थे।



### श्रीनगर पहुंचे गृह मंत्री

पहलगाम आतंकी हमले के बाद श्रीनगर पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने देर रात जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सीएम उमर अब्दुल्ला के साथ बैठक की. बैठक के दौरान जम्मू-कश्मीर पुलिस व अन्य आला अधिकारी भी मौजूद रहे. गृह मंत्री ने पहलगाम हमले पर अपडेट लिया।

| कहां हुआ हमला | कैसे हुआ हमला | क्या कर रहे थे पर्यटक |
|---|---|---|
| श्रीनगर से 90 किमी दूर है पहलगाम। यहां से छह किमी दर है बायसरन घाटी। यहीं हमला हुआ। | आतंकी जंगल के रास्ते सेना की वर्दी में आए। पर्यटकों के पहचान पत्र देखे। उनका मजहब जाना और गोलियां बरसा दीं। | 22 अप्रैल की दोपहर कुछ पर्यटक खाना खा रहे थे। कुछ खच्चरों की सवारी कर रहे थे। कुछ बैठे पिकनिक कर रहे थे। |

### आतंकी हमले पर राष्ट्रपति ने जताया दुख

वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस हमले पर दुख जताया है। राष्ट्रपति भवन की तरफ से किए गए पोस्ट में लिखा गया- जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकवादी हमला चौंकाने वाला और दर्दनाक है। यह एक नृशंस और अमानवीय कृत्य है जिसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। निर्दोष नागरिकों, इस मामले में पर्यटकों पर हमला करना बेहद भयावह और अक्षम्य है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

### नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा : मोदी

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा- मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। पीएम मोदी ने आगे लिखा- इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा...उन्हें बख्शा नहीं जाएगा! उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।



### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - 40° |
| न्यूनतम तापमान | - 22° |
| सूर्योदय | - 05:36 |
| सूर्यास्त | - 06:33 |

बादल छाये रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी की सउदी यात्रा पर ओवैसी का तंज

नई दिल्ली। लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी सऊदी अरब की यात्रा पर हैं, जहां वे क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मिलेंगे और गर्मजोशी से या-हबीबी, या-हबीबी जैसे अभिवादन का आदान-प्रदान करेंगे। भारत लौटने पर वे लोगों से मुसलमानों को उनके पहनावे से पहचानने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि 2013 वक्फ बिल संसद के दोनों सदनों में सर्वसम्मति से पारित हुआ। शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के अनुसार न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका तीनों स्वतंत्र हैं।

### लावारिस सूटकेस में मिला महिला का शव

कोलकाता। मंगलवार सुबह कोलकाता के बागुईआटी इलाके में एक लावारिस सूटकेस में एक महिला का शव मिला। सूटकेस बागुईहाटी पुलिस स्टेशन के पास सड़क के किनारे एक नाले के पास पड़ा था। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बड़ा उछाल : सोना एक लाख के पार



नई दिल्ली। वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच सोने की कीमतों में बड़ा उछाल दिखा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से फेडरल रिजर्व में बदलाव की योजना के संकेत दिए जाने के बाद सुरक्षित निवेश के रूप में मांग बढ़ने से सोने की वायदा कीमतों में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी आई। मंगलवार को सोने की वायदा कीमतें 2,048 रुपये की तेजी के साथ 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर पीली धातु का अगस्त डिलीवरी अनुबंध मध्य सत्र के कारोबार में 2,048 रुपये या 2.1 प्रतिशत उछलकर 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। यह बहुमूल्य धातु 1,838 रुपये या 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 99,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करती दिखी। जिसमें 2,492 लॉट के लिए कारोबार हुआ। इसके अतिरिक्त, एमसीएक्स पर अक्तूबर अनुबंध 2,016 रुपये या 2.04 प्रतिशत उछलकर 1,00,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।

## सिविल सेवा परीक्षा के अंतिम परिणाम जारी

नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 22 अप्रैल 2025 को सिविल सेवा परीक्षा 2024 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में प्रयागराज की शक्ति दुबे ने प्रथम रैंक हासिल किया

### प्रयागराज की शक्ति दुबे ने किया टॉप

है। इस साल कुल 1,009 उम्मीदवारों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और अन्य केंद्रीय सेवाओं (ग्रुप ए और बी) के लिए चुना गया है।
शक्ति दुबे ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि हर्षिता गोयल ने दूसरा और डोंगरे अर्चित पराग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शाह मार्गी चिराग (4), आकाश गर्ग (5), कोमल पुनिया (6), आयुषी बंसल (7), राज कृष्ण झा (8), आदित्य विक्रम अग्रवाल (9) और मयंक त्रिपाठी (10) शीर्ष 10 में शामिल हैं। 1,132 रिक्तियों के मुकाबले 1,009 उम्मीदवारों को चुना गया है। इसमें 335 सामान्य वर्ग, 109 ईडब्ल्यूएस, 318 ओबीसी, 160 एससी, 87 एसटी और 45 दिव्यांग (पीबीडब्ल्यूडी) उम्मीदवार शामिल हैं। 241 उम्मीदवारों का परिणाम अस्थायी रखा गया है। यूपीएससी ने 230 उम्मीदवारों की एक समेकित रिजर्व लिस्ट भी जारी की है, जिसमें 115 सामान्य, 35 ईडब्ल्यूएस, 59 ओबीसी, 14 एससी, 6 एसटी और 1 पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार शामिल हैं। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 की प्रारंभिक परीक्षा 16 जून 2024 को, मुख्य परीक्षा 20-29 सितंबर 2024 को और साक्षात्कार (पर्सनैलिटी टेस्ट) 7 जनवरी से 17 अप्रैल 2025 तक आयोजित हुए। कुल 5-6 लाख उम्मीदवारों ने प्रारंभिक परीक्षा दी, जिनमें से 2,845 ने साक्षात्कार के लिए क्वालिफाई किया।




### टॉपर्स की सूची

शक्ति दुबे, हर्षिता गोयल, डोंगरे अर्चित पराग, शाह मार्गी चिराग, आकाश गर्ग, कोमल पुनिया, आयुषी बंसल, राज कृष्ण झा, आदित्य विक्रम अग्रवाल, मयंक त्रिपाठी, एट्टाबॉयिना साई शिवानी।

## एक देश एक चुनाव : 17 मई से राज्यों का दौरा करेगी जेपीसी

नई दिल्ली। वक्फ कानून के बाद एक देश, एक चुनाव को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) 17 मई से देशभर के राज्यों का दौरा शुरू करने जा रही है। समिति सबसे पहले 17-18 मई को महाराष्ट्र का दौरा करेगी। इसके बाद 19-21 मई तक उत्तराखंड, और जून में जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा का दौरा किया जाएगा। इस बात की जानकारी जेपीसी के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने मंगलवार को दी। उन्होंने कहा कि समिति की राय है कि इस मुद्दे पर हमें पूरे देश से विचार जानने चाहिए। इसके लिए समिति सभी राज्यों का दौरा करने वाली है करेगी। जेपीसी अध्यक्ष ने समिति के दौरे को लेकर कहा कि चाहे कोई खिलाड़ी हो, कलाकार हो या आम नागरिक, सभी से बात की जाएगी ताकि तय हो सके कि यह योजना देश के लिए फायदेमंद है या नहीं।

## दिल्ली हाईकोर्ट रामदेव के 'शरबत जिहाद' बयान पर सख्त

नई दिल्ली। बाबा रामदेव के शरबत जिहाद वाले बयान पर दिल्ली हाईकोर्ट ने आज नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कड़ा आदेश जारी

### कड़ा आदेश देने की चेतावनी

करने की चेतावनी देते हुए कहा इससे न्यायालय की अंतरात्मा को आघात पहुंचा है, इसका कोई औचित्य नहीं था। अदालत ने रामदेव का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील से निर्देश प्राप्त कर अगली सुनवाई में मौजूद रहने का आदेश दिया है। योग गुरु बाबा रामदेव ने तीन अप्रैल को अपने शरबत ब्रांड का प्रचार करते हुए हमदर्द कंपनी के शरबत पर विवादित टिप्पणी की थी। हमदर्द के वकील ने अदालत को बताया कि हाल ही में पतंजलि के गुलाब शरबत का प्रचार करते हुए रामदेव ने दावा किया था कि हमदर्द के रूह आफजा से अर्जित धन का उपयोग मदरसे और मस्जिद बनाने में किया गया। बाद में, रामदेव ने अपनी टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने किसी ब्रांड या समुदाय का नाम नहीं लिया। हमदर्द का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि यह मामला अपमान से परे है और यह सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने का मामला है। वरिष्ठ वकील ने कहा, यह नफरत फैलाने वाला भाषण है। उनका कहना है कि यह शरबत जिहाद है। उन्हें अपना काम जारी रखना चाहिए।



न्यायपालिका बनाम कार्यपालिका की बहस के बीच उपराष्ट्रपति का बड़ा बयान

## संसद ही सर्वोपरि है : जगदीप धनखड़

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर न्यायपालिका बनाम कार्यपालिका बहस के बीच सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि संसद ही सर्वोपरि है। हर सांविधानिक पदाधिकारी द्वारा बोला गया प्रत्येक शब्द सर्वोच्च राष्ट्रीय हित से जुड़ा होता है। दिल्ली विवि में एक कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारों के अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट को घेरा। उन्होंने कहा कि संविधान कैसा होगा, ये वही तय करेंगे जो चुनकर आए हैं। इसके ऊपर कोई नहीं होगा। संसद सर्वोपरि है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की दो टिप्पणियों का हवाला दिया। इसमें गोरकनाथ मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि प्रस्तावना संविधान का हिस्सा नहीं है। जबकि दूसरे केशवानंद भारती मामले में कोर्ट ने कहा था कि यह संविधान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि किसी भी सांविधानिक पदाधिकारी द्वारा बोला गया प्रत्येक शब्द राष्ट्र के सर्वोच्च हित से निर्देशित होता है। मुझे यह बात काफी दिलचस्प लगती है कि कुछ लोगों ने हाल ही में यह विचार व्यक्त किया है कि सांविधानिक पद औपचारिक और सजावटी हो सकते हैं।

### कपिल सिब्बल का पलटवार

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर उनकी टिप्पणी पर सवाल उठाने वाले आलोचकों पर निशाना साधा। इस के बाद अब राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने मंगलवार को उन पर पलटवार किया। सिब्बल ने कहा कि कोर्ट ने जो कुछ भी कहा है, वह देश के सांविधानिक मूल्यों के अनुरूप है और देश हित में है। सिब्बल ने एक्स पर यह बात तब कही, जब उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि जब कोई सांविधानिक पद पर बैठा व्यक्ति कुछ कहता है, तो वह देश हित को ध्यान में रखकर कहता है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने कहा था कि राज्यपाल की ओर से भेजे के विधेयकों पर राष्ट्रपति को तीन महीने के अंदर फैसला लेना होगा।

## भारत-सऊदी रिश्ता बेहद मजबूत : मोदी

### पीएम मोदी ने की क्राउन प्रिंस सलमान की तारीफ



जेद्दाह। सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर रवानगी से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के मजबूत संबंधों पर जोर दिया। अरब न्यूज को दिए साक्षात्कार में पीएम मोदी ने कहा कि भारत-सऊदी अरब के संबंध काफी मजबूत हैं। उन्होंने दोनों देशों के संबंधों की ताकत पर जोर दिया। साथ ही साझेदारी को अनिश्चितताओं से भरे विश्व में स्थिरता का स्तंभ बताया। इसके अलावा उन्होंने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व और नियंत्रण की भी तारीफ की।
पीएम मोदी ने कहा कि हमारी साझेदारी में असीम संभावनाएं हैं। अनिश्चितताओं से भरी दुनिया में हमारा रिश्ता स्थिरता के स्तंभ के रूप में मजबूत है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सऊदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान के को द्विपक्षीय संबंधों का मजबूत समर्थक और एक दूरदर्शी व्यक्ति बताया। उन्होंने कहा कि हर बार जब मैं उनसे मिला हूं तो उन्होंने मुझ पर गहरी छाप छोड़ी है। उनकी अंतर्दृष्टि, उनकी दूरदर्शी दृष्टि और अपने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का उनका जुनून उल्लेखनीय है।
वह सऊदी अरब में भारतीय प्रवासियों के बहुत बड़े समर्थक रहे हैं और सऊदी अरब में रहने वाले हमारे लोग उनका बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे आर्थिक संबंध मानसून की हवाओं जितने पुराने हैं। हमारे देशों की निकटता और हमारी अर्थव्यवस्थाओं की पूरकता को देखते हुए वाभाविक जुड़ाव है। यही कारण है कि वैश्विक चुनौतियों के दौरान भी हमारे व्यापारिक संबंध न केवल बचे रहे हैं, बल्कि उनमें वृद्धि भी हुई है। ऊर्जा, कृषि और उर्वरक जैसे क्षेत्र हमारे व्यापार के मुख्य क्षेत्र हैं, लेकिन विविधीकरण के प्रयासों ने फल दिया है। भारतीय व्यवसाय और सऊदी उद्योग मजबूत संबंध बना रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे व्यवसायों और उद्योग के बीच मजबूत संबंध बनाना और निवेश साझेदारी को बढ़ाना इस रिश्ते को और अधिक लचीला बना रहा है। सऊदी अरब भारत का एक प्रमुख ऊर्जा साझेदार है। भारत सऊदी अरब में खाद्य सुरक्षा में योगदान दे रहा है। मुझे बताया गया है कि सऊदी अरब के लोग भारतीय चावल पसंद करते हैं।

## बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान को जान की धमकी



मुंबई। मुंबई पुलिस ने दिवंगत बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी देने के मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना सोमवार को सामने आई, जब जीशान को एक धमकी भरा ईमेल मिला। जीशान सिद्दीकी को भेजे गए ईमेल में धमकी दी गई कि उनकी हत्या उनके पिता बाबा सिद्दीकी की तरह कर दी जाएगी। ईमेल में 10 करोड़ रुपए की मांग की गई। जीशान ने तुरंत मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## दिल्ली में गर्मी ने तोड़ा छह साल का रिकार्ड

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गर्मी लोगों को परेशान करने लगी है। दिल्ली में गर्मी का प्रकोप लोगों को परेशान करने लगा है। दोपहर में लोगों का घर से बाहर निकलना काफी मुश्किल हो रहा है। मौसम विभाग की मानें तो सोमवार का दिन अप्रैल महीने का बीते छह वर्षों का सबसे गर्म दिन रहा। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में सोमवार को न्यूनतम तापमान भी 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। ये सामान्य तापमान से 3.5 डिग्री अधिक है। इससे पहले न्यूनतम तापमान वर्ष 2022 में इस स्तर पर पहुंचा था मगर वर्ष 2019 के बाद ये तापमान सबसे अधिक स्तर पर पहुंचा है। अप्रैल में सोमवार को अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस रहा था। इस वर्ष का ये तापमान 3.6 डिग्री अधिक है।

## बांसुरी स्वराज का सियासी बैग



नई दिल्ली। एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर आज जेपीसी की पहली बैठक होने जा रही है। प्रस्ताव वाले विधेयकों पर समिति की बैठक के लिए भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज एक बैग लेकर संसद भवन पहुंचीं। उनके काले बैग पर लाल रंग से नेशनल हेराल्ड की लूट लिखा हुआ था। कांग्रेस की कार्यशैली को अब जनता के सामने लाया जाना चाहिए। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी आरोपी हैं और प्रवर्तन निदेशालय ने उन पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया है।

## ताजमहल की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली। ताजमहल की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल ताजमहल पर प्रदूषण और औद्योगिक इकाइयों के प्रभाव को लेकर शीर्ष अदालत ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनईईआरआई) को कांच उद्योग के ताजमहल पर प्रभाव का आकलन करने के लिए कहा है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने एनईईआरआई को मूल्यांकन पूरा करने की समयसीमा बताते हुए एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित सभी सरकारी एजेंसियों को इस काम में नीरी की सहायता करनी चाहिए। पीठ ने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि इन उद्योगों से कितना प्रदूषण हो रहा है। अगर हमें पता चलता है कि ये उद्योग प्रदूषण फैला रहे हैं तो हम इन इकाइयों को स्थानांतरित करने का आदेश देने में संकोच नहीं करेंगे। प्रदूषण की सीमा के बारे में जांच की आवश्यकता है। इसके बाद कोर्ट ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को एक टीम गठित करने का निर्देश दिया। यह टीम राज्य की ओर से दाखिल हलफनामे में उल्लिखित उद्योगों का दौरा करेगी और इन उद्योगों से होने वाले प्रदूषण के पहलू की जांच करेगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि पांच उद्योगों का अध्ययन पूरा करने के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा ताकि उचित निर्देश जारी किए जा सकें।


## विवाद : 'मतदाता सूची से छेड़छाड़ के आरोप निराधार'

नई दिल्ली। चुनाव आयोग (ईसी) के सूत्रों ने मंगलवार को कांग्रेस के उस आरोप को खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के

### चुनाव आयोग ने खारिज किया राहुल गांधी का दावा

दौरान मतदाता सूची के साथ छेड़छाड़ की गई थी।
आयोग के सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कुल 6,40,87,588 मतदाताओं ने मतदान किया। औसतन हर घंटे लगभग 58 लाख वोट डाले गए। अगर इसी औसत के अनुसार देखा जाए, तो आखिरी दो घंटों में लगभग 1 करोड़ 16 लाख (116 लाख) लोग वोट डाल सकते थे। इसलिए, दो घंटे में सिर्फ 65 लाख वोट पड़ना औसत के मुकाबले काफी कम है, और यह (कांग्रेस नेता) राहुल गांधी के आरोपों के विपरीत है।
सूत्रों ने आगे कहा कि हर मतदान केंद्र पर मतदान की प्रक्रिया उम्मीदवारों या राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त पोलिंग एजेंटों की मौजूदगी में हुई। कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों या उनके अधिकृत एजेंटों ने मतदान के अगले दिन रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) और चुनाव पर्यवेक्षकों के सामने किसी भी तरह के असामान्य मतदान को लेकर कोई शिकायत नहीं की।
मतदाता सूची जन प्रतिनिधित्व कानून, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के तहत तैयार की जाती है, महाराष्ट्र भी इसमें शामिल है। कानून के अनुसार, हर साल या चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची की एक विशेष समीक्षा की जाती है। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची की एक प्रति (कॉपी) सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तर के दलों को दी जाती है, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है।






epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# पीजीआई में छह नये कोर्स चार मंजिला पार्किंग बनेगी

## एसजीपीजीआईएमएस की 102वीं शासी निकाय की बैठक में हुआ निर्णय



स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ। पीजीआई में मरीजों, तीमारदारों के साथ कर्मचारियों की गाड़ियों की पार्किंग की सुविधा बेहतर बनेगी। इसके लिए बैठक में चार मंजिला पार्किंग बनाने की अनुमति मिल गई है। छह नए कोर्स भी चलाये जायेंगे। साथ ही 40 फीसदी प्रोफेसरों की प्रोन्नति का प्रस्ताव भी पास हो गया है। इसके अलावा अन्य कई प्रस्ताव भी मंगलवार को पीजीआई की 102वीं गवर्निंग बॉडी में पास किये गये। पीजीआई परिसर में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई 102वीं गवर्निंग बॉडी में प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमन, रजिस्ट्रार कर्नल वरुण बाजपेयी, डीन डॉ. शालीन कुमार, वित्त अधिकारी विश्वजीत राय समेत मनोनीत सदस्य मौजूद रहे। कर्नल वरुण बाजपेयी ने बताया कि शासी निकाय ने 68वें अकादमिक बोर्ड की कार्यवाही और अनुशंसा को मंजूरी दी। विभिन्न विभागों में पीडीसीसी और पीडीएएफ के छह नए पाठ्यक्रमों को अनुमति दी गई है। एसजीपीजीआईएमएस में प्रतिनियुक्ति पर तैनात प्रांतीय स्वास्थ्य चिकित्सा सेवा (पीएचएमएस) के 32 डॉक्टरों के लिए आपातकालीन देखभाल में सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम प्रदान करने की भी अनुमति दी गई है। पीजीआई के फैकल्टी फोरम के आंदोलन और कड़े रुख का वरिष्ठ प्रोफेसरों, संकाय सदस्यों को काफी लाभ मिला है। लंबे समय से प्रोन्नति की मांग रहे 40 फीसदी संकाय सदस्यों को उच्च प्रशासनिक ग्रेड स्केल (स्तर-15) देने को मंजूरी दे दी गई है। साथ ही शासी निकाय ने विभिन्न ब्रॉड स्पेशियलिटी और सुपर स्पेशियलिटी विभागों में 368 संकाय पदों को विभिन्न जिम्मेदारी देने की मंजूरी मिली है, जिससे अधिक संकाय सदस्यों की भर्ती की सुविधा होगी और मरीजों की देखभाल, अनुसंधान कार्य में मदद मिलेगी। पीजीआई में मरीजों, तीमारदारों के साथ कर्मचारियों की गाड़ियों की पार्किंग की सुविधा बेहतर बनेगी। इसके लिए बैठक में चार मंजिला पार्किंग बनाने की अनुमति मिल गई है। चार मंजिला पार्किंग में बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर भी रहेगा। अभी अधिक गाड़ियों की चोरी समस्या से भी कर्मचारी और तीमारदार बेहाल रहे हैं। पीजीआई परिसर में पार्किंग की समस्या का समाधान भी होगा।

## नीट पीजी परीक्षा को एक ही पाली में कराने की मांग

स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) रेजिडेंट डॉक्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि नीट पीजी 2025 की परीक्षा एक ही पाली में कराई जायें। एसोशिएशन का मानना है कि एक पाली में परीक्षा अधिक पारदर्शी रहेगी। केजीएमयू रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के डॉ. दिव्यांश सिंह ने कहा कि वर्ष 2017 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने नीट परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता और एकरूपता के लिए में कई-पाली पैटर्न को बंद कर दिया था। इसका मकसद सभी परीक्षार्थियों को एक ही प्रश्नपत्र देना था। इससे किसी के साथ भेदभाव नहीं होता है। इसके विपरीत कई पालियों में परीक्षा से अन्य प्रकार की कठिनाई भी होती हैं। विषयवार प्रश्न वितरण में भिन्नता आती है। पिछले वर्षों में शिफ्टों के बीच प्रश्नों के प्रकार और कठिनाई में भिन्नता देखी गई है। इसलिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को पत्र के माध्यम से परीक्षा एक ही पाली में आयोजित कराने की मांग की गई है।

# गन्ना समितियों को उपलब्ध कराएं ड्रोन : लक्ष्मी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने मंगलवार को चीनी उद्योग की स्थाई समिति की बैठक में कहा कि सभी सहकारी गन्ना समितियों में कीटनाशक दवाओं और यूरिया के छिड़काव के लिए एक-एक ड्रोन उपलब्ध कराये। साथ ही चीनी मिलों को निर्देशित किया जाय कि वे बीमारी और शादी की स्थिति में किसानों को तत्काल गन्ना मूल्य का भुगतान करें। विधान भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में गन्ना मंत्री ने कहा कि सभी चीनी मिलें किसानों का गन्ना खरीदें। लोक निर्माण विभाग से बनाई जा रही गन्ना विभाग की सड़कों की सूची उपलब्ध करायें तथा प्रेसमड से कंप्रेस्ड बायोगैस के प्लांट लगाने के लिए कार्यवाही की जाये। चीनी मिलों में घटतौली को समाप्त किया जा रहा है। सघन चेकिंग अभियान चलाकर चीनी मिलों पर 74 लाख रुपये की घटतौली का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है और अब तक 30 लाख रुपये की वसूली भी की जा चुकी है।

गन्ना मूल्य भुगतान पर चर्चा करते हुए कहा कि अब तक 27745.30 करोड़ रुपये अर्थात 82.24 प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। शोध परिषद शाहजहांपुर में स्थित टिशू कल्चर लैब की वर्तमान क्षमता 30 हजार पौध प्रतिवर्ष को बढ़ाकर 03 लाख पौध प्रतिवर्ष विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों के हित में गन्ना पर्ची निर्गमन की व्यवस्था को ऑनलाइन कर पारदर्शी बनाया गया है।

समयबद्ध गन्ना पर्ची निर्गमन के लिए स्मार्ट गन्ना किसान पोर्टल संचालित है, जिससे किसानों को काफी सुविधा मिल रही है। चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति, पर्ची निर्गमन, गन्ना तौल, गन्ना मूल्य भुगतान, सट्टा प्रदर्शन तथा विभागीय संस्थाओं एवं मानव संसाधन संबंधी समस्त कार्यों के निस्पादन हेतु किया जा रहा है।

इस अवसर पर विधायक माधवेन्द्र सिंह, उतरौला बलरामपुर के विधायक राम प्रताप वर्मा, लक्ष्मी राज सिंह, बावन सिंह, अशोक कुमार राणा, राकेश कुमार यादव, राजपाल सिंह बालियान तथा रमेश चन्द्र मिश्र सहित प्रमुख सचिव वीना कुमारी एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### वृद्धजनों को फल, भोजन बांटा



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। सनातन गोरखा कल्याण समिति का एक वर्ष पूरा होने पर मंगलवार को संस्था के लोगों ने छावनी स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच केक काट कर एक दूसरे को बधाई दी। साथ ही वहां मौजूद वृद्धजनों को फल, पानी और भोजन बांटा। इस मौके पर समाजसेवी विमल सिंह राणा, संस्था के प्रदेश अध्यक्ष गौरव सिंह, प्रदेश महासचिव शानू मल्ल, जिला अध्यक्ष राजेश कुमार, जिला सचिव सुमन जायसवाल, चांदनी कपूर, प्रीती राय, दीपक कुमार, अंजुल चौधरी, बीएम पांडेय, नारायणी श्रीवास्तव, बीना कपूर आदि मौजूद रहे।

### सितम्बर में आयोजित होगा प्रान्तीय आर्य महासम्मेलन

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में सेक्टर- क्यू, अलीगंज स्थित आर्य समाज मन्दिर में आयोजित संगोष्ठी में डा निष्ठा विद्यालंकार जिला सभा प्रधान ने बताया कि आगामी सितम्बर 2025 में प्रान्तीय आर्य महासम्मेलन अत्यन्त भव्यता के साथ लखनऊ में आयोजित किया जायेगा। उक्त अवसर पर रण सिंह, सुमन पाण्डेय, अग्निव्रत शास्त्री,प्रेम शंकर मौर्य, ओजोव्रत ने भाग लिया।

### नगर निगम द्वारा अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा। अपर नगर आयुक्त के द्वारा गठित टीम के नायब तहसीलदार नीरज कटिहार के नेतृत्व में ग्राम लौलाई तहसील सदर मे सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने को लेकर बड़ी कार्यवाही की गई। जेसीबी के माध्यम से खसरा संख्या 157 क्षेत्रफल 0.961 हेक्टर व ग्राम गोयला तहसील बी,के,टी, खसरा संख्या 409 नगर निगम में निहित खलिहान खाते की भूमि दर्ज है ,जिसमें प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा प्लाटिंग कर अस्थाई अवैध कब्जा करके अच्छे रेटों में बेच रहे थे। नगर निगम द्वारा जमीन को मुक्त कराई गई नगर निगम के नायब तहसीलदार नीरज कटिहार ने कहा खसरा संख्या 157 क्षेत्रफल 0,961 का अवशेष अतिक्रमण के विरुद्ध तहसील को पैमाइश हेतु पत्र प्रेषित किया गया। रिपोर्ट प्राप्त होते ही अतिक्रमण पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भी कार्यवाही की जाएगी और आज लगभग पांच करोड रुपए की सरकारी जमीन को अवैध कबजेदारों से मुक्त कराई गई।

### स्व. सुधा चौधरी की मनायी प्रथम पुण्यतिथि

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। स्व सुधा चौधरी की प्रथम पुण्य तिथि आयोजित की गयी। अर्न्तराष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता डा निष्ठा विद्यालंकार ने विद्वतापूर्ण ढंग से यज्ञ सम्पन्न कराया तथा यज्ञीय प्रक्रियाओं पर भी प्रकाश डाला। ज्ञातव्य हो कि स्व सुधा चौधरी आर्य समाज गोमती नगर की फाण्उण्डर मेम्बर थीं एवं 12 वर्ष मुंगेर महाविद्यालय में हिन्दी की प्रोफेसर रहीं तथा 25 वर्षो तक आर्य कन्या डिग्री कालेज,हरदोई में प्राचार्य पद को सुशोभित किया था। कार्यक्रम में कृष्ण स्वरूप चौधरी, अभय, आदित्य, साधना, आराधना, डा वंदना, अर्चना, किशोर आदि ने भाग लिया।

### बच्चों को योग के प्रति संकल्प दिलाया



स्वतंत्र भारत पारा। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मे लोकबंधु नर्सिंग ऑफिसर योगाचार्य पं नवीन विशिष्ट अतिथि के रूप मे पहुंचकर बच्चों को सम्बोधित किया। आर डी मेमोरीयल पब्लिक स्कूल में रंगारंग प्रस्तुति करने वाले बच्चो को उपहार दिया। योगाचार्य पं नवीन ने योग प्रस्तुति देकर सभी विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग करने का संकल्प भी दिलाया। योगाचार्य पं नवीन ने देशभक्ति गीत और अपनी ओजस्वी वाणी से सबका ह्रदय जीत लिया। इस मौके पर पूर्व सांसद मोहनलालगंज रीना चौधरी स्कूल की प्रबंधक राजरानी वर्मा प्रधानाचार्य प्रियांशु सोनकर, शिक्षक अमन तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### महिला आयोग की अध्यक्ष ने लोहिया अस्पताल का किया निरीक्षण

स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉक्टर बबीता सिंह ने लाहिया अस्पताल में मातृ एवं शिशु रेफरल चिकित्सालय निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में चिकित्सीय सुविधाओं का जायजा लिया। टीकाकरण, विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किए जाने, चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सलय में उपलब्ध संसाधन, साफ-सफाई आदि का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने गायनी ओपीडी, एसएनसीयू वार्ड, लेबर रूम, ओटी, आईसीयू, सीएसएस विभाग, ब्लड विभाग व मरीजों को दिये जाने वाली दवाईयां एवं अन्य सुविधाओं को देखा। साथ ही समस्त वार्डों में भर्ती महिलाओं, शिशुओं का कुशल क्षेम भी जाना। चिकित्सालय के प्रमुख वार्डों किचन, स्नानागार एवं शौचालय की सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गयी। निदेशक, सीएम सिंह व प्रभारी श्रीकेश सिंह ने बताया कि अस्पताल में 105 महिलायें भर्ती हैं जिसमें 30 महिलायें गर्भवती हैं। चिकित्सालय में पर्याप्त शौचालय, स्नानागृह एवं एम्बुलेन्स की सुविधा 24 घण्टों के लिए उपलब्ध है। किचन में उपस्थित रसोईयों से बनाये जा रहे भोजन के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं साफ-सफाई को देखा गया, जिसमें समस्त व्यवस्थायें संतोषजनक पायी गयी।

# विधान सभा चुनाव फतह के लिए सपा ने शुरू की तैयारी

स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ। आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर सपा प्रमुख ने पदाधिकारियों के साथ

**पदाधिकारियों के साथ बैठक कर बनाई रणनीति**

बैठक की। बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को चुनाव फतह का गुरुमंत्र भी दिया और रणनीति भी बनाई। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सत्ता के मद में चूर है। भाजपा और आरएसएस का षड़यंत्रकारी एजेंडा समाज में नफरत फैलाकर चुनाव जीतना है। भाजपा-आरएसएस के एजेंडा को ध्वस्त करने की मुख्य जिम्मेदारी समाजवादी पार्टी के युवा नेताओं और कार्यकर्ताओं की होगी। सपा मुख्यालय में आयोजित बैठक में अखिलेश यादव ने कहा कि षड़यंत्रकारी भाजपा की रणनीति और उसके अवैध कार्यों पर पैनी नजर रखते हुए समाजवादी पार्टी के युवाओं को पूरी ताकत से मुकाबला करना है। समाजवादी पार्टी के युवा नेता और कार्यकर्ता अभी से अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में पूरी ताकत से जुटकर भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए बूथस्तर तक लोगों को जोड़ने का काम करें। यादव ने इस बात पर जोर दिया कि प्रदेश में शिक्षा का राजनीतिकरण किया जा रहा है। निजीकरण से शिक्षा महंगी होती जा रही है। फीस की वृद्धि से गरीब छात्र पढ़ नहीं पा रहे हैं। योग्यता के अनुसार नौकरी नहीं मिल रही है। भाजपा ने युवाओं को डिलीवरी ब्वॉय बना दिया है। बेरोजगारी बेलगाम है। आउटसोर्स के जरिए नौकरी के अवसर छीने जा रहे हैं। 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण नहीं दिया गया। शिक्षामित्र आत्महत्या कर रहे हैं। भाजपा-आरएसएस समाज में नफरत फैलाकर युवाओं को गुमराह कर रही है जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। समाजवादी पार्टी के युवा नेताओं और कार्यकर्ताओं की बड़ी जिम्मेदारी हैं कि वह आपसी भाईचारा बनाकर समाज में फैली नफरत को मिटायें। बैठक में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद संजय लाठर सहित समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद तथा प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरि भी मौजूद रहे।

## भाजपा छीनने वाली पार्टी, अब जमीनों पर नजर : अखिलेश

स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार,

**सपा मुखिया ने भाजपा पर साधा निशाना**

अन्याय, अत्याचार और अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए वक्फ कानून लेकर आयी है। इस कानून के जरिए भाजपा सरकार जमीन छीनना चाहती है। भाजपा छीनने वाली पार्टी है। सपा मुख्यालय में पत्रकारों से रूबरू अखिलेश ने कहा कि नोटबंदी कर भाजपा ने लोगों का पैसा छीना। पिछड़ों, दलितों से नौकरी में आरक्षण छीना। एंग्लो इंडियन से लोकसभा और विधानसभाओं की आरक्षित सीटें छीन ली। वोटर लिस्ट से वोट डिलीट कर वोट का अधिकार छीनना चाहती है। भाजपा की नजर अब जमीनों पर है। यह भूमाफिया पार्टी है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी वक्फ कानून के खिलाफ है। विरोध में वोट दिया था।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोक पाने में विफल है। महंगाई आसमान पर पहुंच गयी है। सोने की महंगाई ने रिकार्ड तोड़ दिया है। आज गरीब आदमी अपनी बेटी की शादी में सोने का कोई सामान नहीं दे पाएगा। भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में एक भी यूनिट बिजली उत्पादन नहीं बढ़ाया लेकिन बिजली महंगी कर दी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और प्रोफेशनल कोर्सेज में एक साजिश के तहत लगातार फीस बढ़ाती जा रही है, जिससे गांव गरीब के नौजवान शिक्षा ग्रहण न कर पाए। शिक्षा महंगी हो रही है और निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। भाजपा सरकार में सब कुछ तेजी से निजीकरण किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने मुद्रा योजना के नाम पर झूठ के खातों में 33 लाख करोड रुपए भेजें। मुद्रा योजना के तहत अगर 52 करो? खातों में 33 लाख करोड रुपए भेजे गए हैं तो बेरोजगारी खत्म हो जानी चाहिए थी लेकिन बेरोजगारी चरम पर है। नौजवानों के पास रोजगार और नौकरी नहीं है।

## विभूतियों को किया सम्मानित



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। सीएमएस गोमतीनगर विस्तार में सीएम योगी गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 5.0 के कार्यकर्ता सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने समारोह के मुख्य अतिथि आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसवाले के साथ भगवान धनवंतरी, भारत माता, गुरु गोरखनाथ और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े कई विभूतियों को सम्मानित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पीओसीटी के चेयरमैन सौरभ गर्ग सम्मानित हुए। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि संघ के लोग आपदा के वक्त सबसे आगे रहते हैं। केवल पैसे कमाने वाले चिकित्सक न बनें। होसबाले ने कहा कि सुदूर क्षेत्रों में जाकर जिन चिकित्सकों सेवा कार्य किया है उनके प्रति समाज को कृतज्ञ रहना चाहिए।

## नि:शुल्क जाच शिविर का आयोजन

स्वतंत्र भारत सरोजनी नगर। बिजनौर स्थित सीआरपीएफ कैंपस में कल्याण महानिदेशालय कंरिपुबल के निर्देशानुसार क्षेत्रीय कावा 91 बटालियन दुत कार्य बल लखनऊ द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और नशा मुक्ति संबंधी दिशा-निर्देश एवं धूम्रपान से बचाव व सचेत करने के उद्देश्य से मंगलवार को 91 दुत कार्य बल में एचआईआईएमएस अस्पताल लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य जागरूकता सत्र एवं नि:शुल्क जाँच आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय कावा अध्यक्षा निरुपमा ओझा द्वारा किया गया।

## सीएमएस के चार छात्र बने आईएएस




स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के चार छात्रों अमन तिवारी (रैंक 74), प्रशान्त सिंह (रैंक 102), रजत सिंह (रैंक 132) एवं अनुश्री सचान (रैंक 220) ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) में चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है। इन चारों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के अलावा सीएमएस के शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रों की सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

## योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शी तरीके से पहुँचाया जाए : कश्यप

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शी, तरीके से पहुँचाया जाए। योजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी ताकि राज्य सरकार द्वारा आवंटित बजट का शत-प्रतिशत उपयोग किया जा सके। दिव्यांगजन मंत्री ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभागों में रिक्त पदों पर समय से भर्तियां पूरी करने पर जोर दिया। कोई भी पात्र छात्र इस योजना से वंचित न रहे, इसके लिए प्रचार-प्रसार अभियान चलाए। उन्होंने छात्रवृत्ति वितरण प्रक्रिया को पूर्णतया समयबद्ध एवं पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। युवाओं को पारंपरिक कंप्यूटर प्रशिक्षण के साथ-साथ एआई , ड्रोन तकनीक, साइबर सुरक्षा जैसे आधुनिक, रोजगारोन्मुख कोर्सों में भी प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जो कार्य पूर्ण होकर हैंडओवर की स्थिति में हैं, उनकी त्वरित कार्यवाही कर संचालन प्रारंभ कराया जाए। सभी पात्र दिव्यांगजनों को 100 प्रतिशत पेंशन का लाभ दिलाया जाए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि विश्वविद्यालय में 27 अप्रैल से 17 मई तक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी तथा 30 मई तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। वर्तमान में विश्वविद्यालय में कुल 1623 दिव्यांग छात्र अध्ययनरत हैं।

## बीएचयू पर आरएसएस हावी : अजय

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आज काशी हिंदू विश्वविद्यालय पहुंचकर पी.एच.डी. में एडमिशन को लेकर धरने पर बैठी छात्रा अर्चिता सिंह से मिलकर उनकी समस्या को सुना। जिस दौरान पता चला कि एक तरफ काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में पी0एच0डी0क के लिए मेरिट मे आने के बावजूद भी दालिखे से रोककर मेरिट की हत्या की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ आर0एस0एस0 के छात्र संगठन ए0बी0वी0पी0 इकाई के मंत्री की रैंक कम होने के वावजूद भी जबरदस्ती दाखिला देने का प्रयास किया जा रहा है। अजय राय ने कहा कि मालवीय ने भिक्षा मांगकर काफी तपस्या से इस विश्वविद्यालय का निर्माण किया था। जिसे आज सत्ता मे बैठे भाजपा के लोग बर्बाद कर रहे हैं। सत्ता मे बैठे लोग एक तरफ नारा देते हैं वहीं दूसरी तरफ उन्हीं के लोगों के इशारों पर बेटियों के साथ अन्याय किया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने जब तक यह संविधान हैं, आपके हकों पर कोई हमला नहीं कर सकता। **परमात्मा ने थामा हाथ** –कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधार्रा से प्रेरित होकर आज यहां प्रदेश कार्यालय पर महाराजगंज से निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव रहे धर्मात्मा निषाद के भाई परमात्मा निषाद ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अजय राय ने परमात्मा निषाद एवं उनके समर्थकों को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## 'केस स्टडी लिपिबद्ध करना' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान ने ÷केस स्टडी लिपिबद्ध करना÷ विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस दो दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को सम्मोहक और व्यावहारिक केस स्टडी लिखने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना है। विषय चयन से लेकर अंतिम संशोधन तक संपूर्ण केस लेखन प्रक्रिया को कवर करने वाले एक संरचनात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से, चुनौतियों का विश्लेषण करने वाले केस कैसे विकसित करें, निर्णय लेने की प्रक्रियाओं का पता लगाएं और उपयोगी बनाये। इस कार्यशाला का संचालन रीता राज, वरिष्ठ प्रोफेसर, आईआरआईटीएम, लखनऊ द्वारा किया गया।

कार्यशाला में संस्थान के संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला से संस्थान के संकाय सदस्यों, स्टाफ एवं संस्थान में प्रशिक्षण हेतु आने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों से लाभ्वानित होंगे।

# ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में उत्तर प्रदेश के बिजली निजीकरण के फैसले का विरोध

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। विजयवाड़ा में ऊर्जा मंत्रियों की बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के बिजली निजीकरण के फैसले का विरोध हुआ। आंध्र प्रदेश के बिजली इंजीनियरों ने उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से इस मुद्दे पर जवाब मांगा, लेकिन मंत्री ने कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। इस मीटिंग में केंद्रीय विद्युत राज्य मंत्री श्रीपद यशो नायक की अध्यक्षता में छह राज्यों आंध्र प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री मौजूद थे। उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार निजी घरानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बिजली का टैरिफबढ़ाने की तैयारी कर रही है। समिति का कहना है कि पांच वर्षो बाद टैरिफ में की जा रही वृद्धि महज संयोग नहीं, बल्कि निजीकरण को बढ़ावा देने की साजिश है। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि निजीकरण नहीं रोका गया तो आम उपभोक्ताओं को 17 से 18 रुपये प्रति यूनिट तक बिजली बिल भरने के लिए तैयार रहना होगा, जैसा कि मुंबई और कोलकाता जैसे शहरों में हो रहा है। संघर्ष समिति ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। समिति का आरोप है कि जब इस कंसलटेंट के दस्तावेज फर्जी पाए गए हैं, तब भी पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष और अन्य अधिकारी निजीकरण की फाइलें आगे बढ़ा रहे हैं और कंपनी की नियुक्ति रद्द नहीं कर रहे हैं। इसी कंसलटेंट से पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण का टेंडर तैयार कराया गया है, जिसे समिति ने पूरी तरह अवैध करार दिया है। संघर्ष समिति ने बताया कि आज प्रदेशभर में निजीकरण के खिलाफविरोध प्रदर्शन हुए। मुजफ्फरनगर में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार और राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल को, लालगंज में सांसद दरोगा प्रसाद सरोज को, फर्रुखाबाद में विधायक सुशील कुमार शाक्य, खलीलाबाद में विधायक अंकुर राज तिवारी और गणेश चौहान को ज्ञापन सौंपे गए। साथ ही कई विधायकों, ग्राम प्रधानों और पंचायत प्रतिनिधियों को भी ज्ञापन देकर निजीकरण का विरोध जताया गया। समिति ने संविदा कर्मियों की 45 प्रतिशत छंटनी पर भी तीखा विरोध जताते हुए इस आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग की है। समिति का कहना है कि यह छंटनी भी निजीकरण की पूर्व तैयारी का हिस्सा है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों और परियोजनाओं में विरोध प्रदर्शन जारी हैं और आम उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है कि यदि निजीकरण नहीं रुका तो इसका खामियाजा सीधे जनता को उठाना पड़ेगा।

## उत्कृष्ट ग्रामोद्योग इकाइयों का होगा सम्मान

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, द्वारा चलाई जा रही पुरस्कार योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना से बीते 3 वर्षो में बेहतर प्रदर्शन करने वाली ग्रामोद्योग इकाइयों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्हीं इकाइयों का किया जाएगा जिन्होंने उत्पादन में निरंतर वृद्धि की हो, बिक्री के आंकड़े अच्छे रहे हों, ऋण का नियमित भुगतान किया हो और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित किए हों। बोर्ड द्वारा चयनित लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा। इच्छुक लाभार्थी अपना आवेदन-पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, में 30 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं। इन आवेदनों की जाँच जिला स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा की जाएगी। चयनित इकाइयों की सूची मंडल स्तर पर अग्रसारित कर लखनऊ मण्डल के ग्रामोद्योग कार्यालय को भेजी जाएगी, जिन्हें पुरस्कार दिया जायेगा।

## नारी सशक्तिकरण के लिए सम्मान समारोह




स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। मां भारती नारी योग शिक्षा संस्थान के माध्यम से मिस योग उत्तर प्रदेश प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें प्रदेश भर से अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया और योग के विभिन्न आयामों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयनित विजेता को मिस योग उत्तर प्रदेश की उपाधि से सम्मानित किया गया। योग शिक्षकों को बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया। संस्था प्रमुख अर्चना पटेल एवं सीता शक्ति गौर निदेशक ने बताया कि योग केवल शरीर की स्वस्थता नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक सशक्तिकरण का भी माध्यम है। मिस उत्तर प्रदेश प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग की मिस योग उत्तर प्रदेश चुनी गई जिन में 25 से लेकर 35 की आयु वर्ग में ललिता अधिकारी को मिस उत्तर प्रदेश का ताज पहनाया गया। 35 से 45 की आयु वर्ग में शैली शर्मा को मिसेज योग उत्तर प्रदेश का ताज पहनाया गया । और 45 से ऊपर की आयु वर्ग में पूजा नौटियाल को मैसेज योग उत्तर प्रदेश का ताज पहनाया गया। अन्य क्रांतिकारी के अवार्ड भी रखे गए जिसमें क्षमा त्रिपाठी को सबसे ज्यादा समर्पित योगिनी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉक्टर राम महेश मिश्रा अध्यक्ष भाग्योदय फाउंडेशन, डॉ शिवम् मिश्रा महासचिव योग खेल फाउंडेशन, पुष्कर मिश्रा फाउंड अपलोम हेल्थ केयर विश्वास त्यागी वियतनाम से उपस्थित रहे।






# सीने में धंसा चाकू निकाल बचाई युवक की जान

## केजीएमयू में डॉक्टरों ने रचा कीर्तिमान, दूरबीन विधि से हुआ आपरेशन

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** केजीएमयू के डॉक्टरों ने मंगलवार को एक और कीर्तिमान बनाया। एक युवक के सीने में धंसे पांच इंच के चाकू को दूरबीन विधि से बाहर निकाल कर मरीज को जीवनदान दिया। चाकू फेफड़े को चीरता हुआ सीने में फंसा हुआ था। चाकू को बेहद सावधानी से निकालने की जरूरत थी। जरा सी चूक में मरीज की जान जा सकती थी।

डॉ. समीर मिश्र ने बताया कि गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज से एक युवक को गंभीर अवस्था में रेफर किया गया था। 11 अप्रैल को गोरखपुर निवासी छोटू आपसी विवाद में घायल हो गया था। उसके पेट और सीने में चाकू के कई वार किए गए थे। युवक को गंभीर अवस्था में गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने तुरंत पेट के हिस्से का ऑपरेशन किया था। उसके सीने में चाकू लगा था। ऑपरेशन के अगले दिन जब एक्सरे हुआ तो सीने







में पांच इंच लंबा टूटा चाकू का टुकड़ा नजर आया। हमले में चाकू का आगे का हिस्सा सीने में ही टूट गया था। चाकू फेफड़े को चीरता हुआ सीने में फंसा हुआ था।

बीआरडी के डॉक्टरों ने मरीज को केजीएमयू रेफर कर दिया। 17 अप्रैल को परिवारीजन युवक को लेकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। ट्रॉमा सर्जरी विभाग के डॉ. समीर मिश्र की टीम के सदस्य डॉ. रमवित द्विवेदी और डॉ. ताहिर ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए तुरंत स्कैन कराया। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने कॉर्डियोलॉजी, थोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी विभाग के विशेषज्ञों के साथ मिलकर इलाज का खाका तैयार किया। डॉक्टरों ने ओपन के बजाय दूरबीन विधि से सर्जरी करने का फैसला किया।

डॉ. समीर मिश्र ने बताया कि एक्सरे देखने पर पता चला कि चाकू दिल के चैंबर के बीच पहुंच कर पहली परत को पंचर कर चुका है। चाकू को बेहद सावधानी से निकालने की जरूरत थी। इसके मद्देनजर डॉक्टरों ने दूरबीन विधि का इस्तेमाल किया। ऐसा करने से घाव छोटा और रक्तस्राव भी कम हुआ। संक्रमण की आशंका भी 60 से 70 प्रतिशत तक कम हो गई। ऑपरेशन के बाद मरीज ठीक है।

### आपरेशन टीम में यह डॉक्टर रहे शामिल

ट्रॉमा सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. संदीप तिवारी, डॉ. समीर मिश्र, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. रमवित द्विवेदी, डॉ. विशाल गम्मे, डॉ. अमन सिंह, डॉ. मो. ताहिर, डॉ. एकता सिंह, डॉ. अर्चना, डॉ. अंकित, डॉ. समर, एनस्थीसिया विभाग के डॉ. प्रेमराज सिंह डॉ. ज्योति और डॉ. कार्तिक ए राजा टीम में शामिल रहे।

# ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में यूपी बनेगा रोल मॉडल

## आठ सालों में दस गुना बढ़ी सोलर एनर्जी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** ग्लोबल वार्मिंग से मौसम में आ रहे बदलाव देश और दुनिया के लिए चिंता का विषय है। बढ़ती गर्मी, हिट वेव्स की बढ़ती संख्या, बेमौसम बारिश, कुछ घंटे में ही जरूरत से ज्यादा बारिश, बारिश के सीजन में सूखा पड़ रहा है। आकाशीय बिजली अधिक गिरना बदलाव के लक्षण हैं। इससे निपटने के लिए जहां तक संभव हो पौध रोपण के जरिए ग्रीनरी को बढ़ाना और इको फ्रेंडली ग्रीन एनर्जी को प्रोत्साहन देना।

सरकार की मंशा पर्यावरण के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण इन दोनों क्षेत्रों में उत्तर भारत को देश का रोल निभा बनाना है। काफी हद तक उनकी सरकार इस प्रयास में सफल भी रही है। हाल में ही केंद्रीय उपभोक्ता एवं खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी लखनऊ के एक कार्यक्रम में कहा था कि उत्तर प्रदेश ऊर्जा की बढ़ती मांग के अनुरूप एक रोल मॉडल बन रहा है। सरकार द्वारा अयोध्या और वाराणसी में सौर ऊर्जा क्षेत्र में एतिहासिक कार्य हुए हैं। सरकार ने 2027 तक 22 हजार मेगावाट सौर्य ऊर्जा क्षेत्र में बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसके लिए झांसी,ललितपुर, कानपुर नगर,कानपुर देहात,चित्रकूट और जालौन में सोलर पार्क बनाए जा रहे हैं। 2017 में उत्तर प्रदेश में सिर्फ 288 मेगावाट बिजली ही सोलर परियोजनाओं के जरिए पैदा होती थी। वर्तमान में 10 गुना बिजली सोलर परियोजनाओं से पैदा कर रही है। इस क्षमता को लगातार बढ़ाने का प्रयास भी जारी है। इसके लिए सभी नगर निगमों में सोलर पार्क बनेंगे। सरकार अयोध्या को सूर्यवंशी भगवान श्रीराम की याद में सोलर सिटी के रूप में विकसित कर रही है। बाकी सभी 16 नगर निगमों एवं नोएडा को भी चरणबद्ध तरीके से सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। साथ ही बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को सोलर एक्सप्रेस वे के रूप में विकसित करेगी। ऐसा होने पर यह देश का पहला सोलर एक्सप्रेस वे बन जाएगा। सोलर एनर्जी को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार रूफ टॉप परियोजना को भी लगातार बढ़ावा दे रही है। इस वित्तीय वर्ष में 2.65 लाख रूफ टॉप सोलर पैनल लगाए जाने हैं। अब 5000 वर्गमीटर के नक्शे के लिए रूफ टॉप अनिवार्य होगा। विभाग इसकी मॉनिटरिंग भी करेगा। अगर ऐसे किसी मकान पर सोलर पैनल नहीं है तो उसका नक्शा निरस्त कर दिया जाएगा। स्वाभाविक है कि रूफटॉप सोलर पैनल्स की बढ़ती संख्या के अनुसार बिजली उत्पादन भी बढ़ेगा। इसी के मद्देनजर सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का लक्ष्य बढ़ाकर आठ लाख सोलर रूफ टॉप का कर दिया है।

हरियाली बढ़ाने के लिए आठ साल में 214 करोड़ पौधों का पौधरोपण किया है। भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट-2023 के अनुसार, छत्तीसगढ़ के बाद उत्तर प्रदेश दूसरा ऐसा राज्य बना है, जहां पर वनों के स्थिति में सुधार हुआ है। यूपी का वन क्षेत्र 559.19 वर्ग किमी बढ़ा है।

# वक्फ सुधार पर भ्रम फैला रहा विपक्ष : केशव



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भाजपा की वक्फ सुधार जन-जागरण अभियान के तहत अवध क्षेत्र की कार्यशाला में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस कानून को लेकर देश में समर्थन व विरोध में बहस चल रही है। कांग्रेस, सपा सहित तमाम वह दल जो तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति करते हैं वह इसके विरोध में देश में भ्रम फैलाने के साथ ही मुस्लिम विरोधी के रूप में प्रचारित कर रहे है। भाजपा मुख्यालय पर आयोजित कार्यशाला में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह अधिनियम देश के 90 फीसदी मुसलमानों के जीवन को खुशहाली लायेगा। मुसलमान बेरोजगारी के संकट से बाहर निकलेगें। उनके शैक्षिक स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि वक्फ सुधार से गरीबों का हक सिर्फ गरीबों को मिलेगा, यह सत्य लेकर हमें मुसलमानों के बीच पहुंचना है। भाजपा मुसलमानों के बीच में जाने की योजना बना रही हैं और यह सुनकर ही विपक्ष में खलबली मची हुई है। विपक्षी दल पहले हिन्दु और मुसलमान को आपस में बांटते हैं और फिर हिन्दुओं को जातियों में बांटने का काम करते है। जबकि कांग्रेस व सपा ना तो मुसलमान के हितैषी है, ना अगडों, ना पिछड़ों और ना ही दलितों की हितैषी है। यह सिर्फ अपने और अपने परिवार की उन्नति के लिए राजनीति करने वाले दल है। लेकिन प्रदेश में 2027 में 300 के पार, भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने वाली है। 2027 में सपा समाप्तवादी पार्टी बनाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि हमें मुसलमानों के बीच विपक्षी दलों द्वारा फैलाए गए भ्रम को दूर करना है और वक्फ सुधार से मुसलमानों के आर्थिक, शैक्षिक व सामाजिक सुधार के रोड मैप को उनके सामने रखना है। इस अवसर पर पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने प्रशिक्षण दिया। साथ ही प्रदेश महामंत्री संजय राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कुंवर वासित अली तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष नईम खान, क्षेत्र के जिलाध्यक्ष, विधायक भी शामिल रहे।

### भाजपा मुख्यालय पर अवध क्षेत्र की कार्यशाला

# सत्ता में अखिलेश करते थे दलितों का अपमान : असीम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाज कल्याण मंत्री और पूर्व आईपीएस अधिकारी असीम अरुण ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर बांटने वाली राजनीति का प्रतीक बताया। अखिलेश यादव ने सत्ता रहते दलितों का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसी राजनीति की वजह से ही जनता ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया और वे आज राजनीतिक हाशिए पर पहुंच गए हैं। सपा के ज्यादातर लोगों को निर्देश दिए गए हैं कि दूध में नींबू डालने का काम करो, यानी समाज को बांटो और जहर घोलो। लेकिन अब उत्तर प्रदेश की जनता जागरूक है। सीएम का स्पष्ट संदेश है कि 'बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो सेफ रहोगे। असीम अरुण ने कहा कि सपा का दलित प्रेम सत्ता से बाहर होने के बाद ही जागा है। जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने दलित महापुरुषों के नाम पर बने जिलों और संस्थानों के नाम बदल दिए। भीम नगर, महामाया नगर, ज्योतिबा फुले, संत रविदास, यहां तक कि भगवान बुद्ध की माता महामाया जी के नाम पर कलम चला दी। पूर्व आईपीएस अधिकारी होने के नाते असीम अरुण ने पुलिस पोस्टिंग को लेकर भी बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि सपा शासन में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के अधिकारियों को नियम के बावजूद थानों और तहसीलों में पोस्टिंग नहीं दी जाती थी। आज पोस्टिंग काबिलियत के आधार पर हो रही है। जो निकम्मे हैं उन पर कार्रवाई हो रही है, और जो मेहनती हैं उन्हें प्रशिक्षण और संसाधन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में छात्रवृत्ति वितरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुआ है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष राज्य सरकार ने 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति वितरित की, जिससे कुल 56 लाख विद्यार्थियों को लाभ हुआ है। 2017 में जब अखिलेश यादव को लगा कि उनकी सरकार जा रही है, तो उन्होंने उसी साल बच्चों की छात्रवृत्ति रोक दी थी। कानपुर मेट्रो के उद्घाटन को लेकर मंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव को भ्रम है कि हर परियोजना उनकी ही शुरू की हुई है। सच यह है कि योगी सरकार ने वित्तीय संसाधनों को पारदर्शी तरीके से बढ़ाया है। जीएसटी कलेक्शन हो या माइनिंग, सब पारदर्शिता से हो रहा है। आज जनता ईमानदारी से टैक्स दे रही है, और मेट्रो जैसे विकास कार्य उसी से संभव हो पा रहे हैं। 2017 और 2022 में जनता ने भाजपा को ऐतिहासिक जनादेश दिया और आगामी चुनावों में भी इसी तरह समर्थन मिलेगा। क्योंकि आज प्रदेश में कानून का राज है, हर घर तक पानी पहुंच रहा है, सरकारी स्कूलों की स्थिति बेहतर हुई है।

# आतंकी हमला कायरतापूर्ण, अक्षम्य और घोर निंदनीय : योगी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने मंगलवार को एक्स पर लिखा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला कायरतापूर्ण, अक्षम्य और घोर निंदनीय है। जिन लोगों ने इस दुःखद घटना में अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्माओं को सद्गति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

# अभ्युदय ने रचा इतिहास, 13 छात्रों को मिली कामयाबी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना ने एक बार फिर अपने प्रभावशाली परिणामों से सबका ध्यान खींचा है। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में इस योजना से पढ़ाई करने वाले 13 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया है।

यह योजना छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और कोचिंग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सशक्त कर रही है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अभ्युदय कोचिंग के सेंटर्स में पढ़ाई कर कामयाबी हासिल की। प्रदेश के सभी जिलों में अभ्युदय कोचिंग के 166 सेंटर्स संचालित हैं। अभ्युदय कोचिंग योजना' न सिर्फ एक शैक्षणिक मंच है, बल्कि यह प्रदेश के युवाओं के सपनों को पंख देने वाली क्रांतिकारी पहल बन चुकी है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से बताया कि अभ्युदय योजना के कोचिंग सेंटर्स में 280 अभ्यर्थी पीसीएस मेंस की परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। आगे इस कोचिंग में सुविधाओं और व्यवस्थाओं का विस्तार किया जाएगा। निदेशक कुमार प्रशांत ने योजना की सफलता पर खुशी जाहिर की है। प्रदेश के दूर-दराज़ और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के प्रतिभाशाली युवाओं को भी वही अवसर मिले जो बड़े शहरों में उपलब्ध होते हैं।

### मुख्यमंत्री ने दी सफल अभ्यर्थियों को बधाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा-2024 में सफल अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली प्रदेश की बेटी शक्ति दुबे को बहुत-बहुत बधाई। कहा कि विश्वास है कि आप सभी के संकल्प, एवं अटूट सेवा भावना के साथ अपने कर्तव्यों से विकसित भारत के निर्माण में सहायक होंगे।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद यूपी में हाई अलर्ट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश की सुरक्षा व्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है। वहीं अमरनाथ यात्रा से पहले इस हमले के बाद पूरे देश में सतर्कता बढ़ा दी गई है। वहीं उत्तर प्रदेश में भी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। खासतौर पर भीड़भाड़ वाले इलाके, धार्मिक स्थलों समेत सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है। पहलगाम स्थित बायसरन घाटी में मंगलवार को आतंकियों ने पर्यटकों के एक समूह पर अचानक अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। प्रारंभिक सूत्रों के अनुसार, इस हमले में कई लोगों की मौत हुई है, जिनमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल बताए जा रहे हैं। हालांकि, पुलिस की ओर से अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हमले में घायल लोगों को श्रीनगर के आर्मी अस्पताल में एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए भेजा गया है। इधर, हमले के बाद उत्तर प्रदेश में भी सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। यूपी पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, सभी कमिश्नरेट और जिलों को संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख धार्मिक स्थलों, पर्यटन केंद्रों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को और मजबूत किया गया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने मंगलवार देर शाम वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और जरूरी निर्देश जारी किए। साथ ही नेपाल सीमा पर विशेष चौकसी बरती जा रही है, ताकि कोई भी संदिग्ध तत्व राज्य में प्रवेश न कर सके। प्रदेश में पुलिस व खुफिया एजेंसियां हर गतिविधि पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

### -धार्मिक स्थलों समेत नेपाल सीमा तक सुरक्षा बढ़ी : डीजीपी

# ज्यादा न्यूट्रिशन से हार्ट को खतरा, कैंसर को भी आमंत्रण

**सेहत**

**लखनऊ।** अधिक मात्रा में न्यूट्रिशन का सेवन सेहत के लिए अच्छा नहीं। इसमें मोटापा, डायबिटीज, ह्रदय रोग और यहां तक कि कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर समस्याएँ भी हो सकती हैं। साथ ही जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड और अनियमित भोजन के कारण शरीर को आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। इसका परिणाम थकान, कमजोरी, बीमारियों का खतरा और शारीरिक विकास में बाधा के रूप में सामने आ सकता है। गर्मियों में यह समस्या और बढ़ सकती है।

पीजीआई में कार्यरत डाइटीशियन डॉ. शिल्पी ने कहा कि एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए संतुलित आहार अत्यंत आवश्यक है। हमारा भोजन न केवल हमें ऊर्जा प्रदान करता है, बल्कि हमारे शारीरिक और मानसिक विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता और समग्र स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। ऐसे में किसी एक प्रकार का पोषक तत्व या सप्लीमेंट हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी नहीं होगा। वह बताती हैं कि पोषण की कमी से कई तरह के रोग हो सकते हैं, जिनमें एनीमिया, रिकेट्स, स्कर्वी, बेरीबेरी, रतौंधी और घेंघा प्रमुख हैं। अल्पपोषण यानि शरीर को आवश्यक पोषक तत्वों की कमी, और अतिपोषण यानि शरीर को अतिरिक्त पोषक तत्व मिलना है, दोनों ही कुपोषण के प्रकार हैं, जो स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। वह बताती हैं कि आज के समय में अल्पपोषण के साथ अतिरिक्त पोषण से उत्पन्न समस्याओं से ग्रसित लोग उनके पास आ रहे हैं, जिन्हें जरुरी सलाह और निगरानी से सही किया जा रहा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार केवल आयरन की गोलियों या फोलिक एसिड सप्लीमेंट से पोषण सम्बन्धी जरूरतों को पूरा नहीं किया जा सकता। आहार में विविधता लाना, फल, दूध और सब्जियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना जरूरी है। इससे आवश्यक पोषक तत्वों का अवशोषण बेहतर होगा और स्वास्थ्य में सुधार होगा। ऐसे में इस बात का विशेष ध्यान रखना है कि आहार में सभी पोषक तत्वों की मात्रा संतुलित होनी चाहिए।

**- विमुल शुक्ला**

### खुशहाल जीवन जीने के लिए संतुलित आहार जरूरी

# जानकीपुरम व बीकेटी में दो अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** एलडीए प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने जानकीपुरम व बी0के0टी0 क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की। इस दौरान प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही दो अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि एस0के0 त्रिपाठी व अन्य द्वारा बी0के0टी0 में नबीकोट नंदना रेलवे क्रासिंग के बगल में लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। वहीं, शास्त्री ब्रदर्स व अन्य द्वारा जानकीपुरम में नहर रोड पर मकराना मार्बल सेंटर के सामने लगभग 02 बीघा क्षेत्रफ्ल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी।

# शिक्षकों ने प्रदर्शन कर पेंशन नियमों में बदलाव के खिलाफ चेताया

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन के आवाहन पर तथा उत्तर प्रदेश सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन और उत्तर प्रदेश शिक्षक महासंघ के संयुक्त आह्वान पर पूरे प्रदेश भर के जनपदों में लाखों कर्मचारी, शिक्षक और पेंशनर्स सड़कों पर उतरे। उन्होंने धरना-प्रदर्शन, विरोध सभाओं और रैलियों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार को पेंशन नियमों में बदलाव के खिलाफचेताया। लखनऊ सहित सभी जनपदों में आयोजित विरोध कार्यक्रमों में पेंशनरों, सेवारत कर्मचारियों और शिक्षकों ने व्यापक भागीदारी की। प्रदर्शनकारियों ने अपने-अपने जनपदों के पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर पेंशन से जुड़े नियमों में हाल ही में किए गए संशोधनों को तत्काल वापस लेने की मांग की। सभा की अध्यक्षता डॉ. आर.पी. मिश्र और संचालन आर.सी. उपाध्याय ने किया। पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव, शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा, संयोजक सुरेश कुमार त्रिपाठी, विधान परिषद के निवर्तमान सदस्य नरेंद्र कुमार वर्मा और प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री संजय सिंह सहित अन्य प्रमुख नेताओं ने धरने को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश भर में लाखों कर्मचारी, शिक्षक और पेंशनर्स ने सरकार की पेंशन विरोधी नीति का विरोध कर चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज होगा। सभा को संबोधित करते हुए पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एस-30 पेंशनर्स एसोसिएशन बनाम भारत संघ में दिए गए निर्णय में यह स्पष्ट किया गया था कि सेवानिवृत्ति की तिथि के आधार पर पेंशनर्स में भेदभाव नहीं किया जा सकता। इसके विपरीत, भारत सरकार ने हाल ही में पारित वित्त विधेयक 2025 के माध्यम से सिविल सेवा पेंशन नियमावली में संशोधन कर यह भेदभाव करने का अधिकार प्राप्त कर लिया है, जिससे पुराने पेंशनर्स के लिए 8वें वेतन आयोग में वेतन/पेंशन पुनर्निरीक्षण को लेकर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

# आतंकी हमले को लेकर मायावती ने जताया दुख

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में शोक और आक्रोश की लहर है। इस हमले में कई पर्यटकों की मौत हो गई जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है। मायावती ने घटना के बाद एक ट्वीट कर लिखा, जम्मू-कश्मीर के पर्यटक स्थल पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में अनेकों लोगों के मारे जाने व घायल होने की घटना अति-दुखद, निन्दनीय व चिन्तनीय। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। सरकार इस घटना को पूरी गंभीरता से लेकर सख्त कार्रवाई करे। मायावती ने इस हमले को देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि ऐसे नृशंस हमलों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि हमले के दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

# राजधानी में तपती दोपहरी से मिलेगी राहत

## डीएम की पहल पर चौराहों पर लगेंगे शेड, प्याऊ और बेघरों के लिए बनेंगे राहत केंद्र

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गर्मी ने इस बार अप्रैल में ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है। तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। तपती दोपहर, धूप में खड़े लोग, और जलती सड़कों की बेचैनी को महसूस करते हुए लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी. ने एक मानवीय और संवेदनशील पहल की है।डीएम ने नगर निगम के अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव को निर्देशित किया है कि शहर के प्रमुख चौराहों पर शेड लगाए जाएं, ताकि जब ट्रैफिक सिग्नल पर लोग वाहन रोकते हैं और एक से डेढ़ मिनट तक इंतजार करते हैं, तो धूप से उन्हें राहत मिल सके।

**हर चौराहे पर लगेगा शेड, तपती धूप में मिल सकेगी छांव**

डीएम ने यह स्पष्ट कहा है कि हर चौराहे को चिन्हित कर शीघ्र शेड लगाए जाएं, ताकि ट्रैफिक सिग्नल पर रुकने वाले दुपहिया वाहन चालक और पैदल राहगीर तेज धूप से बचे रह सकें। शहर में बालागंज, कैसरबाग, चारबाग, हजरतगंज, इंदिरा नगर, गोमती नगर, अमीनाबाद जैसे व्यस्त चौराहों को प्राथमिकता में रखा गया है।

**पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था: जगह-जगह प्याऊ लगेंगे**

गर्मी में पानी की कमी सबसे बड़ी चुनौती होती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने नगर निगम को निर्देशित किया है कि शहर भर में प्याऊ लगवाई जाएं, जहां आम लोगों को शीतल पेयजल मिल सके। खासकर बाजार, बस अड्डों और सार्वजनिक स्थलों पर इन प्याऊ की तैनाती जल्द शुरू की जाएगी।

### बेघरों के लिए बनेगा छांव स्थल : मांगने वालों को भी राहत

रोड पर गुजर-बसर करने वाले गरीब, बेसहारा और भीख मांगने वाले लोगों के लिए भी डीएम ने बड़ी पहल की है। उन्होंने कहा है कि इन लोगों के लिए सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर राहत शेड बनाए जाएं, जहां वे तपती धूप से कुछ समय के लिए छांव पा सकें। राजधानी में हर साल गर्मी से कई लोग बीमार हो जाते हैं, कई बार हीट स्ट्रोक के मामले भी सामने आते हैं। ऐसे में यह पहल समय रहते की गई एक बड़ी राहत है।

# आयोग ने विपक्ष के आरोपों का किया खंडन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने विपक्ष द्वारा लगाये गये आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि चुनाव विधि के अनुसार आयोजित किए जाते हैं। जिसकी दुनिया भर में प्रशंसा की जाती है। मतदाता सूची तैयार करने, मतदान और मतगणना आदि सहित प्रत्येक चुनाव प्रक्रिया सरकारी कर्मचारियों द्वारा और वह भी मतदेय स्थल से लेकर निर्वाचन क्षेत्र स्तर तक राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संचालित की जाती है। गलत सूचना न केवल कानून के प्रति अनादर का संकेत है, बल्कि उनके स्वयं के राजनीतिक दल द्वारा नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों के लिए भी अपयश लाती है तथा लाखों निर्वाचन कर्मचारियों का मनोबल गिराती है। जो चुनावों के दौरान अथक और पारदर्शी तरीके से काम करते हैं। मतदाताओं द्वारा किसी भी प्रतिकूल निर्णय के बाद, इसे समझौतापूर्ण कहकर निर्वाचन आयोग को बदनाम करने की कोशिश पूरी तरह से असंगत है। साथ ही आयोग ने बीतें चुनावों को लेकर कई राज्यों का उदाहरण भी दिया।





# ब्रेन डेड युवक ने दी लिवर के मरीज को जिंदगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** केजीएमयू में ब्रेन डेड मरीज ने लिवर के गंभीर रोगी को नया जीवन दिया। 28 साल के संदीप कुमार के ब्रेन डेड होने के बाद उसके परिजनों ने अंगदान की सहमति दी थी। इसके बाद संदीप के लिवर दान की प्रक्रिया की गई। एक गंभीर मरीज में उसका लिवर प्रत्यारोपित किया गया। डॉक्टरों का कहना है कि प्रत्यारोपण के बाद मरीज की तबीयत स्थिर है। आईसीयू में मरीज की सेहत की निगरानी की जा रही है। लखनऊ के माल स्थित बहरौरा गांव निवासी 28 वर्षीय संदीप कुमार कैटरिंग का काम करते थे। पिता बसंत किसान हैं। माता मंजू देवी गृहणी हैं। दो भाई और एक बहन हैं। 14 अप्रैल को संदीप सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके सिर और शरीर के दूसरे अंगों में गहरी चोट आई थी। नाजुक हाल में उन्हें ट्रॉमा सेंटर में भर्ती किया गया था। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि इलाज के बावजूद मरीज की सेहत में सुधार नहीं हुआ। वेंटिलेटर पर इलाज चल रहा था। डॉक्टरों ने टीम ने जरूरी एपनिया जांच कराई। फिर केजीएमयू की 21 अप्रैल को ब्रेन डेथ कमेटी ने मरीज की सेहत की जांच की। संदीप को ब्रेन डेड घोषित किया।

**प्रत्यारोपण में शामिल टीम**

सर्जिकल गेस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत चंद्रा ने लिवर प्रत्यारोपण की अगुवाई की। डॉ. उत्कर्ष श्रीवास्तव, डॉ. महेश, डॉ. संजय, डॉ. रोहित, डॉ. दीबन, सीएमएस डॉ. बीके ओझा, डॉ. बीबी कुशवाहा, एनस्थीसिया विभाग डॉ. मोहम्मद परवेज, डॉ. मोनिका कोहली, डॉ. जिया अरशद, डॉ. राजेश रमन, डॉ. तन्वी भार्गव, ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की डॉ. तूलिका चंद्रा ने ट्रांसप्लांट में सहयोग किया। प्रवक्ता ने बताया कि ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया में गैस्ट्रोसर्जरी विभाग के सभी रेजिडेन्ट डॉक्टर सहित विभाग के 50 से अधिक ओटी, आईसीयू और वार्ड नर्सों व कर्मचारियों ने सहयोग प्रदान किया।

# बिजली विभाग के निजीकरण के खिलाफ एआईपीईएफ का सरकार को ज्ञापन

## यूपी समेत कई राज्यों में चल रही प्रक्रिया पर जताई आपत्ति

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्युत अभियंता संघ (एआईपीईएफ) ने केंद्र सरकार और ऊर्जा मंत्रालय को ज्ञापन भेजकर देशभर में चल रहे बिजली विभाग के निजीकरण के खिलाफकड़ा विरोध दर्ज कराया है। संगठन ने उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में डिस्कॉम (डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियों) के निजीकरण को जल्दबाजी में उठाया गया कदम बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। एआईपीईएफअध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे द्वारा हस्ताक्षरित इस ज्ञापन में कहा गया है कि डिस्कॉम की वित्तीय व्यवहार्यता को सुधारने के लिए निजीकरण ही एकमात्र विकल्प नहीं है। संगठन ने दावा किया कि आरडीएसएस (रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) जैसी योजनाओं के तहत सार्वजनिक क्षेत्र में रहते हुए भी एटीएंडसी घाटे में भारी कमी आई है। 2017 में उत्तर प्रदेश में एटीएंडसी घाटा 41 प्रतिशत था जो 2024 में घटकर 16.5 प्रतिशत रह गया है।

ज्ञापन में खासतौर पर चंडीगढ़ बिजली विभाग के निजीकरण का उल्लेख करते हुए कहा गया कि लाभ में होने के बावजूद इस विभाग को निजी हाथों में सौंपा गया, जिससे कर्मचारियों को भारी नुकसान हुआ। निजीकरण से एक दिन पहले 200 से अधिक बिजली कर्मचारियों को जबरन सेवानिवृत्त किया गया और निजी कंपनियों द्वारा कर्मचारियों के प्रति उदासीन रवैया अपनाया गया। एआईपीईएफने बताया कि उत्तर प्रदेश के 42 जिलों में भी निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है, जो दो पूर्ववर्ती समझौतों का उल्लंघन है। ये समझौते क्रमशः 5 अप्रैल 2018 को तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा और 6 अक्टूबर 2020 को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना तथा ऊर्जा मंत्री के साथ हुए थे। समझौतों में यह स्पष्ट था कि कोई भी निजीकरण तब तक नहीं होगा जब तक बिजली कर्मियों और इंजीनियरों को विश्वास में न लिया जाए।

# 'भारत गौरव ट्रेन' से दक्षिण भारत की पावन यात्रा की शुरुआत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** दक्षिण भारत के पवित्र तीर्थ स्थलों की यात्रा करना अब और भी आसान हो गया है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से एक विशेष तीर्थ यात्रा पैकेज की घोषणा की गई है, जिसकी शुरुआत गोरखपुर से आगामी 7 जून को होगी। इस ट्रेन से श्रद्धालु मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, तिरुपति बालाजी, मीनाक्षी मंदिर, रामेश्वरम व कन्याकुमारी जैसे दर्शनीय धार्मिक स्थलों का दर्शन कर सकेंगे।

**■ आईआरसीटीसी ने गोरखपुर से शुरू की विशेष टूरिस्ट ट्रेन**

यह यात्रा 11 रात और 12 दिन की होगी, जिसमें स्लीपर, 3एसी व 2एसी श्रेणियों में कुल 767 बर्थ उपलब्ध होंगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को शाकाहारी नाश्ता, दोपहर और रात्रि भोजन तथा एसी/नॉन एसी बसों से स्थानीय दर्शन की सुविधा भी दी जाएगी। गोरखपुर, अयोध्या कैंट, लखनऊ, कानपुर, ललितपुर, उरई, रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, सुल्तानपुर, झांसी (वीरांगना लक्ष्मीबाई) वह प्रमुख स्टेशन हैं जहां से यात्री रेल पर सवार हो सकते हैं।

# गाजा-फ्री फलस्तीन के पोस्टर चिपकाने वाले सात गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के संभल जिले के कस्बा नरौली में फ्री गाजा, फ्री फिलिस्तीन और इस्राइली सामान के बहिष्कार की अपील से जुड़े पोस्टर सार्वजनिक स्थलों पर चिपकाए जाने से हड़कंप मच गया। यह पोस्टर मंदिरों, मस्जिदों, मदरसों, दुकानों और खंभों पर चिपकाए गए थे। पुलिस ने जांच कर सात युवकों को गिरफ्तार किया। इनमें से तीन को जेल जबकि चार को जमानत पर रिहा कर दिया गया। यह मामला तब सामने आया जब शुक्रवार सुबह कस्बे के लोगों की नजर दीवारों और खंभों पर लगे इन विवादित पोस्टरों पर पड़ी। देखते ही देखते यह खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई। सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका के बाद पुलिस भी सतर्क हो गई।

यह पोस्टर नरौली के भट्टी वाला बाग, कुरैशियान चौराहा, काजी टोला चौराहा, सब्जी मंडी, मैन मार्केट, सर्राफा मार्केट, जामा मस्जिद तिराहा, पीपल वाला मंदिर, चामुंडा मंदिर और बंजारी कुआं समेत कई स्थानों पर चिपकाए गए थे।थाना बनियाठेर के प्रभारी निरीक्षक रामवीर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय दुकानदारों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। इसके बाद रहीस निवासी नई बस्ती नरौली, मतलूब, फरदीन, असीम, सैफ अली, अरमान और अरबाज निवासी गांव जनेटा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

**तीन को जेल, चार को जमानत**

गिरफ्तार सातों युवकों को एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। जहां से असीम, सैफ अली और अरमान को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं रहीस, मतलूब, फरदीन और अरबाज को जमानत पर रिहा कर दिया गया। पुलिस के गश्त पर सवाल जांच की तैयारी घटना के बाद लोगों ने पुलिस की गश्त पर उठे सवाल। वहीं सूत्रों के मुताबिक पुलिस गश्त कर रही थी, अराजक तत्वों ने कैसे सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करते हुए पोस्टर चिपका दिए। वहीं इस मामले पुलिस अधीक्षक के सीयूजी नंबर पर बात करने का प्रयास किया गया उस दौरान पीआरओ ने सीओ चंदौसी से बात कर जानकारी की बात कहकर फोन काट दिया।

मामला उनके संज्ञान में आया है टीमे जांच पड़ताल कर असमाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त व विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**आलोक सिद्धू क्षेत्राधिकारी**

## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अपने पुत्र प्रतीक चौरसिया के गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। इनके किसी भी कृत्यों के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। राम अचल चौरसिया, नि.- म. नं.- 8/728 विकासनगर, लखनऊ।

सी.आर.-145/**L-35**

### सूचना

मैं मनाल यूसुफ, यूसुफ हुसैन की बेटी, घोषणा करती हूँ कि मेरी सही जन्मतिथि 31.05.92 है। और भविष्य में किसी भी उपयोग के लिए यह मेरी आधिकारिक जन्मतिथि रहेगी। मेरी हाई स्कूल की मार्कशीट में गलती से 31.09.92 छप गई थी जो ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार भी वैध तिथि नहीं है।

सी.आर.-140/**L-35**

### सूचना

मेरी पुत्री के स्कूल के रिकार्ड में त्रुटिवश नाम ASHVI YADAV दर्ज है। सही नाम ASHWI YADAV है। भविष्य में सही नाम से जाना व पहचाना जाए। बृजेश कुमार यादव पुत्र स्व. रामनयन यादव, नि.- म.नं. 548 ख/55 दौदा खेड़ा पो.-मानकनगर, लखनऊ।

सी.आर.-139/**L-33**

### सूचना

मैंने अपना नाम MOHD JUNAID से बदलकर MOHAMMAD JUNAID रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o-IRFAN AHMAD ANSARI R/o-A-59 TERRASHINE ENCLAVE DEVA ROAD, DIST-BARABANKI-225301 (U.P)

सी.आर.-138/**L-25**

### सूचना

मैंने अपना नाम Kamruddeen से बदलकर Kamruddeen Shaikh रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। S/o-Nijamuddeen Shaikh Add -Bhopa Duhiya Faizabad 224205

सी.आर.-138/**L-25**

### संबंध विच्छेद

मैंने अपनी पति विजेन्द्र से गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेद कर लिए है। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। शामली पत्नी विजेन्द्र पुत्री माधव नि.ग्रा. रामनगर मुस्वरपुर सीतापुर।

सी.आर.-141/**D-25**

### सूचना

शिक्षा अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम गौरी पाण्डेय अंकित हो गया, जोकि गलत है, सही नाम कनक है, भविष्य इसी नाम से पढा जाएं। मुकेश कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद नि.ग्रा. हथौड़ा बुजुर्ग थाना रौजा-शाहजहांपुर।

सी.आर.-141/**D-29**

# जिलाधिकारी ने की बाल गृहों और संस्थाओं की स्वास्थ्य व व्यवस्थाओं की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** जनपद लखनऊ में संचालित राजकीय और स्वैच्छिक बाल देखरेख संस्थाओं की व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी विशाख जी. की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 29 मार्च को गठित निरीक्षण समिति द्वारा प्रस्तुत विस्तृत स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर बुलाई गई थी। महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित इन संस्थाओं में बच्चों की देखभाल, स्वास्थ्य, साफ-सफाई और सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए।

**15 संस्थाओं का हुआ निरीक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण हुए पूरे**

रिपोर्ट के अनुसार जनपद की 6 राजकीय एवं 9 स्वैच्छिक संस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थाओं में रह रहे बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए उनकी व्यक्तिगत हेल्थ रिपोर्ट तैयार की गई। जिलाधिकारी ने इस प्रक्रिया की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि टीबी के मरीजों की सघन निगरानी की जाए और जरूरत के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई जाए।

हर हफ्ते स्वास्थ्य जांच, रूटीन इम्यूनाइजेशन का चार्ट अनिवार्य बैठक में निर्देश दिए गए कि प्रत्येक संस्था में सप्ताह में एक दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। साथ ही संस्थानवार रूटीन इम्यूनाइजेशन, डी-वॉर्मिंग टैबलेट और सप्लीमेंट्स के वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस पूरी प्रक्रिया का चार्ट भी संस्थान में प्रदर्शित किया जाए।

**संस्थानों के निरीक्षण होंगे मासिक, स्वच्छता व सुरक्षा पर रहेगा विशेष फोकस**

जिलाधिकारी ने समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक संस्थान का मासिक निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान पेयजल, शौचालय, शयन कक्ष, खानपान, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की जाए। जिलाधिकारी ने संस्थानों में गर्मी के मद्देनज़र आरओ वाटर की सैंपलिंग, फायर इक्यूपमेंट की रिफिलिंग, शौचालयों की साफ सफाई, जल निकासी और फायर एनओसी की प्रक्रिया को तत्काल पूरा कराने के निर्देश दिए।

**किचन फूड लाइसेंस प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश**

संस्थानों के किचन लाइसेंस को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि अब तक 4 संस्थानों को लाइसेंस जारी हो चुके हैं और शेष के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि शेष सभी संस्थानों के फूड लाइसेंस शीघ्र बनवाए जाएं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी, सभी उप जिलाधिकारी, समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, संस्थाओं के प्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# फिरौती मामले में बीजेपी नेता समेत तीन हिरासत में

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के संभल जिले में फिरौती मांगने के आरोप में एक भाजपा नेता समेत तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में पूछताछ कर रही है। वहीं इस मामले में पुलिस के अधिकारी इस मामले में कोई भी जानकारी देने से बच रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर चर्चा यह भी है कि करोड़ों रुपये की जमीन में लेनदेन का मामला है। स्पष्ट नहीं हो सका है कि किस मामले में हिरासत में लिया गया है। भाजपा नेता हड्डी फैक्टरी का भी संचालन करते हैं। शहर के बड़े कारोबारियों में शुमारी भी है। ऐसे में फिरौती का आरोप लगने से शहरभर में चर्चा तेज हो गई है।

**■ फैक्ट्री में पुलिस की छापेमारी, भारी मात्रा में वाहनों के मिले पार्ट**

सूत्रों का कहना है कि एक दूसरे मीट कारोबारी से रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है।पांच करोड़ रुपये की फिरौती का आरोप लगा है। इस मामले में ही पुलिस छानबीन करने में जुटी है। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई का कहना है कि अभी जांच पड़ताल की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद ही कुछ कहा जाएगा।

# सिलेंडर फटा मां समेत दो बेटियों की मौत

## -दमकल समेत एसडीएम व सीओ समेत कई अफसर घटनास्थल पहुंचकर बचाव राहत कार्य में जुटे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बाराबंकी जिले के मसौली थाना क्षेत्र के जबर पुरवा गांव में बीते दिनों गैस सिलेंडर फटने से लगी आग की चपेट में आने से मां और उसकी दो मासूम बेटियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। तो वहीं बचाव के प्रयास में पिता व एक बेटा झुलस गए जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उप जिलाधिकारी पवन कुमार, सीओ गरिमा पंत मौके पर पहुंचकर झुलसे लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक जबरपुर गांव निवासी राजमल विश्वकर्मा (37) अत्यंत गरीबी में अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर रहे थे। रविवार शाम करीब 6 बजे उनकी पत्नी रिंकी (32) फूस के बने घर में चूल्हे पर खाना पका रही थीं। इसी दौरान गैस सिलेंडर से अचानक चिंगारी निकलने से आग लग गई, देखते ही देखते पूरे घर को चपेट में ले लिया। भीषण आग और घने धुएं के कारण घर में मौजूद 9 माह की मासूम महक, 8 साल की बेटी शिवानी और मां रिंकी को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला और तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। अपनी पत्नी और बच्चों को आग में फंसा देख राजमल ने जान की परवाह किए बिना घर में घुसकर किसी तरह अपने तीन वर्षीय बेटे अनमोल को बाहर निकाला। हालांकि इस दौरान राजमल खुद भी गंभीर रूप से झुलस गए और उनके दोनों हाथ बुरी तरह जल गए।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते है:-

**क्रम सं.-1,** ई-प्रापण निविदा संख्या: उप मु.ई.-नि.-मुख्या०-ई०पी०सी०-03-2025, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर कैंट-वाल्मीकिनगर खंड के दोहरीकरण कार्य के संबंध में पनियहवा-वाल्मीकिनगर स्टेशन के मध्य गंडक नदी पर आरडीएसओ 25 टी एक्सल लोडिंग मानक के साथ डबल लाइन के लिये डबल डी टाइप वेल फाउंडेशन के साथ महत्वपूर्ण पुल संख्या 50 (14x61.0 मीटर) के सबस्ट्रक्चर का निर्माण। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 2,11,39,83,621.21, बयाना राशि (रू.): ₹ 1,00,00,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: Nil, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 24 (चौबीस माह)

**नोट:** • बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि: दिनांक 05-08-2025, • उपरोक्त ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: दिनांक 19-08-2025, 15:30 बजे तक। • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि: दिनांक 19-08-2025, 15:30 बजे। • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

• श्री निशान्त सिंह, सहा. कार्यपालक इंजी./निर्माण/मुख्या./गोरखपुर, मो. 9594880852

**उप मुख्य इंजीनियर/नि./मुख्या. गोरखपुर**

मुजाधि/डब्लू-23

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**



**कार्यालय ग्राम पंचायत शाँहपुर**

**विकास खण्ड धनूपुर जनपद प्रयागराज**

पत्रांक मेमो / टेण्डर पत्रांक / ग्रा.प./2025-26 दिनाँक 22/4/2025

**वार्षिक निविदा आमंत्रित सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय ग्राम पंचायत शाँहपुर वि0ख0 धनूपुर जनपद प्रयागराज के द्वारा केन्द्रिय वित्त आयोग, 15वां वित्त आयोग /पंचम राज्य वित्त आयोग / मनरेगा / बी0आर0जी0एफ0 / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 (एस0एल0डब्ल्यू0एम0) कॉमन सर्विस सेन्टर (सी0एस0सी) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 खडण्जा निर्माण एंव मरम्मत कार्य सी0सी0 रोड पावर ब्रिक, गिट्टी, पत्थर, गिट्टी मोरंग, बालू, सीमेन्ट, सरिया, पेपर ब्रिक टाली द्वारा मिट्टी ढुलाई, नाली निर्माण, इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य, नाला निर्माण, सरकारी भवनो मे टाइलीकरण, सौन्दर्गीकरण, बाउन्ड्रीवाल निर्माण मरम्मत, सामुदायिक शौचालय निर्माण, मरम्मत कार्य / व्यक्तिगत शौचालय निर्माण / मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत / रिबोर, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जाने वाल कार्य व रिबोर मे प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे ईट, सीमेन्ट, जनसूचना बोर्ड/इण्टरलाकिंग कार्य, टाइल्स, बालू, गिट्टी, सरिय, फलोर टाइल्स, हयूम पाइप, दरवाजा, प्लास्टिक पाइप, स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, कचरा वाहन, प्लास्टिक बैंक, कचरा पात्र, फर्नीचर क्रय, अमृत सरोवर, आर0आर0सी0 सेन्टर, पंचायत भवन, स्मृत वाटिका, अमृत वाटिका, ऑगनवाडी, मियावाकी, खेलकूद मैदान, इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य, मनरेगा पार्क, अम्बेडकर पार्क सीमेन्ट बेंच, स्टेशनरी, पशु शेड, किचन शेड, शोकपीट निर्माण, इंडिया मार्का हैण्डपम्प, प्लेटफार्म, प्राथमिक विद्यालय में डेस्क-बेंच निर्माण एंव कायाकल्प के तहत मरम्मत एंव निर्माण कार्य, यूरिनल लोहे के एंगल, प्लास्टिक सीट व कोविड बचाव ब्लीचिंग, फागिंग व सफाई किट, सौन्दर्गीकरण एंव तार फिक्सिंग, रंगाई पोताई मे प्रयुक्त होने वाले उपरोक्त्द सभी सामग्री की आपूर्ति तथा रेक्टोफिटिंग आपूर्ति हेतु सामग्री क्रय आदि आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनॉक 23/4/2025 से दिनॉक 30/4/2025 तक शीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा खुलने का दिनॉक 30/4/2025 को आवेदक को उपस्थित मे अधोहस्ताक्षरी एंव ग्राम प्रधान की उपस्थिति में खोली जायेगी, सामग्री की मात्रा घट एंव बढ़ सकती हैं समय 2 बजे तक उक्त निविदा वर्ष 2025-26 मे कराये जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगा। किसी भी निविदा को विना कारण बताए स्वीकृत एंव अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत की होगी।

**राजेश कुमार**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत शाँहपुर**
**वि.ख. धनूपुर, प्रयागराज**

**मुकेश कुमार**
**ग्राम पंचायत अधि./ ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पंचायत शाँहपुर**
**वि.ख. धनूपुर, प्रयागराज**



**कार्यालय ग्राम पंचायत रामापुर**

**विकास खण्ड धनूपुर जनपद प्रयागराज**

पत्रांक मेमो / टेण्डर पत्रांक / ग्रा.प./2025-26 दिनाँक 22/4/2025

**वार्षिक निविदा आमंत्रित सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय ग्राम पंचायत रामापुर वि0ख0 धनूपुर जनपद प्रयागराज के द्वारा केन्द्रिय वित्त आयोग, 15वां वित्त आयोग /पंचम राज्य वित्त आयोग / मनरेगा / बी0आर0जी0एफ0 / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 (एस0एल0डब्ल्यू0एम0) कॉमन सर्विस सेन्टर (सी0एस0सी) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 खडण्जा निर्माण एंव मरम्मत कार्य सी0सी0 रोड पावर ब्रिक, गिट्टी, पत्थर, गिट्टी मोरंग, बालू, सीमेन्ट, सरिया, पेपर ब्रिक टाली द्वारा मिट्टी ढुलाई, नाली निर्माण, इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य, नाला निर्माण, सरकारी भवनो मे टाइलीकरण, सौन्दर्गीकरण, बाउन्ड्रीवाल निर्माण मरम्मत, सामुदायिक शौचालय निर्माण, मरम्मत कार्य / व्यक्तिगत शौचालय निर्माण / मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत / रिबोर, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जाने वाल कार्य व रिबोर मे प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे ईट, सीमेन्ट, जनसूचना बोर्ड/इण्टरलाकिंग कार्य, टाइल्स, बालू, गिट्टी, सरिय, फलोर टाइल्स, हयूम पाइप, दरवाजा, प्लास्टिक पाइप, स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, कचरा वाहन, प्लास्टिक बैंक, कचरा पात्र, फर्नीचर क्रय, अमृत सरोवर, आर0आर0सी0 सेन्टर, पंचायत भवन, स्मृत वाटिका, अमृत वाटिका, ऑगनवाडी, मियावाकी, खेलकूद मैदान, इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य, मनरेगा पार्क, अम्बेडकर पार्क सीमेन्ट बेंच, स्टेशनरी, पशु शेड, किचन शेड, शोकपीट निर्माण, इंडिया मार्का हैण्डपम्प, प्लेटफार्म, प्राथमिक विद्यालय में डेस्क-बेंच निर्माण एंव कायाकल्प के तहत मरम्मत एंव निर्माण कार्य, यूरिनल लोहे के एंगल, प्लास्टिक सीट व कोविड बचाव ब्लीचिंग, फागिंग व सफाई किट, सौन्दर्गीकरण एंव तार फिक्सिंग, रंगाई पोताई मे प्रयुक्त होने वाले उपरोक्त्द सभी सामग्री की आपूर्ति तथा रेक्टोफिटिंग आपूर्ति हेतु सामग्री क्रय आदि आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनॉक 23/4/2025 से दिनॉक 30/4/2025 तक शीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा खुलने का दिनॉक 30/4/2025 को आवेदक को उपस्थित मे अधोहस्ताक्षरी एंव ग्राम प्रधान की उपस्थिति में खोली जायेगी, सामग्री की मात्रा घट एंव बढ़ सकती हैं समय 2 बजे तक उक्त निविदा वर्ष 2025-26 मे कराये जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगा। किसी भी निविदा को विना कारण बताए स्वीकृत एंव अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत की होगी।

**दिनेश कुमार**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रामापुर**
**वि.ख. धनूपुर, प्रयागराज**

**खेमराज**
**ग्राम पंचायत अधि./ ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पंचायत रामापुर**
**वि.ख. धनूपुर, प्रयागराज**


अदालती सूचना ता.पेशी 24.04.2025 सम्मन तनकीह तलब(आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर मूलवाद संख्या 183 वर्ष 2024 उर्मिला बनाम नन्दलाल आदि बनाम 1- अशोक 2- अनिल पुत्रगण शिवराम 3- विपिन पुत्र दिनेश 4- नरेश पुत्र कन्धई सर्वनिवासीगण ग्राम सिमरिया सहसपुर पोस्ट गंधार पर. जमौर तह. सदर जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादी सं. 5,6,8व11, हरगाह उर्मिला वादिनी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत स्थाई निषेधाज्ञा के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24 माह 04 सन् 2025 ई. ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 22 माह 04 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर**

सी.आर.-141/**D-CN**

अदालती सूचना ता.पेशी 24.04.2025 सम्मन तनकीह तलब(आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय अपर सिविल जज जू.डि. कोर्ट संख्या 37 शाहजहांपुर मूलवाद संख्या 679 वर्ष 2010 लालता प्रसाद बनाम गांव सभा आदि बनाम 1- गांव सभा अमनपुर गौंटिया पर. व तह. व पोस्ट तिलहर जिला शाहजहांपुर द्वारा प्रधान गांव सभा उपरोक्त 2- सुरेंद्र कुमार पुत्र श्रीचन्द्र शेखर नि.ग्रा. अमनपुर गौंटिया पर. व तह. व पोस्टर तिलहर जिला शाहजहांपुर... प्रतिवादीगण हरगाह लालता प्रसाद वादी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत व्यादेश के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24 माह 04 सन् 2025 ई. ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफकिया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 22 माह 04 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम/रीडर अपर सिविल जज जू.डि. कोर्ट संख्या 37 शाहजहांपुर**

सी.आर.-141/**D-CN**

अदालती सूचना ता.पेशी 14.05.2025 सम्मन तनकीह तलब(आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर मूलवाद संख्या 24 वर्ष 2024 अंजुल कुमार मिश्रा बनाम ताहिर अली खां बनाम ताहिर अली खां पुत्र अनवार अली खां निवासी हाल मोहल्ला मघई टोला निकट मोहल्ला महमान शाह पर. व तह. सदर जिला शाहजहांपुर ..प्रतिवादी हरगाह अंजुल कुमार मिश्रा वादी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 14 माह 05 सन् 2025 ई. ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 16 माह 04 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर**

सी.आर.-141/**D-CN**

अदालती सूचना ता. पेशी 29.04.2025 हेतु संदर्शित करने की सूचना(साधारण प्रारुप) न्यायालय सिविल जज सी.डि. त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या 27 शाहजहांपुर दीवानी प्रर्कीण वाद सं. 152 वर्ष 2023 (मूलवाद सं. 504 वर्ष 2020) श्रीमती संतोष पाठक बनाम श्रीमती मीना द्विवेदी आदि बनाम 1- श्रीमती मीना द्विवेदी पुत्री कामेश्वर दयाल पत्नी श्री अजय कुमार द्विवेदी 2- अजय कुमार द्विवेदी पुत्र कृष्ण मुरारी लाल द्विवेदी निवासीगण नघेटा रोड़ इनकट टैक्स आफिस के सामने परगना गोपामऊ तह. सदर जिला हरदोई..प्रतिवादीगण चूंकि उपरिनिमांकित श्रीमती संतोष पाठक वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि वाद को पुर्नास्थापन किया जावे। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 ई.के माह 04 के 29 दिवस को दस बजे के पूर्वान्ह में स्वंया या सम्येक रूपेण अनादिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। आज सन् 2025 के माह 04 के 22 दिवस को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम न्यायालय सिविल जज सी.डि. त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या 27 शाहजहांपुर**

सी.आर.-141/**D-CN**

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**अपर प्रधान पारिवारिक न्यायालय कक्ष संख्या 04 इलाहाबाद वैवाहिक वाद संख्या 700/2023**

राजकुमार गोस्वामी पुत्र श्री घनश्याम नाथ गोस्वामी उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी- ग्राम नरहरपुर पो. हेतापुर चमनगंज बाजार थाना झूंसी तह.फूलपुर जनपद इलाहाबाद /प्रयागराज हाल पता- 275/5 कनिहार झूंसी इलाहाबाद............वादी

**बनाम**

श्रीमती अर्चना गोस्वामी उम्र लगभग 40 वर्ष पत्नी राजकुमार गोस्वामी निवासिनी -वार्ड संख्या -20 अंबेडकर नगर विजयगढ़ टॉकीज के पीछे थाना राबर्टसगंज तहसील राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र............ प्रतिवादी

धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम 1955

चूंकि उपर नामोकित ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है। कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावानी दी जाती है। कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025.के04 के 30दिवस को दो बजे पूर्वह में स्वयं या सम्यक अपेण अनदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने मे असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अधारित किया जाएगा

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया

**नियत लिथ-30.04.2025**

**न्यायाधीश**

सी.आर.-143/**D-CN**

**अदालती सूचना**
**सम्मन तनकीह तलब**
**ता.पेशी- 03/05/2025**
**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, शाहजहाँपुर**
**वैवाहिक वाद सं.-75/2025**

**रितु वर्मा पत्नी दीपक पुत्री छविनाथ निवासी ग्राम मऊ कैन्ट तहसील सदर थाना सदर बाजार जिला शाहजहाँपुर उत्तर प्रदेश।**

**बनाम**

दीपक पुत्र राम प्रसाद निवासी 164 ए महुआ टोला भाग-2 तहसील शाहाबाद देहात जनपद हरदोई उत्तर प्रदेश। मो.- 7388515233

हरगाह दीपक वादिनी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वाद बावत विवाह विच्छेद के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि व तारीख 3 माह 5 के सन् 2025 ई. वक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमे की कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें। जिन पर आप वताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप आग बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा के बगैर हाजिरी आपके, आपके मुसामत और फैसला होगा।

प्रकाशन हेतु सम्मन मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज तारीख 19 माह 04 सन् 2025 को जारी किया गया।

**न्यायाधीश**

सी.आर.-142/**D-CN**


**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम**

**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-हरदोई**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** **दिनांक: 23 मई 2025**

**निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 06/विविमंह/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-बिलग्राम के कार्यक्षेत्र में मध्यम क्षमता के (160, 250 के०वी०ए०) परिवर्तको में 300 एम्पीयर/500 एम्पीयर के टेललैस फ्यूज यूनिट स्ट्रक्चर बनाकर स्थापित करने का कार्य प्रपत्र शुल्क-रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 26420.00
2. 07/विविमंह/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-बिलग्राम के कार्यक्षेत्र में मध्यम क्षमता के (400, 630 के०वी०ए०) परिवर्तको में 500 एम्पीयर/800 एम्पीयर के टेललैरा फ्यूज यूनिट स्ट्रक्चर बनाकर स्थापित करने कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 10120.00
3. 08/विविमंह/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-हरदोई के कार्यक्षेत्र में मध्यम क्षमता के (160, 250 के०वी०ए०) परिवर्तको में 300 एम्पीयर/500 एम्पीयर के टेललैस पयूज यूनिट स्ट्रक्चर बनाकर स्थापित करने का कार्य प्रपत्र शुल्क-रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 26420.00
4. 09/विविमंह/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-हरदोई के कार्यक्षेत्र में मध्यम क्षमता के (400, 630 के०वी०ए०) परिवर्तको में 500 एम्पीयर/800 एम्पीयर के टेललैस फ्यूज यूनिट स्ट्रक्चर बनाकर स्थापित करने कार्य, प्रपत्र शुल्क रु० 3540, धरोहर धनराशि रू0 33000.00

6. 10/विविमंह/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-सण्डीला के कार्यक्षेत्र में मध्यम क्षमता के (160, 250 के०वी०ए०) परिवर्तको में 300 एम्पीयर/500 एम्पीयर के टेललैस फ्यूज यूनिट स्ट्रक्चर बनाकर स्थापित करने का कार्य प्रपत्र शुल्क रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 32520.00

6. 11/विविमंह/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-सण्डीला के कार्यक्षेत्र में मध्यम क्षमता के (400, 630 के०वी०ए०) परिवर्तको में 500 एम्पीयर/800 एम्पीयर के टेललैस पयूज यूनिट स्ट्रक्चर बनाकर स्थापित करने का कार्य प्रपत्र शुल्क रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 46640.00

7. 12/विविमंह/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-शाहाबाद के कार्यक्षेत्र में मध्यम क्षमता के (160, 250 के०वी०ए०) परिवर्तको में 300 एम्पीयर/500 एम्पीयर के टेललैस पयूज यूनिट स्ट्रक्चर बनाकर स्थापित करने का कार्य प्रपत्र शुल्क-रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 26420.00
8. 13/विविमंह/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-शाहाबाद के कार्यक्षेत्र में मध्यम क्षमता के (400, 630 के०वी०ए०) परिवर्तको में 500 एम्पीयर/800 एम्पीयर के टेललैस फ्यूज यूनिट स्ट्रक्चर बनाकर स्थापित करने का कार्य प्रपत्र शुल्क-रू0 3540, धरोहर धनराशि-रू0 20240.00

ई-निविदा की अंतिम तिथि: 29 अप्रैल 2025, 14:00 बजे तक।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्पित की जाएगी।

पत्रांक- 816/विविमंह/टी-06-13
दिनांकः- 22.04.2025
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत वितरण मण्डल, हरदोई**

# दो कारें आपस में टकराने से चार की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर स्थित एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने मंगलवार की दोपहर सड़क किनारे खड़ी इको कार में पीछे से आई सेलेरियो कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों कारों में भीषण आग लग गयी और दो लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई जबकि तीन लोग झुलस गए। घटना उस समय हुई जब इको कार का चालक पहिया पंक्चर होने पर स्टेपनी बदल रहा था। इस दौरान स्टेपनी बदल रहे इको कार चालक की टक्कर लगने से मौत हो गई। जबकि उसका साथी दोनों कारों के बीच में फंस गया और दोनों कारों के बीच फंसा युवक जिंदा जलकर मर गया। जबकि दूसरी कार में सवार तीन सवारी घायल हुई हैं। इस घटना में में सेलेरियो में सवार एक कुत्ते की भी मौत हुई है। इको कार में रखे एक लाख रुपये भी जल गए।

एसीपी वेव सिटी प्रिय श्रीपाल ने बताया कि मंगलवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे डीएमई पर मेरठ से दिल्ली जाने वाली लेन पर एबीईएस कॉलेज के सामने अमरोहा से आनंद विहार जा रही इको कार में चालक समेत 11 लोग सवार थे। टायर पंक्चर होने पर चालक स्टेपनी बदल रहा था। इसी बीच पीछे से आई तेज रफ्तार सेलेरियो कार ने इको कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक टक्कर लगने से कार के नीचे आ गया जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर बेहोश हो गया।

इस दौरान दोनों ही कारों में आग लग गयी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। दोनों मृतकों की अभी पहचान नहीं हुई है। यात्री टक्कर लगने पर धुआं निकलते ही बाहर आ गए जबकि एक कुत्ता कार में ही रह गया। आग लगने से कुत्ता भी झुलसकर मर गया। सेलेरियो सवार घायल बबीता, सुनीता और शिव कुमार को नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सड़क हादसे में दो की मौत

उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अटागांव निवासी अशोक कुमार दोहरे और उनके पड़ोसी मित्र गोपाल माधौगढ़ बाजार से लौट रहे थे, तभी कैलोर के पास उनकी बाइक की टक्कर बंगरा की ओर से आ रही बाइक से हो गई। दूसरी बाइक पर सवार सौरभ दोहरे और संतोष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां संतोष कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। अशोक कुमार की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। सौरभ की हालत गंभीर होने पर उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया है, जबकि गोपाल का जिला चिकित्सालय उरई में इलाज जारी है। मृत्यु की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# फंदे से लटक कर छात्रा ने दी जान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** बीए की पढ़ाई कर रही छात्रा का शव सोमवार रात फांसी के फंदे पर लटका मिला। वह इंदिरानगर मुंशी पुलिया के पास किराए के मकान में रह कर पढाई कर रही थी। मकान मालिक ने दरवाजा न खुलने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना की परिजनों को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि मौके पर सुसाइड नोट परिजनों से माफी मांगी है। सुसाइड को लेकर उसने खुद को जिम्मेदार बताया है। सुसाइड नोट में कुछ लोगों का जिक्र है। परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। बलिया के रसड़ा निवासी सिक्योरिटी गार्ड मुन्ना सिंह की बेटी अमृत सिंह (21) मुंशी पुलिया के पास किराए के मकान में रहती थी। पिता मुन्ना सिंह के मुताबिक उनकी बेटी अमृत बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। सोमवार को फोन न उठने पर मकान मालिक और रूम मेट को पता करने को कहा। रूम मेट ने दरवाजा न खुलने पर मकान मालिक और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो बेटी का शव दुपट्टे से बने फंदे के सहारे रोशनदान से लटका था। पुलिस के मुताबिक, सुसाइड नोट में छात्रा ने किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। सुसाइड नोट में कुछ दोस्तों का जिक्र है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी, परिजनों के जागने पर संदूक में छिपा

**लकड़ी के बाक्स में जा छिपा, परिजनों व ग्रामीणों ने मारपीट कर पुलिस को सौंपा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** आगरा के फतेहाबाद थाना क्षेत्र में एक महिला से मिलने उसका बॉयफ्रेंड आधी रात को घर पहुंच गया। बेडरूम से पुरुष की आवाज आने पर जेठ को शक हुआ। उसने घरवालों को जगा दिया और दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलने से पहले महिला ने बॉयफ्रेंड को कमरे में रखे संदूक में कपड़ों के बीच छिपा दिया। घरवालों ने पूरे कमरे में उसे खोजा, लेकिन वह नहीं मिला। इसी बीच महिला के जेठ की नजर संदूक पर पड़ी, जिसकी एक कुंडी अंदर की तरफ लगी थी। उन्होंने संदूक खोला तो अंदर महिला का बॉयफ्रेंड बिना कपड़ों के छिपा हुआ मिला।

पुलिस को पकड़े गए युवक ने बताया कि उसका नाम अजय (30) है। वह फतेहाबाद क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला के पति से उसकी दोस्ती है दोनों ट्रक चालक का काम करते हैं। 5 साल पहले मैं उसके घर आया था। महिला से 4 साल से मेरा प्रेम संबंध चल रहा है। इस दौरान मैं उससे कई बार बाहर भी मिल चुका हूं यही नहीं जब भी महिला का पति घर पर नहीं होता था, वह मुझे फोन कर बुला लेती थी। महिला के घर में जेठ, जेठानी और सास-ससुर रहते हैं। रविवार को मैं उसके बुलाने पर शाम को ट्रक से 40 किलोमीटर दूर उसके गांव पहुंचा। रात 10 बजे उसके जेठ और सास-ससुर खाना खाकर सोने चले गए। पुलिस ने बताया कि रात करीब 1 बजे महिला का जेठ पानी पीने के लिए छत से नीचे आया। उसने महिला के कमरे से पुरुष की आवाज सुनी। इसके बाद घरवालों को बुला लिया। कमरे का दरवाजा खटखटाया। महिला ने डरकर प्रेमी को कमरे में रखे संदूक में छिपा दिया उसने दरवाजा खोला। जेठ ने पूछा- अंदर कौन था? इस पर महिला चुप रही घरवालों ने बिस्तर और बेड के नीचे तलाश की, लेकिन कोई नहीं मिला। इसी बीच जेठ की नजर संदूक पर पड़ी, जिसकी एक कुंडी अंदर की ओर लगी थी। संदूक खोला तो उसमें प्रेमी बिना कपड़ों के बीच छिपा हुआ मिला। घरवालों ने उसकी जमकर पिटाई की।

इस दौरान प्रेमी हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा। घटना के समय महिला का पति आगरा में कहीं ट्रक लेकर गया हुआ था। इंस्पेक्टर फतेहाबाद डीपी तिवारी के मुताबिक ग्रामीणों ने एक युवक को पुलिस के हवाले किया है। महिला के पति की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रेमी अजय की पैरवी में महिला भी थाने पहुंची थी।

## खबर एक नजर

### बीमारी से तंग पत्रकार ने लगाई फांसी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गाजीपुर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात बीमारी से तंग एक पत्रकार ने फंदे से लटक कर जान दे दी। सुबह शव लटका देख घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, इलाके में 40 वर्षीय मनमोहन परिवार के साथ रहते थे। मनमोहन एक न्यूज एजेंसी में पत्रकार थे। बताया जा रहा है कि काफी समय से वह बीमार चल रहे थे। सोमवार रात वह परिवार के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में चले गए। सुबह देर तक उनके बाहर न निकलने पर परिवार वालों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई भी आहट नहीं हुई। इस पर परिजनों ने रौशनदान से झांककर देखा, जहां मनमोहन का शव छत के पंखे से लटक रहा था। यह देख घरवालों के होश उड़ गए और उन्होंने फौरन पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दरवाजा तोड़ शव नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उनके घर में माता-पिता के अलावा मनमोहन की पत्नी और दो बच्चे हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल था।

### इंदिरा नहर में उतराता मिला महिला का शव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** बीबीडी थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक करीब 35 वर्षीय महिला का शव इंदिरा नहर में उतराता मिलने से हड़कंप मच गया। लोगों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकाला और शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शव करीब सप्ताह भर पुराना लग रहा है। उसकी पहचान के लिए राजधानी के सभी थानों समेत आसपास जिलों की पुलिस से संपर्क कर गुमशुदा महिलाओं की डिटेल खंगाली जा रही है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ होगा। फिलहाल उसकी पहचान के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

### दो भाइयों में खूनी संघर्ष

**स्वतंत्र भारत, नगराम।** नगराम के करोरा गांव निवासी मुकेश कुमार द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार मंगलवार सुबह घरेलू बात को लेकर भाई इतवारी अपनी पत्नी अलका के साथ मिलकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लात घूसों व लाठी-डंडों से पिटाई कर दिया। बीच बचाव करने आए अनकेश को भी मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दिया। वहीं इतवारी का आरोप है कि मंगलवार सुबह उसके भाई व छोटे भाई मुकेश किसी बात को लेकर आपस में झगड़ रहे थे। उसने छोटे भाई मुकेश को समझाने का प्रयास किया तो मुकेश कुल्हाड़ी लेकर हमला कर दिया। उसकी पत्नी बीच में आ गई, जिससे कुल्हाड़ी उसके सिर में लग गई और घाव हो गया। मुकेश के लड़के अनिकेत ने उसे पकड़ लिया। तब मुकेश ने उसके सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया जिससे उसके सिर व हाथ में घाव हो गया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि दोनों पक्ष आपस में सगे भाई हैं। दोनों पक्षों द्वारा दी गई तहरीर पर एक दूसरे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर दिया तीन तलाक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र में एक युवक ने दहेज न लाने पर पत्नी को तीन तलाक दे दिया। महिला ने थाने पहुंच पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। हुसैनगंज निवासी महिला का निकाह मार्च 2013 में मलिहाबाद खालिसपुर निवासी शारिफ खान से हुआ था। वर्ष 2018 में शारिफ काम के लिए आस्ट्रेलिया चला गया। पति के विदेश जाने के बाद से ही ससुर, ननद व परिवार के अन्य सदस्य दहेज लाने का दबाव बनाने लगे। बात नहीं मानने पर मारपीट की गई। जिसके बाद महिला को घर से निकाल दिया। हुसैनगंज स्थित मायके में महिला रहने लगी। वर्ष 2023 में शारिफ के आस्ट्रेलिया से लौटने के बाद भी महिला को ससुराल नहीं ले जाया गया। जिस पर परिवार वाले सुलह का प्रयास कर रहे थे। कुछ दिन पूर्व शारिफ खान हुसैनगंज स्थित ससुराल पहुंचा, जहां परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में पति को तीन तलाक दे दिया।

### नहीं सुलझी वृद्धा की मौत की गुत्थी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी के नया पुरवा गांव में सोमवार को घर ने अंदर मिले वद्धा के शव के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत की गुत्थी नहीं सुलझ सकी है। डॉक्टरों ने बिसरा सुरक्षित कर लिया है। नया पूरवा गांव निवासी राम दुलारी (70) घर मे अकेली रहती थी। उसकी बेटी शिवकुमारी उसके साथ थी, लेकिन एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ससुराल गई थी। सोमवार की सुबह को जब वह वापस लौटी तो मां को घर के अंदर मृत पाया। जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### लोधेश्वर महादेव कॉरिडोर का निर्माण जल्द : एसडीएम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** रामनगर के उप जिलाधिकारी पवन कुमार के निर्देश पर हल्का लेखपाल संतोष कुमार वर्मा ने क्षेत्र में मुनादी कराई। इसमें पर्यटन विभाग के पक्ष में रजिस्टर्ड संपत्तियों के मालिकों को तीन दिन के भीतर मकान खाली करने को कहा गया है। उप जिलाधिकारी ने तहसीलदार समेत अधिकारियों के साथ मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण के दौरान लेखपाल को मुनादी कराने के निर्देश दिया है। इससे लोग अपना सामान सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर सकेंगे। प्रशासन ने बताया कि कॉरिडोर का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए चिन्हित मकानों को गिराया जाएगा। उप जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए अपील करते हुए लोगों से तय समय में मकान खाली नही करने पर प्रशासन उनके विरूद्ध कार्रवाई करने पर मजबूर होगा। यही नहीं उन्होंने क्षेत्रवासियों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। यह कॉरिडोर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा। साथ ही यह क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान करेगा।

# पूर्व सभासद की पत्नी ने खुद को गोली से उड़ाया

**पति की लाइसेंसी पिस्टल से पेट में मारी गोली, बीकेटी थाना क्षेत्र का मामला**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी के बीकेटी थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर पूर्व सभासद की पत्नी ने खुद को गोली से उड़ा दिया। उन्होंने पति की लाइसेंसी पिस्टल से पेट में गोली मार मौत को गले लगा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक, बाराबंकी टिकैटनगर निवासी 27 वर्षीय गुंजन सिंह की शादी करीब 9 साल पहले बीकेटी के नंदना नई बस्ती निवासी अतुल सिंह के साथ हुई थी। दोनों के एक आठ साल की बेटी है। अतुल पूर्व सभासद हैं और इस बार का चुनाव हारने के बाद मौजूदा समय प्रापर्टी डीलिंग का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि मंगलवार अतुल काम से बाहर गए थे। दोपहर करीब गुंजन ने अतुल को वाट्सअप पर मैसेज कर खाना खाने के लिए घर बुलाया। अतुल घर आए और खाना परोसने के दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गयी। दोपहर करीब 1:30 बजे बात इतनी बढ़ गयी कि गुंजन गुस्से में अपने कमरे में चली गयी और अतुल बाहर ड्राइंगिरूम में बेटी के साथ बैठ गयी। कमरे में जाकर गुंजन ने पति की लाइसेंसी पिस्टल से खुद के पेट में गोली मार दी। गोली की आवाज आते ही अतुल सन्न रह गए और दौड़ कर कमरे की तरफ गए, जहां गुंजन बिस्तर पर लहूलुहान हालत में पड़ी तड़प रही थी और उसके पेट से खून निकल रहा था। साथ ही उनकी पिस्टल गुंजन के पास पड़ी थी। यह देख अतुल के होश उड़ गए और आनन-फानन में पड़ोसियों की मदद से लहूलुहान गुंजन को हॉस्पिटल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया था।

## मासूम से छिन गया मां का आंचल

गुंजन की मौत पर उनकी आठ साल की बेटी का रो-रोकर बुरा हाल था। वह नासमझ मां से शव से लिपट कर बार-बार मां को उठने के लिए कह रही थी, लेकिन उसे यह नहीं मालूम था कि उससे नन्ही उम्र में ही मां का आंचल हमेशा-हमेशा के लिए छिन गया है। उसे रोता-बिलखता देख लोग और अतुल उसे समझाने का प्रयास कर रहे थे। उसका हाल देख प्रत्यक्षदर्शियों की भी आंखें नम हो गयीं। लोगों के मुंह से सिर्फ एक ही बात निकल रही थी कि झगड़े तो हर परिवार में होते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि बिना किसी की परवाह किये जान दे दी जाए। लोगों का कहना था कि गोली चलाने से पहले एक बार गुंजन ने अगर अपनी मासूम बेटी के बारे में सोंचा होता तो शायद कभी वह मौत को गले लगाने का कदम कभी न उठाती।

## कपड़े बदलने के बाद पिस्टल भी कमरे में ही रख दी

गुंजन की मौत के पर अतुल भी खुद को माफ नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने बताया कि खाना खाने के लिए वह घर आए और कमरे में जाकर कपड़े बदलने के बाद पिस्टल भी वहीं रख दी। उन्हें यह नहीं मालूम था कि पल भर में उनकी दुनिया उजड़ जाएगी। अगर इस बात की जरा भनक होती कि गुंजन उनकी पिस्टल से एक दिन खुदकुशी कर लेगी तो शायद कभी वह पिस्टल उसके आसपास भी न छोड़ते।

# चोरी के गुनाह पर दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले तीन पुलिस की रडार पर

**मृतकों के चेहरे पर कालिख पोतकर पीटकर हत्या का मामला**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** गोमतीनगर थाना क्षेत्र के विरामखंड में चोरी के गुनाह पर राम संवारे और राकेश कुमार की पीट-पीटकर हत्या और चेहरे पर कालिख से 420 लिखने के बाद शव रेलवे ट्रैक किनारे फेंकने वाले तीन और आरोपियों को पुलिस चिन्हित कर उनकी सरगर्मी से तलाश कर रही हे। आरोपियों की तलाश में पुलिस बहराइच, सीतापुर और गोंडा में डेरा डाले हुए है।

सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड में गोमतीनगर पुलिस ने सोमवार सीतापुर रामकोट के गौर बिहट के रहने वाले मोहित, खैराबाद रामपुर के बन्नी गांव के शिवराज उर्फ शिवा और जौनपुर के रामदेव उर्फ महादेव को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी पंकज सिंह ने बताया कि हमले में तीन लोगों को और चिंह्नित किया गया है। चिंह्नित आरोपितों मे मोहित का पिता ललई, मौसा देशराज और चचेरा भाई पप्पी है। तीनों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। तीनों अपना मोबाइल बंद कर फरार हैं। एक टीम सीतापुर पहुंची हैं। आरोपितों के परिवारीजन और रिश्तेदारों के संपर्क में है। वहीं, बहराइच और गोंडा में दो अन्य टीमें लगी हैं। जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी। अगर हत्याकांड में किसी अन्य की भी भूमिका मिली तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार रात बहराइच कैसरगंज के रहने वाले राम संवारे और राकेश, मोहित के घर में चोरी की आशंका से घुसे थे। इस बीच खटपट सुनकर मोहित और उनके घरवाले जग गए थे।

उन्होंने मोहित और राकेश पर हमला बोल दिया था। रिश्तेदार और पड़ोसी शिवराज और रामदेव ने भी पीटा था। इसके बाद चेहरे पर कालिख पोतकर 420 लिखा था। राम संवारे का शव रेलवे ट्रैक के पास और राकेश का कुछ दूर और आगे फेंका था। रविवार सुबह स्थानीय लोगों की सूचना पर पहचान कर उनके घरवालों की सूचना दी गई थी। राम संवारे की पत्नी की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

# दबंगों ने जबरन किया मकान पर कब्जा

- **पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी**
- **हसनगंज थाना क्षेत्र का मामला**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** हसनगंज थाना क्षेत्र के निराला नगर स्थित एक मकान पर अधिवक्ताओं की मदद से कब्जा किया गया। यह आरोप लगाते हुए एनआरआई बहनों के चचेरे भाई ने हसनगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपितों ने मकान हथियाने के लिए जाली कागजों पर बिजली कनेक्शन भी हासिल किया था। निरालानगर में डॉ. सुखेंद्र लाल चोपड़ा पत्नी कमला चोपड़ा के साथ रहते थे। जिनकी दो बेटियां रुपाली और शैफाली चोपड़ा है। माता-पिता की मौजूदगी में ही दोनों बहने नौकरी के लिए अमेरिका चली गई थी। जिसके बाद वहीं बस गई। माता-पिता की कुछ वक्त पहले मौत होने के बाद वह भारत नहीं लौटी। निराला नगर स्थित घर पर ताला पड़ा था। कुछ वक्त पूर्व मकान की साफ-सफाई करवाने के लिए रुपाली और शैफाली ने हरियाणा हिसार निवासी चचेरे भाई अंकुर चोपड़ा से कहा। जिसके बाद अंकुर लखनऊ आए। पीड़ित के मुताबिक निराला नगर स्थित मकान पहुंचने पर उन्हें गेट खुला मिला। छानबीन करने पर पता चला कि काफी वक्त से मकान में मस्तराम परिवार के साथ रहता है। अंकुर के मुताबिक घर में दाखिल होने पर मस्तराम की पत्नी सावित्री ने रोक दिया। उसके साथ बेटी बिटाना, दामाद राम व एक अन्य व्यक्ति लक्ष्मण भी थे। किसी तरह अंकुर मकान में घुसे। जहां अलमारियां टूटी मिली। चाचा-चाची के घर में लगे एसी समेत सभी सामान गायब था। आस-पास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि कुछ अधिवक्ताओं ने मस्तराम के परिवार को घर में घुसाया था।

## जाली दस्तावेजों से लिया बिजली कनेक्शन

पीड़ित के मुताबिक, आरोपितों ने मस्तराम के नाम से बिजली कनेक्शन भी ले रखा था। कुछ वक्त पहले मस्तराम की भी मौत हो गई। यह जानकारी होने पर अंकुर चोपड़ा ने अधिशासी अभियंता से मिल कर शिकायत की। जिसके बाद बिजली विभाग ने कनेक्शन काटते हुए मीटर उतार लिया। 20 अप्रैल को अंकुर ने हसनगंज कोतवाली पहुंच कर मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें सावित्री देवी, उसकी बेटी बिटाना, समर, रामू, लक्ष्मण, विनय सोनकर समेत करीब 17 अधिवक्ताओं पर आरोप लगाया। इंस्पेक्टर हसनगंज अमर सिंह ने बताया कि आरोपों की जांच की जा रही है।

# दंपति ने जिम ट्रेनर को लगाया 12 लाख का चूना

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** भारत सरकार की तरफ से गरीब बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति दिलाने का दावा कर दम्पति ने जिम ट्रेनर से करीब 12 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव से शिकायत की थी। जिनके निर्देश पर मदेयगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ। खदरा निवासी रेहान अली जिम ट्रेनर है। पीड़ित की मुलाकात कुछ वक्त पहले महानगर स्थित जिम में शानू अरफीन और उसके पति अल्ताफ से हुई थी। शानू ने बताया था कि उसका पति कारस मल्टीनेशनल में काम करता है। यह कम्पनी भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है। केंद्र सरकार की तरफ से एक स्कीम चलती है। जिसमें गरीब बच्चों की छात्रवृत्ति फण्ड में निवेश करने वालों को मुनाफा मिलता है। आरोपितों ने रेहान अली को भी निवेश के लिए प्रेरित किया। करीब 12 लाख रुपये हड़पने के बाद शानू और अल्ताफ ने रुपये नहीं दिए। पूछताछ करने पर आरोपितों ने गाली गलौज की। दम्पति की हरकतों से परेशान होकर पीड़ित ने मदेयगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

## जमीन दिलाने के नाम पर नौ लाख की ठगी

बिजनौर कोतवाली में युवक ने जमीन दिलाने के बदले नौ लाख की धोखाधड़ी किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया। उधर, पारा कोतवाली में युवक ने प्रापर्टी डीलर के खिलाफ दो लाख 70 हजार रुपये हड़पने की रिपोर्ट लिखाई है। कृष्णानगर निवासी पीयूष मण्डल ने जमीन खरीदने के लिए प्रफुल्ल श्रीवास्तव से नौ लाख में सौदा किया था। पीड़ित ने टुकड़ों तय रकम अदा कर दी। इसके बाद भी प्रफुल्ल रजिस्ट्री करने को तैयार नहीं हुए। पीड़ित के मुताबिक प्रफुल्ले के साथ आकाशदीप वर्मा, शिवम निगम, शुभम राय और घनश्याम पाठक भी धोखाधड़ी में शामिल हैं। इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद राणा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। उधर, पारा कोतवाली में हरदोई बेनीगंज निवासी अवधेश कुमार ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपित प्रापर्टी डीलर अमित कुमार ने जमीन दिलाने का झांसा देकर दो लाख रुपये 70 हजार रुपये दिए थे।

# बॉलीवुड एक्टर ललित मनचंदा ने की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के मेरठ जिले के लिसाड़ी गेट के प्रहलाद नगर में रह रहे ललित मनचंदा ने रविवार देर रात वो अपने कमरे में सोने गए थे। सोमवार की सुबह परिवार के लोग जब कमरे में जगाने गये तो देखा वह पंखे से चद्दर के सहारे लटकता देख पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वह धाराविहकों में बतौर अभिनेता के रूप में काम करते थे। वह बीते कारोना काल के दौरान से वह मुम्बई से लौटकर अपने पैत्रक शहर में परिवार के साथ रह रहे थे। उन्होंने इंडिया मोस्ट वांटेड, क्राइम पेट्रोल, खिचड़ी और उल्टा चश्मा जैसे सीरियलों में काम कर चुके है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया मृतक ललित मनचंदा के बड़े भाई रवि मनचंदा ने बताया कि 10 साल से भी अधिक समय से वह मुंबई में रह रहे थे। उन्हें काम नहीं मिल रहा था इससे वह काफी परेशान रहते थे बॉलीवुड प्रोजेक्ट के साथ जुड़े रहने के साथ ही वह अपने भाई रवि के साथ मेरठ के लिसाड़ी गेट के प्रहलादनगर में रह रहे थे। करीब 18 महीने पहले वो मुंबई से अपने शहर मेरठ में आ गए थे। उनकी पत्नी एक बेटी और एक बेटा भी उनके साथ ही रहते थे। दसकों वर्ष से अधिक समय तक मुंबई में रहने के बाद भी उन्हें कोई काम नहीं मिल पा रहा था जिससे वह काफी परेशान रहने लगे थे। परिजनों ने पुलिस से कोई शिकायत नहीं की रविवार को वो ज्यादा परेशान लग रहे थे।

# संदिग्ध परिस्थिति में छात्र समेत मजदूर की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** वाराणसी के जिले के शिवपुर थाना क्षेत्र के चांदमारी खुशहाल नगर स्थित ज्ञानदीप स्कूल के समीप मंगलवार को इंटर के एक छात्र को संदिग्ध परिस्थिति में गोली लगने से घायल हो गया जिसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं मीरजापुर जिले के जिगना थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव के बाहर एक आम के पेड़ से मजदूर का शव लटकते देख चरवाहों ने प्रधान को जानकारी दी उन्होंने पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस उपायुक्त वरुणा प्रमोद कुमार ने बताया हेमंत पुत्र कृपाशंकर सिंधौरा वाराणसी के निवासी हैं। वहीं मृतक के अधिवक्ता पिता की तहरीर पर पुलिस स्कूल के निदेशक व उनके बेटे समेत स्कूल के प्रिंसिपल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं घटनास्थल कमरे के बाहर कैमरा लगा है सीसीटीवी फुटेज की छानबीन की जा रही है। सूचना मिलते ही डीआईजी राजेश कुमार, एडीसीपी नीतू कात्यायन, एसीपी विदुष सक्सेना और एसीपी क्राइम श्रुति श्रीवास्तव, फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। मृत छात्र के परिजनों का आरोप है कि स्कूल के प्रिंसिपल ने लड़के को बुलाया था।

**मजदूर का शव पेड़ से लटकता मिला**

मीरजापुर के जिगना थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव स्थित नेगुरा चौबे मजरा में मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब चरवाहों ने आम के पेड़ से एक व्यक्ति का शव लटकता देखा। शव की पहचान छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के झांझ बोझिदा गांव निवासी 36 वर्षीय मोहित राम पोर्ते के रूप में हुई है। मोहित राम अपनी पत्नी सरिता देवी के साथ मनिकठी गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर पथेरा का कार्य करता था। पत्नी के अनुसार सोमवार रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद मोहित राम घर से बाहर चला गया। मंगलवार दोपहर ईंट भट्ठे से लगभग 300 मीटर उत्तर आम के पेड़ से उसका शव लटकता पाया गया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## विभाजक विरोध

आजकल किसी सामान्य रूप और लंबे समय से चले आ रहे किसी व्यवहार-विषय को विवाद का मुद्दा बनाने की हवा चल पड़ी है। वर्षों से आम लोगों के लिए सहज रही बात को अनुचित ठहराने के पीछे कुछ व्यक्तियों या समूहों का स्वार्थ ही होता है जिसका मकसद समाज को विभाजित कर राजनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करना होता है। दक्षिण भारत के गौरवशाली अतीत के राज्य तमिलनाडु में हिंदी पर असंतोष फैलाने का सिलसिला चल ही रहा है। यह वहां के राजनीतिज्ञों का काफी पुराना मुद्दा भी रहा है जिसे चुनावों के आने पर योजनाबद्ध ढंग से उठाया जाता है। इसी तरह हाल ही में महाराष्ट्र में उर्दू को लेकर वितंडा खड़ा करने की कोशिश की गई। एक नगर परिषद के साइन बोर्ड पर उर्दू का इस्तेमाल इतना अखरा कि मामले को सुप्रीम कोर्ट ले जाया गया। यह तो अच्छी बात है कि शीर्ष न्यायालय देश की कई विसंगतियों और परतों में छिपी साजिशों को सिरे से खारिज कर रहा है और वही उसने इस मामले में भी किया। गंगा-जमुनी तहजीब का पाठ पढ़ाते हुए कोर्ट ने इस याचिका को खारिज किया। बोलचाल एवं साहित्य सृजन में उर्दू अब इतने गहरे तक रच-बस चुकी है कि इस की खिलाफत का मकसद ही शक के घेरे में आ जाता है। इसीलिए कोर्ट ने साफ तौर पर कहा कि भाषा का कोई धर्म नहीं है और इसे लोगों को बांटने का कारण नहीं बनाया जा सकता। उर्दू विदेशी भाषा नहीं है और हिंदी का इस्तेमाल भी उर्दू शब्दों के बिना अधूरा है। हिंदी खुद फारसी शब्द 'हिन्दवी' से आया है। दोनों में कई समानताएं भी हैं। हिंदी-उर्दू के बीच बंटवारा अंग्रेजों के समय में धर्म के आधार पर किया गया और दुर्भाग्य ही है कि यह गलतफहमी आज भी फैलाई जा रही है। वैसे भी अगर रोजमर्रा के व्यवहार में उर्दू लोगों को जोड़ने का मजबूत जरिया बनकर उभरी है। तब अलग-अलग समुदायों को जोड़ने वाली भाषा को मजहब के दायरे में कैसे बांधा जा सकता है। मिसाल के तौर पर कई मशहूर हिंदू शायरों और लेखकों ने उर्दू में ही अपने जजबात और खयालात को उतारा और कद्रदानों ने उन्हें हाथो हाथ लिया। फिर भी अगर इसके खिलाफ आवाज उठाई जाती है तो इसके पीछे के मकसद को संजीदगी के साथ समझना होगा।

## बढ़ते कदम

यह त्रासदी ही थी कि आजादी मिलने के बाद से देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश कई क्षेत्रों में लंबे समय तक पिछड़ा बना रहा। इसका मुख्य कारण तत्कालीन केंद्र और राज्य सरकारों का इस प्रदेश के प्रति लगातार उपेक्षा भाव बना रहना था। इसी कारण यहां की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा अधिकांश समय तक निरक्षर ही बना रहा और अतिसाधारण व निर्धन लोग पिछड़ेपन व शोषण का शिकार होते रहे। साक्षरता, प्रौढ़ शिक्षा व स्कूल चलो जैसे अभियान जरूर चले लेकिन उनके क्रियान्वयन में गंभीरता तथा प्रतिबद्धता न होने के कारण अपेक्षित परिणाम न मिल सका। गत करीब एक दशक से राजनीतिक-प्रशासनिक हालात बदलने के बाद स्थिति में अप्रत्याशित रूप से सुधार हुआ। केंद्र सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश की साक्षरता दर अब तिहत्तर प्रतिशत के करीब पहुंच गई है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में इस दिशा में और प्रयास जरूरी हैं जहां यह दर करीब साढ़े सत्तर प्रतिशत है। महिलाओं में साक्षरता की दर उल्लेखनीय रूप से तिरसठ प्रतिशत हो गई है जबकि पुरुषों में यह इक्यासी प्रतिशत से कुछ अधिक है। पुरुष साक्षरता में यूपी इस समय आंध्र, तेलंगाना, बिहार और राजस्थान से आगे है। यह उपलब्धि प्रदेश के विकास में भी सहायक बन रहीं है। साक्षर होने के बाद ज्यादातर लोग उनके लिए चलाई जा रही विकास की योजनाओं को बेहतर ढंग से समझते हुए उनसे ज्यादा सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं। महिला साक्षरता का प्रतिशत भले ही अभी कुछ कम हो लेकिन जिस ढंग से उनकी रुचि इसमें बढ़ी है, उसके काफी सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। बैंकों और सरकारी योजनाओं से मदद लेने के साथ छोटे काम-धंधों, स्वयं सहायता समूहों में सक्रियता से आगे बढ़ने का रुझान तेजी से उनमें पनप रहा है। समाज, खासकर ग्रामीण आबादी का एक बड़ा हिस्सा जो पहले निरक्षर होने के कारण आगे बढ़ने की गतिविधियों से पूरी तरह अलग थलग था, वह अब उनमें सक्रिय रूप से जुड़ कर अपने जीवन को नया रूप दे रहा है। यह स्थिति सामाजिक परिवर्तन का वाहक भी बनेगी।

## काँव-काँव

♦♦♦

**राहुल गांधी की नागरिकता पर हाईकोर्ट सख्त**
चुनाव आयोग को समन भेजा गया या नहीं?

**नक्सलियों के खिलाफ जारी रहेगी मुहिम-शाह**
विदेशी कंपनियां जंगल खरीदने आ चुकी हैं!

**पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग**
मणिपुर हिंसा के समय तो भाजपा सरकार थी!

**सेवानिवृत्त डीजीपी की हत्या में पत्नी गिरफ्तार**
कुंडली मिलाने वाला पंडित भी दोषी हुआ!

**शरद और अजित पवार साथ आने की अटकलें**
अगर ये टीवी सीरियल होता तो पिट चुका होता!

**पोप के निधन से दुखी हुए डेढ़ अरब कैथोलिक**
भारतीय क्रिप्टो क्रिश्चियन रो भी नहीं सकते!

♦♦♦


# अमेरिका-चीन टैरिफ युद्ध और भारत

शशांक

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद वैश्विक स्तर पर व्यापारिक रिश्ते में व्यापक उथल-पुथल देखने को मिल रही है. अमेरिकी राष्ट्रपति के टैरिफ युद्ध के कारण दुनिया के अधिकांश देश के व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है. इसका असर अमेरिका-भारत के रिश्तों पर भी पड़ना तय है. उदाहरण के लिए, ट्रंप की संरक्षणवादी नीति का असर भारतीय छात्रों को मिलने वाले वीजा पर पड़ ही रहा है. हालांकि ट्रंप ने चीन को छोड़कर अन्य देशों को 90 दिनों की मोहलत दी है. ट्रंप चाहते हैं कि भारत सहित अन्य देश व्यापार के मामले में संतुलन बनाने के लिए कदम उठाएं. ट्रंप की कोशिश टैरिफ वार के बीच अन्य देशों के साथ व्यापार समझौता करने की भी है. सच्चाई यह है कि भारत सहित अन्य देशों के साथ अमेरिका व्यापार समझौता करने के लिए तैयार है. इसकी वजह यह है कि ट्रंप के टैरिफ मामले में भारत समेत दूसरे देशों का रवैया नर्म है. दूसरी ओर, चीन जैसे देशों के सख्त रवैये को देखते हुए अमेरिका ने और अधिक टैरिफ लगाने का फैसला लिया है. यह मानना गलत होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ लगाने का फैसला यों ही ले लिया होगा. अमेरिका का दरअसल यह साफ मानना है कि कई देशों के साथ व्यापार समझौते के कारण देश को बहुत आर्थिक नुकसान हो रहा है और अमेरिकी हितों की अनदेखी कर चीन सहित कई देश अनुचित आर्थिक लाभ हासिल कर रहे हैं. इस सोच को आगे बढ़ाने के लिए ट्रंप ने व्यापारिक हित में टैरिफ बढ़ाने का फैसला लिया है. तथ्य यह है कि हाल में वर्षों में चीन के साथ व्यापार में अमेरिका का व्यापार घाटा काफी बढ़ गया है. अमेरिकी बाजार में चीनी उत्पादों का दखल काफी बढ़ गया है. इसके कारण जहां अमेरिकी हितों को भारी नुकसान हो रहा था, वहीं अमेरिका के पड़ोसी देशों में भी चीन आर्थिक तौर पर मजबूत होता जा रहा था. यह सर्वविदित है कि ट्रंप ने अमेरिकी लोगों के बीच अमेरिका को फिर से महान बनाने का वादा कर रखा है. इस वादे के अनुरूप ट्रंप ने टैरिफ बढ़ाने का फैसला लिया, ताकि अमेरिका के आर्थिक हितों को सुरक्षित किया जा सके. इस टैरिफ वार की चपेट में स्वाभाविक रूप से भारत सहित कई देश आ गये हैं. जबकि ट्रंप के निशाने पर मुख्य रूप से तो चीन ही है. इसीलिए व्यावहारिक फैसला लेते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीन को छोड़कर अन्य देशों को टैरिफ के अतिरिक्त दबाव से छूट प्रदान कर दी है. अगर गौर करें, तो पायेंगे कि दूसरी बार अमेरिका की सत्ता संभालने के बाद से ही ट्रंप ने वैश्विक स्तर पर चल रहे कई युद्धों में अमेरिका की भागीदारी कम करने पर जोर दिया. इसके पीछे ट्रंप की सोच यह है कि दुनिया भर के देशों को मदद करने से अमेरिकी संसाधनों का भारी दुरुपयोग होता है, जिसका खामियाजा अमेरिकी नागरिकों को भुगतना पड़ता है. रूस और यूक्रेन के बीच का युद्ध रोकने के लिए ट्रंप ने दोनों देशों के प्रतिनिधियों से बातचीत शुरू की. उन्होंने यूक्रेन को साफ शब्दों में यह संदेश दिया कि युद्ध रोकना होगा, और अगर ऐसा नहीं किया गया, तो यूक्रेन को सैन्य और आर्थिक मदद अमेरिका की ओर से मुहैया नहीं करायी जाएगी.. अमेरिका के दबाव में रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता शुरू हुई, लेकिन इसका कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकल सका. ट्रंप ने इस मामले में रूस और यूक्रेन के रवैये की आलोचना तो की ही, साथ-साथ उन्होंने नाटो देशों के आर्थिक और सैन्य सहयोग में कटौती करने की भी बात कही है. अमेरिका के इस फैसले से नाटो के कई देश नयी व्यवस्था बनाने में जुट गये हैं. अमेरिका के इस फैसले के कारण कई यूरोपीय देशों की सुरक्षा को लेकर अमेरिकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठ रहे हैं. इसमें भी कोई संदेह नहीं कि इससे वैश्विक स्तर पर अमेरिका की साख को नुकसान पहुंचा है. बाहर तो छोड़िए, खुद अमेरिका के भीतर ट्रंप की नीतियों पर सवाल उठ रहे हैं. सिर्फ यही नहीं कि ट्रंप ने टैरिफ वार शुरू करने का फैसला बहुत सोच-समझकर लिया, बल्कि वह चीन को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं. चीन की कोशिश वर्ष 2049 तक खुद को वैश्विक महाशक्ति के तौर पर स्थापित करने की है. जाहिर है कि यह बात अमेरिका को कतई स्वीकार नहीं हो सकती. वैसे भी अमेरिका में चीन के बढ़ते प्रभुत्व को लेकर सवाल उठते रहे हैं. ट्रंप ने चीन के इस प्रभाव को कम करने के लिए ही यह आक्रामक रवैया अपनाया है. दरअसल अमेरिका सहित कई अन्य देश चीन में होने वाले निवेश को कम कर भारत और अन्य देशों में लगाने की तैयारी कर रहे थे. लेकिन विभिन्न कारणों से वह समझौता नहीं हो पाया और चीन व्यापार के क्षेत्र में काफी सशक्त बन गया. चीन के आर्थिक और सामरिक तौर पर बढ़ रहे प्रभाव को कम करने के लिए अमेरिका कूटनीतिक स्तर पर भी प्रयास कर रहा है. वास्तविकता यह है कि आर्थिक तौर पर सशक्त होने के बाद चीन सैन्य तौर पर भी खुद को स्थापित करने की कोशिश में जुट गया है. ऐसे में अमेरिका भारत के साथ मिलकर चीन के प्रभाव को कम करने के लिए प्रयास कर रहा है. अमेरिका का मानना है कि चूंकि मौजूदा समय में चीनी अर्थव्यवस्था गंभीर संकट से जूझ रही है, ऐसे में, उसे कमजोर करने का यह सही मौका है. लेकिन ट्रंप की इस आक्रामकता का चीन पर कितना और कैसा असर होगा, यह देखने की बात होगी. इस मामले में कूटनीतिक विशेषज्ञों की राय अलग-अलग है. लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह टैरिफ वार वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ-साथ बहुत कुछ उलट-पुलट देगा. सच तो यह है कि चीन का बढ़ता प्रभुत्व भारत के लिए भी चिंता का विषय है, क्योंकि चीन भारत के पड़ोसी देशों में राजनीतिक और कूटनीतिक प्रभाव लगातार बढ़ाने का प्रयास कर रहा है. बांग्लादेश की मौजूदा सरकार भी चीन के इशारे पर काम कर रही है. पूर्वोत्तर से सटे देशों जैसे म्यांमार और भूटान को लेकर भी चीन आक्रामक नीति पर काम कर रहा है. ऐसे में भारत सरकार को चीन के प्रभाव को कम करने के लिए व्यापक स्तर पर रणनीति अपनानी होगी. वैसे भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर कुछ विवाद है. इसको लेकर जल्द ही दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच उच्च-स्तरीय बैठक होने वाली है. अमेरिका दबाव बनाकर बीच का रास्ता तैयार करने की कोशिश में है. अमेरिका और चीन के बीच का व्यापार युद्ध चाहे कितना भी गंभीर हो और कितना भी लंबा खिंचे, इसका असर भारत पर पड़े बिना नहीं रह सकता. अतः हमें इस बारे में सजग रहना होगा और इसी के अनुरूप अपनी नीतियां तैयार करनी होंगी, क्योंकि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रह सकती है।



## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

नहीं; अमीना उसे यों न जाने देगी। नन्ही-सी जान! तीन कोस चलेगा कैसे! पैर में छाले पड़ जायेंगे। जूते भी तो नहीं हैं। वह थोड़ी-थोड़ी दूर पर उसे गोद ले लेगी; लेकिन यहां सेवैयां कौन पकायेगा ? पैसे होते तो लौटते-लौटते सब सामग्री जमा करके चटपट बना लेती।
यहां तो घण्टों चीजें जमा करते लगेंगे। मांगे ही का तो भरोसा ठहरा। उस दिन फहीमन के कपड़े सिये थे। आठ आने पैसे मिले थे। उस अठन्नी को ईमान की तरह बचाती चली आती थी इसी ईद के लिए, लेकिन कल ग्वालन सिर पर सवार हो गयी तो क्या करती। हामिद के लिए कुछ नहीं है, तो दो पैसे का दूध तो चाहिए ही। अब तो कुल दो आने पैसे बच रहे हैं। तीन पैसे हामिद की जेब में, पांच अमीना के बटवे में। यही तो विसात है और ईद का त्योहार ! अल्लाह ही बेड़ा पार लगावे। धोवन और नाईन और मेहतरानी और चूड़िहारिन सभी तो आयेंगी। सभी को सेवैयां चाहिए और थोड़ा किसी की आंखों नहीं लगता। किस-किससे मुंह चुरायेगी। और मुंह क्या चुराये ? साल भर का त्योहार है। ज़िन्दगी खैरियत से रहे, उनकी तकदीर भी तो उसी के साथ है। बच्चे को खुदा सलामत रक्खे, ये दिन भी कट जायेंगे।
गांव से मेला चला। और बच्चों के साथ हामिद भी जा रहा था। कभी सबके सब दौड़कर आगे निकल जाते। फिर किसी पेड़ के नीचे खड़े होकर साथ वालों का इन्तजार करते। ये लोग क्यों इतना धीरे-धीरे चल रहे हैं। हामिद के पैरों में तो जैसे पर लग गये हैं। वह कभी थक सकता है! शहर का दामन आ गया। सड़क के दोनों ओर अमीरों के बगीचे हैं। पक्की चारदीवारी बनी हुई है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**जलबिन्दु निपाते क्रमशः पूर्यते घटः।**
**सः हेतुः सर्वविद्यानां धर्मस्य च धनस्य च।।**

जिस प्रकार जल की एक-एक बूंद से धीरे-धीरे पूरा घड़ा भर जाता है, उसी प्रकार एक-एक अक्षर प्रतिदिन पढ़ने से मनुष्य एक दिन विद्वान, एक-एक पैसे जोड़ते रहने से धनवान् और थोड़ा-थोड़ा धर्नानुष्ठान करते रहने से धार्मिक प्रवृत्ति का बन जाता है।

♦♦♦

# ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवा सुधारने की कोशिश

- संजना ब्रह्मवार मोहन

एक गर्भवती स्त्री पहाड़ पर पांच किलोमीटर चलते हुए डॉक्टर के क्लिनिक में किस तरह रात को पहुंचती है? सिलिकोसिस और टीबी के शिकार कुपोषित युवा को, जो अंडे और दूध नहीं खरीद सकता, उसे कोई पौष्टिक भोजन करने की सलाह भला कैसे दे सकता है? एक बीमार बच्चे का इलाज भला कैसे संभव है, जब नजदीक का अस्पताल 20 किलोमीटर दूर हो और परिवहन की कोई व्यवस्था न हो? ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में साफ-सफाई के अभाव, बाढ़ और कुपोषण से होने वाली मलेरिया, डायरिया और हैजे जैसी बीमारियों पर अंकुश भला कैसे लगाया जा सकता है? ग्रामीण भारत में ऐसे दृश्य आम हैं, लेकिन यह केवल भारत की सच्चाई नहीं है. दुनिया भर के गांवों में कमोबेश ऐसी ही स्थिति है. यह ठीक है कि विकसित और विकासशील देशों के बीच बहुत ज्यादा फर्क है, लेकिन दुनिया भर के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं तक मरीजों की पहुंच एक बड़ी समस्या है. इसकी वजह यह है कि संसाधन ज्यादातर शहरों में ही केंद्रित होते हैं. परिवहन और संचार के साधनों की समस्याएं हर देश में हैं, इस कारण ग्रामीण इलाकों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों की तैनाती में लगभग सभी देशों को मुश्किलें आती हैं. विगत छह अप्रैल को बेंगलुरु में संपन्न हुए तीन दिवसीय वैश्विक ग्रामीण स्वास्थ्य सम्मेलन में भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका न्यूजीलैंड, नॉर्वे, नेपाल और श्रीलंका के डॉक्टरों ने ही इन्हीं मुद्दों पर बात की. मेडिकल कॉन्फ्रेंसों में सिर्फ डॉक्टरों की ही मौजदूगी रहती है. लेकिन इस ग्रामीण स्वास्थ्य सम्मेलन की शुरुआत ही दाइयों और नर्सों के एक पैनल से हुई. गर्भावस्था, प्रसव होने और प्रसव के बाद की स्थिति में महिलाओं की मदद करने वाली दाइयां उन मध्य आय वाले देशों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जहां कुशल स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने वाले की भारी कमी रहती है. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2024 में आंकड़ा दिया कि दुनिया में 2.9 करोड़ नर्सें और 22 करोड़ दाइयां हैं. उसका यह भी आकलन है कि 2030 तक दुनिया भर में 45 लाख नर्सों और 3.1 लाख दाइयों की कमी होगी. जाहिर है कि यह एक बड़ी समस्या होगी, क्योंकि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में नर्सें और दाइयां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. अगर तुलना करें, तो हम पाते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा सुविधा की कमी 56 प्रतिशत है, जबकि शहरी इलाकों में यह कमी 22 फीसदी ही है. अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर में 13 करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों की कमी है, जिनमें से दो तिहाई स्वास्थ्यकर्मियों का अभाव ग्रामीण क्षेत्रों में है. इस रिपोर्ट में शहरी और ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्यकर्मियों की कमी के आंकड़े दिये गये हैं. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्यसेवा सुविधाओं में फर्क सभी जगह है, लेकिन कम आयवाले तथा धन के असमान वितरण वाले देशों में यह फर्क ज्यादा ही है. उदाहरण के लिए, नाइजीरिया की जीडीपी अफ्रीका में सर्वाधिक है, लेकिन इसकी प्रतिव्यक्ति आय कम है. नाइजीरिया की 40 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी में जीवन बिताती है, और वहां स्वास्थ्यसेवा व्यवस्था ऐसी है कि 80 प्रतिशत मामलों में लोगों को अपनी जेब से उसका खर्च देना पड़ता है. भारत में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक स्वास्थ्यसेवा क्षेत्र में जेब से खर्च चुकाने का आंकड़ा कम होता जा रहा है. वर्ष 2017-18 में यह 48.8 प्रतिशत था, जो 2021-22 में घटकर 39.4 फीसदी रह गया. विकसित देशों में ग्रामीण स्वास्थ्य-सेवा की स्थिति बहुत सुखद नहीं है. जैसे, नीदरलैंड एक छोटा और विकसित देश है और शहरों से गांवों की दूरी कम होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्यसेवा की स्थिति संतोषजनक होनी चाहिए. लेकिन बड़ी संख्या में युवाओं का गांवों से शहरों की तरफ जाने से ग्रामीण इलाकों में बुजुर्गों की स्थिति खराब होती जा रही है, क्योंकि उनकी देखभाल करने वाले कम लोग बचे हैं. वर्ष 1992 से वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन ऑफ फैमिली डॉक्टर्स ने ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य-सेवा पर खास ध्यान केंद्रित किया है. लेकिन बहुत कुछ नहीं बदला है।
हालांकि ऑस्ट्रेलिया और भारत इस समस्या का हल निकाल रहे हैं. ऑस्ट्रेलिया में ग्रामीण इलाकों में काम करने वाले डॉक्टरों को प्रोत्साहन राशि मिलती है, जबकि भारत में युवा डॉक्टरों को ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों की समस्याओं के बारे में बताकर उन्हें वहां के प्रति संवेदनशील बनाया जाता है. इस साल अक्तूबर में युवा भारतीय डॉक्टरों का एक समूह उदयपुर सिटी से 25 किलोमीटर दूर इसवाल गांव में रूरल सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम (आरएसपी) में भाग लेने के लिए एकत्रित होगा. आरएसपी दरअसल एक तीन दिवसीय फील्ड प्रोग्राम होता है, जिसमें ग्रामीण और आदिवासी इलाकों की समस्याओं के बारे में स्वास्थ्यकर्मियों को जानकारी देते हुए उन्हें वहां काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. इसका आयोजन बेसिक हेल्थकेयर सर्विसेज करती है. यह कार्यक्रम उन युवा डॉक्टरों के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रहा है, जो शहरी इलाकों में रहते हैं और कॉरपोरेट दुनिया में पले-बढ़े हैं. भारत की स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी, जाहिर है, ग्रामीण भारत से ही मिल सकती है।



## प्रेरक प्रसंग

### धन सफलता प्रेम

एक दिन एक औरत अपने घर के बाहर आई और उसने तीन संतों को अपने घर के सामने देखा। वह उन्हें जानती नहीं थी। औरत ने कहा कृपया भीतर आइये और भोजन ...करिये।
संत बोले क्या तुम्हारे पति घर पर हैं?
औरत ने कहा नहीं, वे अभी बाहर गए हैं।
संत बोले हम तभी भीतर आयेंगे जब वह घर पर हों।
शाम को उस औरत का पति घर आया और औरत ने उसे यह सब बताया।
औरत के पति ने कहा जाओ और उनसे कहो कि मैं घर आ गया हूं और उनको आदर सहित बुलाओ।
औरत बाहर गई और उनको भीतर आने के लिए कहा।
संत बोले हम सब किसी भी घर में एक साथ नहीं जाते।
पर क्यों? औरत ने पूछा।
उनमें से एक संत ने कहा मेरा नाम धन है फिर दूसरे संतों की ओर इशारा कर के कहा इन दोनों के नाम सफलता और प्रेम हैं। हममें से कोई एक ही भीतर आ सकता है। आप घर के अन्य सदस्यों से मिलकर तय कर लें कि भीतर किसे निमंत्रित करना है।
औरत ने भीतर जाकर अपने पति को यह सब बताया। उसका पति बहुत प्रसन्न हो गया और बोला यदि ऐसा है तो हमें धन को आमंत्रित करना चाहिए। हमारा घर खुशियों से भर जाएगा।
लेकिन उसकी पत्नी ने कहा मुझे लगता है कि हमें सफलता को आमंत्रित करना चाहिए।
उनकी बेटी दूसरे कमरे से यह सब सुन रही थी। वह उनके पास आई और बोली मुझे लगता है कि हमें प्रेम को आमंत्रित करना चाहिए। प्रेम से बढ़कर कुछ भी नहीं है।
तुम ठीक कहती हो, हमें प्रेम को ही बुलाना चाहिए उसके माता-पिता ने कहा।
औरत घर के बाहर गई और उसने संतों से पूछा आप में से जिनका नाम प्रेम है वे कृपया घर में प्रवेश कर भोजन ग्रहण करें।
प्रेम घर की ओर बढ़ चले। बाकी के दो संत भी उनके पीछे चलने लगे। औरत ने आश्चर्य से उन दोनों से पूछा मैंने तो सिर्फ़ प्रेम को आमंत्रित किया था। आप लोग भीतर क्यों जा रहे हैं?
उनमें से एक ने कहा यदि आपने धन और सफलता में से किसी एक को आमंत्रित किया होता तो केवल वही भीतर जाता। आपने प्रेम को आमंत्रित किया है। प्रेम कभी अकेला नहीं जाता। प्रेम जहां-जहां जाता है, धन और सफलता उसके पीछे जाते हैं।

## आपका पत्र मिला

### संसद कानून बनाती है लेकिन सुप्रीम कोर्ट अंतिम विकल्प

देश के हर व्यक्ति को समानता का अधिकार है वह अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए स्वतंत्र है।सुप्रीम कोर्ट पर निशिकांत दुबे ने टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। उन्होंने सीधा कोर्ट पर निशाना साधते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट सीमा से बाहर है।इतना ही नहीउन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट जाना है तो संसद और विधानसभा बन्द के दो। उनके बयान पर सियासतदानों में हड़कम्प मच गया है। हर नागरिक अभिव्यक्ति के लिए आजाद है। सुप्रीम कोर्ट को लेकर की गई टिप्पणी पर देश मे उहापोह मचा है।देश में जिस तरह से हिन्दू मुस्लिम हो रहा है। इसके लिए कौन है जिम्मेदार? देश संविधान पर चलता है को विश्वसनीयता आज भी बरकरार है। कई लोगों के लिए देश का पूरा का पूरा संविधान हिंदुओ के खिलाफ बना दिया है।हर एक व्यक्ति की पीड़ा को कौन समझ सकता है। सेक्युलर के नाम पर हिंदुओ का दमन हो रहा है।कांग्रेस ने बंटवारे के समय और उसके पहले वोटबैंक की राजनीति कर विभाजन की दीवार खड़ी कर दी। हिन्दूओं को आज दिन तक नही पता कि 1947 में आजादी हिंदुओ को मिली या मुस्लिमो को ही मिली। हिन्दू आज भी राजनैतिक षड्यत्रकारों का गुलाम है।आजादी के बाद 23 प्रतिशत मुसलमानों को 31 प्रतिशत जमीनें दे दी गई।भारत पाकिस्तान का विभाजन के दौरान करोड़ो लोग बेघर हुए है।डायरेक्ट ऐक्शन से ही अलग देश बना है। सत्य हमेशा पारदर्शी है धर्म को कभी भी संकीर्णता प्रदान नहीं की जा सकती है। देश में एकता और अखंडता की मिसाल पेश करने वाले धर्मप्रेमी भाईयों को आगे आना चाहिए। देश में शांति स्थापित करने वाले मुठ्ठीभर युवाओं को धर्म के नाम पर विभाजनकारी मानसिकता को पनपने नहीं देना चाहिए।

**कांतिलाल मांडोत**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# बच्चों के हायर एजुकेशन के लिए बचाना है पैसे, इन बातों पर दें ध्यान



**1.बच्चे की उच्चतर शिक्षा के लिए कितनी राशि की जरूरत पड़ेगी?**

शिक्षा की वास्तविक दर अधिक हो सकती है। इससे उस खर्च के बारे में एक समग्र विचार मिलता है जब अपने बच्चे के 18-20 वर्ष का होने पर आपको उसके सामान्य शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए योजना बनानी होगी। यदि आपका बच्चा विदेश में पढ़ना चाहता है तो यह लागत कई गुना बढ़ सकती है। अब, आप अपने बच्चों की संख्या और उनके द्वारा चुने जा सकने वाले पाठ्यक्रम को देखते हुए उनकी उच्चतर शिक्षा के लिए आवश्यक राशि का अनुमान लगा सकते हैं। इसे आसानी से समझने के लिए, मान लीजिए कि आपको अपने बच्चे की उच्चतर शिक्षा के लिए लगभग 50 लाख रुपए की जरूरत पड़ेगी।



**2.बच्चों की शिक्षा के लिए राशि कैसे इकट्ठा करें?**

यह तो पता चल गया कि बच्चे की उच्चतर शिक्षा के लिए करीब 50 लाख रुपये की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में सबसे पहले सवाल उठता है कि 50 लाख रुपये कैसे जुटाएं। इसका असान सा जवाब है कि इसके लिए आपको नियमित तौर पर निवेश करना होगा। अभी से ही हर महीने कुछ राशि जमा करना शुरू कर दें तो आप बच्चें की उच्चतर शिक्षा के उम्र तक आते आते इतनी राशि जमा कर लेंगे।

**3. निवेश करने के लिए सही इंस्ट्रूमेंट कैसे चुनें?**

शिक्षा लागत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मासिक रूप से अपेक्षित निवेश अलग-अलग हो सकता है। आप इक्विटी-ओरिएंटेड इंस्ट्रूमेंट में निवेश करने पर विचार कर सकते हैं क्योंकि इनमें लंबे समय में अच्छा रिटर्न मिलता है। यदि आप कम जोखिम उठाना चाहते हैं, तो आप इक्विटी वाले इंस्ट्रूमेंट में ज्यादा और डेट इंस्ट्रूमेंट में कम राशि आवंटित कर मिश्रित निवेश का विकल्प चुन सकते हैं। हालांकि, यदि आप उक्त वित्तीय लक्ष्य हासिल करने के लिए केवल डेट इंस्ट्रूमेंट को तरजीह देना चाहते हैं, तो आपके मासिक निवेश की राशि काफी ज्यादा होगी।


**4. हर महीने कितनी राशि के निवेश की आवश्यकता होगी?**

यदि आप इक्विटी-ओरिएंटेड इंस्ट्रूमेंट चुनते हैं, तो आपको 12 फीसदी के निश्चित रिटर्न की उम्मीद रखते हुए 20 वर्षों के लिए न्यूनतम 5,500 रुपए प्रति माह निवेश करने की आवश्यकता होगी। दूसरे विकल्प में, आपको अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रति माह 7,000 रुपए की थोड़ी और राशि निवेश करनी पड़ सकती है। यदि आप अंतिम विकल्प के रूप में केवल डेट इंस्ट्रूमेंट चुनते हैं, तो आपको अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए 12,000 रुपए प्रति माह से कुछ अधिक राशि का निवेश करना होगा।

**5. बच्चों की शिक्षा के लिए निवेश के 5 विकल्प क्या हैं?**

बुद्धिमानी यही है कि अपने बच्चे की शिक्षा के लिए जितनी जल्दी हो सके बचत करना शुरू कर दें ताकि भविष्य के लिए अनुमानित राशि आपके पास तैयार रहे। आपके द्वारा विचार करने के लिए यहां निवेश के पांच विकल्प बताए जा रहे हैं। इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी- शिक्षा लागत से जुड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए डायवर्सिफाइड इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी करना सबसे उपयुक्त तरीका है। एक इक्विटी म्यूचुअल फंड में 12 फीसदी प्रति वर्ष के औसत रिटर्न पर 20 वर्षों के लिए 5,500 रुपए की मासिक एसआईपी पर आपको आराम से लगभग 54 लाख रुपए प्राप्त होंगे। शेयर बाजार में प्रत्यक्ष निवेश- यदि आप शेयर बाजार को समझते हैं तो 20 साल की लंबी अवधि के लिए शेयरों में किए गए नियमित निवेश से आपको निराशा हाथ नहीं लगेगी। यह सलाह दी जाती है कि बाजार के विशेषज्ञों की मदद लें जो आपको समय पर मार्गदर्शन दे सकते हैं कि अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आपको कौन से स्टॉक चुनने चाहिए और कौन से हटा देने चाहिए।

# मॉलीक्यूलर मॉडल किट से केमिस्ट्री को बनाएं आसान



थियरी और प्रैक्टिकल एप्लीकेशंस के बीच के गैप को भरने का बढ़िया माध्यम हैं। ये मॉडल किट साइंस की बारीकियों को समझने में मदद कर सकते हैं। कई बार थियरी से कॉन्सेप्ट क्लियर नहीं हो पाता। इससे स्टूडेंट का इंटरेस्ट उस सब्जेक्ट से हटने लगता है। ऐसे में मॉडल के जरिये समझने से चीजें आसान हो जाती हैं। साइंस के स्टूडेंट्स के लिए ये मॉलीक्यूलर मॉडल किट हर क्लास के लिए जरूरी हैं। इनसे टीचर्स के लिए भी स्टूडेंट्स को समझा पाना आसान हो जाता है। स्कूल में केमिस्ट्री के प्रोजेक्ट वर्क को पूरा करने में भी ये मॉडल किट मददगार साबित हो सकती है। थियरी और प्रैक्टिकल एप्लीकेशंस के बीच के गैप को भरने का बढ़िया माध्यम हैं। ये मॉडल किट साइंस की बारीकियों को समझने में मदद कर सकते हैं। कई बार थियरी से कॉन्सेप्ट क्लियर नहीं हो पाता। इससे स्टूडेंट का इंटरेस्ट उस सब्जेक्ट से हटने लगता है। ऐसे में मॉडल के जरिये समझने से चीजें आसान हो जाती हैं। साइंस के स्टूडेंट्स के लिए ये मॉलीक्यूलर मॉडल किट हर क्लास के लिए जरूरी हैं। इनसे टीचर्स के लिए भी स्टूडेंट्स को समझा पाना आसान हो जाता है। स्कूल में केमिस्ट्री के प्रोजेक्ट वर्क को पूरा करने में भी ये मॉडल किट मददगार साबित हो सकती है। केमिस्ट्री के कॉन्सेप्ट को आसान बनाने में ये काफी हेल्प कर सकता है। ये 12 साल से बड़े स्टूडेंट्स के लिए डिजाइन किया गया है। साइंस के स्टूडेंट में सब्जेक्ट के प्रति दिलचस्पी पैदा की जा सकती है। इसमें कलर कोडेड एटम, कनेक्टिंग रॉड, विस्तृत पीरियॉडिक टेबल चार्ट के जरिये मॉलीक्यूलर स्ट्रक्चर तैयार करना और केमिकल बॉन्डिंग समझना आसान हो सकता है। इनक ड्यूरेबल मटीरियल से बनाया जाता है और ये मॉडल सेट केमिस्ट्री लैब या स्टूडेंट्स को लंबे समय तक मदद कर सकते हैं। केमिस्ट्री के कॉन्सेप्ट को आसान बनाने में ये काफी हेल्प कर सकता है। ये 12 साल से बड़े स्टूडेंट्स के लिए डिजाइन किया गया है। साइंस के स्टूडेंट में सब्जेक्ट के प्रति दिलचस्पी पैदा की जा सकती है। इसमें कलर कोडेड एटम, कनेक्टिंग रॉड, विस्तृत पीरियॉडिक टेबल चार्ट के जरिये मॉलीक्यूलर स्ट्रक्चर तैयार करना और केमिकल बॉन्डिंग समझना आसान हो सकता है।

## अभ्यास

**1.अभ्यास डेजर्ट फ्लैग-10 का मेजबान कौन सा देश है?**

(क)जापान
(ख )संयुक्त राज्य अमेरिका
(ग )भारत
(घ)संयुक्त अरब अमीरात (यूएई)
**(घ)संयुक्त अरब अमीरात (यूएई)**

**2.भारत का पहला प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) किस राज्य में स्थित है?**

(क ) कर्नाटक
(ख ) केरल
(ग )आंध्र प्रदेश
**(ख ) केरल**

**3.(फसल प्रगति पर व्यापक सुदूर संवेदन अवलोकन) किस संगठन द्वारा विकसित एक ढांचा है?**

(क) भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
(ख ) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
(ग ) राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र
(घ)रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
**(ग) राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र**

**4.पृथ्वी दिवस 2025 का विषय क्या है?**

(क) हमारी पृथ्वी को पुनर्स्थापित करें।
(ख) हमारे ग्रह में निवेश करें
(ग ) हमारी शक्ति, हमारा ग्रह
(घ ) जलवायु कार्रवाई
**(ग ) हमारी शक्ति, हमारा ग्रह**

**5.हाल ही में खबरों में रहा आईएनएस चेन्नई भारतीय नौसेना के किस श्रेणी के जहाज का हिस्सा है?**

(क) तलवार-वर्ग
(ख)कोलकाता-वर्ग
(ग )शिवालिक-वर्ग
(घ ) राजपूत-वर्ग
**(ख)कोलकाता-वर्ग**

## कॅरियर अलर्ट

### सीनियर रेजिडेंट के 100 पद खाली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर, झारखंड में सीनियर रेजिडेंट के 100 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति संबंधित विभाग में अनुबंध के आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे आगे अधिकतम दो वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को अधिकारिक वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड करके भरना होगा। भरे हुए आवेदन पत्र के साथ मांगे गए सभी संबंधित दस्तावेजों को डाक के माध्यम से निर्धारित पते पर भेजना होगा। अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र एवं संलग्न दस्तावेज की सॉफ्ट कॉपी संस्थान के ईमेल आईडी पर भी भेजें।

### रेलवे असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती 2025

रेलवे भर्ती बोर्ड असिस्टेंट लोको पायलट (एएलपी) के पदों पर बंपर भर्ती निकालने जा रहा है। इस बार आरआरबी एएलपी के 9970 पदों पर भर्ती निकालने जा रहा है। एएलपी की नई भर्ती के आवेदन 10 अप्रैल 2025 से शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 9 मई 2025 तय की गई है।

### बिहार फील्ड असिस्टेंट भर्ती 2025

बिहार कर्मचारी चयन आयोग ने कृषि निदेशालय के कृषि प्रक्षेत्र के लिए फील्ड असिस्टेंट (क्षेत्र सहायक) के 201 पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती के लिए योग्य युवा bssc bihar gov in पर जाकर 25 अप्रैल से 23 मई 2025 तक आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन शुल्क 21 मई तक जमा किया जा सकता है। रिक्तियों में 35 फीसदी पद यानी 67 पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। कोटिवार आरक्षण की बात करें तो 79 पद अनारक्षित हैं। 35 पद एससी 02 एसटी 37 एमबीसी 21 बीसी 07 पिछड़े वर्गों की महिलाएं, 20 ईबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हैं।

### सीपीसीबी भर्ती 2025

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने विभिन्न पदों पर उम्मीदवारों के आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट cpcb nic in पर जाकर आवेदन करना होगा। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। इस भर्ती प्रक्रिया के जरिए-कुल 69 पदों पर उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाएगी।

### मध्य प्रदेश खाद्य सुरक्षा अधिकारी भर्ती 2025

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदों पर उम्मीदवारों के आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस भर्ती के लिए आवेदन करने के इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट mppsc mp gov in पर जाना होगा। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 28 मार्च 2025 से शुरू हो चुकी है और आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल 2025 रात 12 बजे तक निर्धारित की गई है। इस भर्ती प्रक्रिया के जरिए कुल 120 पदों पर फूड सेफ्टी ऑफिसर की नियुक्ति की जाएगी।

# बचपन का खेल बनता जा रहा श्राप

जहां लोग मनोरंजन के लिए क्रिकेट देखते है वहां कुछ लोग इसे पैसे कमाने का आसान तरीका समझते है और सट्टा लगाना शुरू कर देते है। आज कल ये समस्या बढ़ती जा रही है। कुछ लोग खुद तो सट्टा खेलते ही है और दूसरों को भी इसमें शामिल करते है। धीरे धीरे यह भी जुआ खेलना शुरू कर देता है। आज कल टीवी, फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, पर हम जो एप्लिकेशन इस्तेमाल करते है। उन पर विज्ञापन आते है कि आप इस ऐप पर गेम खेले या टीम बनाई और बहुत सारे पैसे जीते। कुछ लोग इन सब चीज़ों में आ जाते है और सट्टा, जुआ आदि कम शुरू कर देते है।क्योंकि ये सब गैर कानूनी है। इसलिए लोगों के साथ कुछ धोखा होने के बाद पुलिस की या कोई कानूनी मदद नहीं लेते है और दबाव, टेंशन में आकर कई बार अपनी जान दे देते है। ऐसे बहुत सारे केस आए दिन सुनने को मिल रहे है।

**सट्टा किसे कहते है** -जुआ जिसे आम भाषा में सट्टेबाजी या दांव लगाना कहा जाता है, भारत में एक ऐसा विषय है जो अक्सर विवादों और चर्चाओं का केंद्र रहा है। क्रिकेट मैच हो या चुनाव परिणाम, सट्?टा बाजार हमेशा गर्म ही रहता है। बड़ी रकम कमाने के शॉर्टकट के कारण शहर के संभ्रांत लोग और युवा जल्द ही सट्?टे की चपेट में आ जाते है। जिसमें लोग जल्द से जल्द बहुत सारा पैसा कमाने के लिए संपत्ति या पैसे को दांव पर लगा देते है। कई बार यह आदत लत बन जाती है, जो व्यक्ति को गलत रास्ते पर ले जाती है। इसके परिणामस्वरूप चोरी, धोखाधड़ी,और कर्ज जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। आईपीएल मैच जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, इसका रोमांच भी लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। जगह-जगह क्रिकेट प्रेमियों का जमवाड़ा और होता है। वहीं बुकी लोगों को सट्टा खिलाता है। और



आईपीएल की चर्चा है। वहां पर अब कुछ बर्बाद घर और कुछ मौतों की चर्चा भी है।

**ऑनलाइन सट्टा**- सट्टा लगाने का सबसे आसान तरीकों में से एक है ऑनलाइन सट्टा जिसमें लोग ऑनलाइन वेबसाइट के जरिए या ऐप्स के जरिए पैसे लगा देते है। इस दौरान कुछ लोग आपस में इस बात पर सट्टा लगाते है कि कौन जीतेगा?, कितने रन बनेंगे?, कौन आउट होगा? आईपीएल में लाइन के द्वारा भी सट्टा चलता है। छोटे शहरों में बैठे बुकी के पास ही लाइन का नंबर जीतने के बाद पैसे अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लेते हैं। और हरने के बाद भी जो पैसा लगाया होता है वो कट जाता है।

**रुपए वसूली का दबाव**- सट्टेबाज पहले आपने पैसे से सट्टा लगाते रहते है। पर वो अपने पैसे हरने के बाद इधर उधर से कर्ज लेकर सट्टा खेलते है। और हर जाते है। फिर कर्ज न दे पाने के कारण जिससे कर्ज लेते है वो इनपर दबाव डालता है। धमकी देता है। और पैसे न दे पाने के कारण ये परेशानियां बढ़ जाती है। आदतन जुआरी ऐसे दबाव से ज्यादा

क्रिकेट खेलप्रेमियों के लिए जितना मनोरंजक है, उससे कहीं अधिक यह सटोरियों के लिए कमाई का जरिया बन गया है। सट्टे में पैसे हारने के बाद लोग सटोरियों के दबाव में आकर अपनी जान तक गंवा दे रहे हैं।

परेशान नहीं होते लेकिन संभ्रांत लोग जो शौक में बड़ा सट्?टा लगा बैठते हैं, ऐसा दबाव नहीं झेल पाते और डिप्रेशन में आने और जान तक देने की नौबत आ जाती है।

**सट्टेबाजी के खिलाफ कानून**-भारत में सट्टेबाजी के खिलाफ सख्त कानून बने हुए हैं। यदि कोई छुपकर सट्टा खेलता हुआ पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आईपीसी 1860 की धारा 294 (क) के तहत कार्रवाई की जाती है। इस कानून के तहत पुलिस सट्टा खेलने वालों को पकड़कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सकती है। और उन्हें सजा और जुर्माना भी देना पड़ सकता है।




शशांक मिश्रा

# यूपीएससी क्लीयर के बाद कब और कितनी मिलती है तनख्वाह?





यूपीएससी एग्जाम की तैयारी हर साल बड़े स्तर पर उम्मीदवार करते हैं लेकिन उनमें से कुछ ही एग्जाम में सफलता प्राप्त कर पाते हैं। आज यूपीएससी ने सिविल सर्विस परीक्षा का रिजल्ट जारी किया। जिसमें बड़ी संख्या में लड़कियों ने बाजी मारी. ऐसे में आइए जानते हैं यूपीएससी





क्लियर करने के बाद कैंडिडेट्स को कितनी सैलरी मिलती है। यूपीएससी परीक्षा में सफल होने के बाद अभ्यर्थियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा , भारतीय पुलिस सेवा , भारतीय विदेश सेवा सहित अन्य केंद्रीय सेवाओं में नियुक्ति मिलती है। चयनित कैंडिडेट्स को सबसे पहले लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी भेजा जाता है जहां वे ट्रेनिंग लेते हैं. यहां होने वाली ट्रेनिंग लगभग 3 से 4 महीने के बीच की होती है. इस दौरान कैंडिडेट्स को स्टाइपेंड के रूप में सैलरी मिलना शुरू हो जाती है।

**पहली सैलरी कब और कितनी मिलती है?**

जैसे ही अभ्यर्थी LBSNAA में रिपोर्ट करते हैं, उसी समय से उन्हें बेसिक सैलरी और अलाउंस के साथ भुगतान मिलना शुरू हो जाता है. पहले महीने की सैलरी अक्सर ट्रेनिंग के पहले महीने के अंत में या दूसरे महीने की शुरुआत में बैंक खाते में ट्रांसफर की जाती है. इन कैंडिडेट्स को ट्रेनिंग के समय करीब 55,000 से 60,000 प्रति माह तक की सैलरी मिलती है.

**ट्रेनिंग के बाद सैलरी**

वहीं, जब ये कैंडिडेट्स अपनी ट्रेनिंग पूरी करके फील्ड में पोस्टिंग पर जाते हैं, तब उनकी सैलरी 56,100 रुपये (लेवल-10 पे ग्रेड) से शुरू होती है. इसके साथ, एचआरए, टीए, डीए आदि मिलाकर शुरुआती इन-हैंड सैलरी 70,000 रुपये से लेकर 1 लाख रुपये तक पहुंच जाती है. इसके अलावा अन्य कई सुविधाएं भी उम्मीदवारों को मिलती हैं।

# सोने की सही दिशा और स्थान चुनें, अच्छी नींद, उत्तम स्वास्थ्य और सुख समृद्धि पाएं

शयन की दिशा शयन कक्ष की दिशा और स्थान दोनों ही वास्तु सम्मत होना चाहिए। यदि शयन कक्ष सही दिशा में है परंतु सोने की दिशा वास्तु सम्मत नहीं है तो भी अनेकों प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। अनिद्रा , स्वास्थ्य लगातार खराब रहना , बनते हुए कार्य बिगड़ जाना , मानसिक अशांति आदि गलत दिशा में सोने के परिणाम हो सकते हैं। शयन के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए -

1 - ताजे और बिना कांटो के फूल शयन कक्ष में रखने चाहिए , इससे पॉजिटिव एनर्जी में वृद्धि होती है। बासी और पुराने फूलों को हटा देना चाहिए।

2- वास्तु के अनुसार पौधे नेगेटिव एनर्जी को दूर करते हैं और पॉजिटिव एनर्जी को बढ़ाते हैं। शयन कक्ष में बांस का पौधा , मनी प्लांट , आरिका पाम , स्नेक प्लांट , लेवेंडर प्लांट जैसे पौधे को रखने से मन की शांति और सुख समृद्धि में वृद्धि होती है। घर में विशेषकर सोने के कमरे में कांटे वाले पौधे नहीं रखने चाहिए। ऐसे पौधे आपसी रिश्तों में कड़वाहट लाते हैं।

3 - ऐसी महिलाएं जिन्होंने गर्भ धारण किया है , अथवा उसके लिए प्रयास कर रही है तो उन्हे उत्तर पूर्व दिशा अर्थात आग्नेय कोण में सोने से बचना चाहिए।



4- शयन कक्ष में हल्के रंगो का प्रयोग करना चाहिए। जिससे मन शांत रहता है और घर में पॉजिटिव एनर्जी आती है।

5- वास्तुशास्त्र के अनुसार सोने की सबसे उत्तम दिशा दक्षिण से उत्तर की ओर की दिशा है।अर्थात दक्षिण दिशा में सिर रखकर पैर उत्तर दिशा की ओर करके सोने से स्वास्थ्य उत्तम रहता है , अच्छी नींद और मन में शांति रहती है। उत्तर दिशा में धन के देवता कुबेर का स्थान माना जाता है।सुबह उठते समय व्यक्ति का मुख उत्तर दिशा में रहने से सुख समृद्धि, धन धान्य की प्राप्ति होती है। घर के स्वामी , नवदम्पत्ति के लिए , तथा संतान सुख के लिए यह दिशा वास्तु के अनुसार सर्वोत्तम है।

6 - सोने की दूसरी उत्तम दिशा पूर्व से पश्चिम की ओर है। पूर्व दिशा में सूर्य का आधिपत्य है।

-राजीव आचार्य
ज्योतिषाचार्य एवम वास्तुशास्त्री

# बच्चों को खेल-खेल में टेक्नॉलजी बूस्ट दे सकते हैं ये एसटीइएम एक्टिविटी टॉय किट

**एसटीइएम एक्टीवीटी टॉय किट** : यानी साइंस टेक्नॉलजी इंजीनियरिंग और मैथ (स्टेम) से जुड़ी सोच पैदा करने के लिए ये स्पेशल खिलौने बनाए गए हैं। ये खिलौने बच्चों को काफी अट्रैक्ट करते हैं। इनको डिजाइन करने के तरीके भी बताए जाते हैं। इससे बच्चों के अंदर अपना खुद का रोबोट या मशीन बनाने की ललक पैदा होती है। ये बच्चों की लॉजिकल थिंकिंग को भी बढ़ा सकते हैं। स्कूल में भी बच्चे अपने क्लासमेट्स से आगे रहते हैं। ऐसे खिलौनों का दूसरा पॉजिटिव इफेक्ट ये पड़ता है कि बच्चों का स्क्रीन टाइम घट जाता है।

यहां 3 साल से बड़े बच्चों के लिए ये शानदार एसटीइएम एक्टीवीटी टॉय किट जा सकती है। इसमें 14 तरह की एक्टिविटीज के ऑप्शन दिए गए हैं। इससे बच्चों को काफी कुछ सीखने को मिल सकता है। इसमें खेती, किसानी, जंगली जीवों और फार्मिंग में काम आने वाले पशुओं के बारे में बच्चों को जानकारी मिलती है। इसमें फार्मिंग मार्केट, माई फार्मलैंड मॉडल, रेप्टाइल और एंफीबियन, बर्ड, कैट, फार्म एनिमल के बारे में सीखने को मिल सकता है। इसे 2 साल से बड़े बच्चों के लिए मजेदार एक्टिविटी शामिल है। इसमें गुड मैनर्स, एबीसी, स्टिकर आर्ट एक्टिविटी, मेमोरी मैच गेम और फेंड पजल जैसी माइंड बूस्टिंग एक्टिविटीज शामिल हैं। इसमें मिकी, मिनी माउस, विनी, सिंबा, डोनाल्ड डक जैसे मजेदार कैरेक्टर्स भी है। पजल गेम्स से भी बच्चों को काफी कुछ सीखने को मिलता है। बुक्स में अट्रैक्टिव कलर और डिजाइन से बच्चों के अंदर इमेज मेमोरी सेट करने की कोशिश की गई है।

बैटरी से चलने वाले रोटेटिंग बिल्डिंग ब्लॉक्स तैयार करने के गुर सिखाने वाला ये काफी पसंद किया जाता है। इसमें 81 पीस दिए जाते हैं, जिन्हें आपस में जोड़ना होता है। इन्हें आपस में जोडकर तैयार करने पर ये मोटराइज्ड स्पिनिंग व्हील बन जाता है। 3 साल से बड़े बच्चों के लिए ये बढ़िया एक्टिविटी गेम होता है। इस खिलौने को बनाने के बाद बच्चों का उत्साह देखने लायक होता है। इसे नॉन टॉक्सिक एबीएस प्लास्टिक से बनाया गया है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बुधवार, 23 अप्रैल 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ वैशाख मासोमते कृष्ण पक्षे दशमी तिथौ बुध वासरे 16/44/ धनिष्ठा नक्षत्रे 12/08/ शुक्ल योग 18/51/ भद्रा करणे 16/44/ कुम्भ राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार- पंचक। भद्रा समाप्त घं.16मि.44पर।

**मेष**-जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे। लेकिन उदर विकार या त्वचा रोग के प्रति सचेत रहें।

**वृष**- आज आय में वृद्धि होगी। जहां पारिवारिक बंधन मजबूत होंगे वहीं, जीवनसाथी की तलाश में आपको निराशा झेलनी पड़ सकती है।

**मिथुन**-आज कुछ लोगों के लिए नयी प्रॉपर्टी खरीदने के आसार नजर आ रहे हैं। छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी जाती है।

**कर्क**-पारिवारिक जीवन सुखद होगा। हनुमान जी की उपासना आपके लिए लाभदायक होगी। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल रहेंगे।

**सिंह**-कुछ पारिवारिक समस्या व कुछ व्यावसायिक तनाव मिल सकते हैं। गुड़ चना बंदरों को खिलाएं यह आपके लिए हितकारी होगा।

**कन्या**- किसी उपलब्धि और परिणाम के संबंध में बेचैनी रहेगी। किसी के कारण विरोधियों से उलझन हो सकता है।

**तुला**- समय का सदुपयोग करें। राज्य अधिकारियों पर विजय प्राप्त होगी। किसी पुराने काम को निपटा लें तो अच्छा होगा।

**वृश्चिक**- दांपत्य सुख का योग है। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु**-आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। निजी प्रेम में वृद्धि होगी। यात्रा देशाटन का लाभ होगा।

**मकर**- पारिवारिक जीवन सुखद होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**कुंभ**-निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। संबंधों में निकटता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यश धन कीर्ति में वृद्धि होगी।

**मीन**- यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदाई होगी। संबंधों में निकटता आएगी।

स्वतंत्र भारत

# रायबरेली

## खबर एक नजर

### बेटे-बहू ने मिलकर मां को पीटा

**रायबरेली।** बेटे और बहू ने मिलकर पारिवारिक विवाद में सास को पीटा है। जिससे वह घायल हो गई है। उसने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। ऊंचाहार क्षेत्र के गांव गौरैया पुर मजरे सराय परसू निवासिनी सोनी का कहना है कि उसका बेटा और बहू दोनों पारिवारिक विवाद में उसे परेशान करते हैं। दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे काफी चोटें आई है। यही नहीं महिला का कहना है कि उसका बेटा और बहू उसके बूढ़े सास ससुर के साथ भी गलत व्यवहार करते है। उन्हें भी तरह तरह से परेशान करते हैं। मारपीट में बुरी तरह घायल महिला कोतवाली पहुंची और उसने शिकायती पत्र देकर अपने बेटे और बहू के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है। महिला का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है।

### पति का दूसरी औरत से अवैध संबंध, पत्नी व बच्चों की करता है पिटाई

**रायबरेली।** एक पत्नी ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाया है। उसका कहना है कि उसके पति के संबंध दूसरी औरत से है, जिसके कारण वह अपनी पत्नी और बच्चों को तरह तरह से प्रताड़ित करता है। पीड़िता ने मामले की शिकायत ऊंचाहार कोतवाली में की है। मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव साबापुर नेवादा का है। गांव की रहने वाली एक महिला का आरोप है कि उसके पति का एक औरत से संबंध है। जिसके कारण वह उसके साथ मारपीट करता है। दो दिन पूर्व उसके तीन बच्चे निमंत्रण में जा रहे थे तो दूसरे लोगों को भेजकर उनके साथ भी मारपीट करवाई है। महिला का आरोप है कि वह महिला भी फोन पर उसे धमकाती है। पीड़िता का कहना है कि वह काफी परेशान हो चुकी है। जिसके बाद कोतवाली मदद के लिए आई है। उसने पूरे मामले की लिखित तहरीर कोतवाली में दी है। कोतवाल संजय कुमार का कहना है कि मामले में उभय पक्षों को बुलाया गया है। बातचीत द्वारा विवाद का समाधान किया जाएगा।

### मंदिर और बस्ती के पास लगाई जा रही हैं मीट की दुकानें, ग्रामीणों में गुस्सा

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील क्षेत्र के खीरों थाना क्षेत्र के सेमरी चौराहे से खीरों रोड की नहरिया पटरी पर बुधवार और शनिवार को लगने वाली मीट की दुकानों से ग्रामीणों व श्रद्धालुओं में भारी गुस्सा है। ग्रामीणों का कहना है कि मीट की दुकानों से पशु पक्षी मांस के टुकड़े उठाकर घरों और मंदिर के आस पास गिरा देते हैं। जिससे माहौल अशुद्ध हो रहा है और लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। ग्रामीणों की शिकायत करने पर एसडीएम ने पुलिस को निर्देश दिए, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को ग्रामीणों ने दोबारा एसडीएम से मुलाकात कर बताया कि पुलिस ने दुकानदारों को रोड से 15 से 20 फीट पीछे हटने को कहा है। लेकिन इससे भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। कहा कि दुकानों से मात्र 50 मीटर दूरी पर बस्ती और दुर्गा मंदिर हैं। एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि ग्राम प्रधान और व्यापार मंडल से वार्ता कर उपयुक्त जगह चिन्हित की जाएगी। आश्वासन दिया कि जल्द कार्यवाही कर लोगों को राहत दिलाई जाएगी।

### बाजार से लौट रही युवती से युवक ने की छेड़खानी

**रायबरेली।** जगतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती पारी बाजार समान खरीदारी करने गए थे। वापस लौट रही थी। तभी खैरहनी पहाड़गढ़ के पास सलोन थाना क्षेत्र का रहने वाला एक युवक युवती से छेड़खानी करने लगा युवती के शोर सराबा के बाद जब तक स्थानीय लोग पहुंचे तब तक आरोपी मौके से फरार हो गया। सोमवार की देर शाम एक गांव की रहने वाली युवती साइकिल से पारी बाजार सामान खरीदने गई थी। वापस लौट रही थी। तभी खैरहनी पहाड़गढ़ गांव के पास सलोन थाना क्षेत्र का रहने वाला एक युवक बाइक से आया और युवती के साइकल के सामने बाइक लगाकर उसे अश्लील हरकत व छेड़खानी करने लगा युऊ के विरोध के बाद युवक और मनमानी पर उतारू हो गया तब युवती के शोर शराबा स्थानीय लोग जब तक मौके पर पहुंचते छेड़खानी करने वाला युवक मौके से फरार हो गया। पीड़ित युवती ने जगतपुर थाने में तहरीर देकर युवक को नाम जद किया। जगतपुर थानेदार अजय कुमार राय ने बताया कि पीड़िता के तहरीर के आधार पर निजाम निवासी खैराबाद थाना सलोन के खिलाफ छेड़खानी करने के आरोप में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

### अधाधुंध बिजली कटौती से मचा हाहाकार, गांव को दस घंटे से भी कम मिल रही आपूर्ति

**रायबरेली।** ज्यों-ज्यों तापमान बढ़ रहा है, त्यों त्यों बिजली संकट गहराता जा रहा है। जिसके कारण ऊंचाहार क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। गांवों को दस घंटे से कम की विद्युत आपूर्ति मिल रही है। अम्बर से सूरज आग उगलना शुरू कर दिया है। जिसके कारण तापमान बढ़ रहा है। तेज धूप और हवाओं ने तपिश को बढ़ा दिया है। जिससे बिजली की मांग बढ़ गई है। बड़ी हुई बिजली की मांग के कारण विभाग संतुलन बनाते रखने के लिए भारी बिजली कटौती कर रहा है। हालात यह है कि ऊंचाहार क्षेत्र के जमुनापुर विद्युत उपकेंद्र से सोमवार की दोपहर दो बजे आपूर्ति बंद की गई तो शाम सात बजे बिजली चालू हुई। उसके बाद रात आठ बजे फिर कटौती शुरू कर दी गई। रात दस बजे आपूर्ति चालू हुई तो रात 11 बजे फिर कटौती कर दी गई। उसके बाद रात 12 बजे आपूर्ति चालू हुई है। इसी प्रकार मंगलवार को पूरे दिन इस उपकेंद्र से आपूर्ति नहीं चली। यही आलम तहसील उपकेंद्र, इटौरा बुजुर्ग उपकेंद्र और ऊंचाहार नगर उपकेंद्र का भी है। हालात यह है कि विगत तीन दिनों से अधाधुंध बिजली कटौती से लोग बेहाल है। नगरीय क्षेत्र में तो लोग बिजली न मिलने के कारण पीने के पानी के लिए तरस रहे है। तहसील उपकेंद्र में मंगलवार को 33 केवीए लाइन में खराबी आ गई थी, जिसके कारण पूरे दिन आपूर्ति ठप रही है। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता धीरेंद्र सिंह ने बताया कि बिजली की मांग बढ़ी है, जिसके कारण ऊपर से ही बिजली कटौती की जा रही है।

### दो छात्राएं घर से गायब, परिजनों ने थाने में दी तहरीर

**रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत हसनपुर गांव की रहने वाली दो सगी बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई हैं परिजनों ने थाने में तहरीर देकर बड़ी दुर्घटना की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव की रहने वाली कक्षा 12 की छात्रा दो सगी बहनें आराधना व अनामिका संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने की सूचना बछरावां पुलिस को दी है। सूचना मिलते ही बछरावां पुलिस द्वारा कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। परिजनों का आप है कि दोनों बालिकाएं संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब हो गई हैं जो कि घर वापस न आने पर परिजनों ने आसपास रिश्तेदारियों व कई स्थानों पर खोजबीन की है लेकिन कहीं पता नहीं चल सका है इसके बाद परिजनों ने गायब होने की सूचना बछरावां पुलिस को तहरीर के माध्यम से दी गई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

### विवाहिता ने पति सास जेठ जेठानी पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**रायबरेली।** जगतपुर थाना क्षेत्र के पूरे चिरई मजरे दौलतपुर की रहने वाली विवाहिता ने अपने ही पति सास जेठ व जेठानी पर प्रताड़ना व मारपीट का आरोप लगाया है पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया। पूरे चिरई मजरे दौलतपुर गांव की रहने वाली सोनम यादव पत्नी लाल बहादुर यादव ने जगतपुर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है। कि शादी के बाद से ही उनकी सास राजकुमारी, जेठानी सुनीता, जेठ लाल बाबू व पति लाल बहादुर द्वारा लगातार गाली गलौज मारपीट व प्रताड़ित किया जाता है। और मेरा खाना बंद कर दिया है। पति जेठानी के इशारे पर चलता है।

## सरेनी मामले में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से की भेंट और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की लगाई गुहार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अतुल तिवारी की हत्या के मामले में सिविल कोर्ट के अधिवक्ता देवेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने पहुंचकर पीड़ित परिवार के लिए न्याय की गुहार लगाई और माहौल खराब करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि सरेनी में अतुल तिवारी हत्याकांड के मामले में पीड़ितों पर झूठा मुकदमा दर्ज करा कर दबाव बनाने का काम किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने मामले में निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। एडवोकेट देवेश शुक्ला ने कहा कि सरेनी हत्याकांड में जो हो रहा है वह शर्मनाक है। राजनीतिक लाभ के लिए लोग लाशों पर राजनीति कर रहे हैं। पीड़ित परिवार ने जवान बेटा खोया है, पत्नी विधवा हो गई और बच्चे अनाथ हो गए हैं। इसके बावजूद भी इस परिवार पर दबाव




बनाकर मुकदमा दर्ज करा देना अन्याय की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि को समूची जनता के साथ समान व्यवहार करना चाहिए लेकिन सरेनी में जातीय संघर्ष का बीज बोया गया है। तुच्छ राजनीति करने वालों की मनसा कभी सफल नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सड़क जामकर नारेबाजी की और लोक व्यवस्था को छिन्न भिन्न किया है उन पर सख्त कार्रवाई हो। अधिवक्ता विकास त्रिपाठी और अजय मिश्र ने कहा कि सरेनी मामले में जिस तरह से राजनीति की गई है वह दुखद है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के बजाय उसके परिवार पर दबाव बनाने का कुत्सित प्रयास किया गया है। श्री त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक से मामले के निष्पक्ष जांच कर कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को बेवजह परेशान ना किया जाए। तक की एंबुलेंस तक को जाने का रास्ता नहीं मिल पा रहा था। जिससे मरीज इलाज के लिए तड़पते रहे। इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए और कानून से खिलवाड़ करने वाले उन सभी लोगों पर संबंधित धाराओं में तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए जो सड़क जाम कर सामाजिक हिंसा भड़काने का प्रयास कर रहे थे। एडवोकेट नरेंद्र क्रांतिकारी ने कहा कि सरेनी की घटना दुखद है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा इस मामले में पत्रकार को नामजद किया जाना कानून के साथ भद्दा मजाक है। मृतक अतुल तिवारी की मां ने कहा कि वह कोई राजनीति नहीं चाहती हैं उन्हें बस न्याय चाहिए। दर्ज किए गए फर्जी मुकदमे को अविलंब निरस्त किया जाए। इस मौके पर चंद्रशेखर शुक्ला, शशिकांत शुक्ला, सुभाष मिश्रा, शुभम अवस्थी, सौरभ त्रिवेदी, अजय मिश्र, हरिओम मिश्रा, आनंद दीक्षित, श्वेतांक श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## किशोरियों को भगाया, रिपोर्ट दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में दो घटनाएं घटित हुई। जिहमें तीन आरोपी दो नाबालिग किशोरियों को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गए। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अलग अलग रिपोर्ट दर्ज कर किशोरियों की तलाश कर रही है। पहली घटना कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस दी गई अपनी तहरीर में बताया कि रविवार की दोपहर को कैथन का पुरवा मजरे सेमरपहा गांव का रहने वाला प्रदीप कोरी उसकी 15 वर्षीय बेटी को लालच देकर अपने साथ भगा ले गया। दूसरी घटना में दो युवकों पर एक 14 वर्षीय बालिका को अपहृत करने का आरोप लगा है। गायब बालिका के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पांडेपुर मजरे बिशुनखेड़ा गांव का रहने वाला देव सिंह व उसका साथी आर्यन रैदास उसकी 14 वर्षीय बहन को अपहृत कर ले गया। गायब दोनों किशोरियों के परिजनों ने बताया कि काफी खोजबीन की गई, लेकिन वे कहीं ढूंढे नहीं मिली। परिजनों ने बच्चियों की खोजबीन कर आरोपियों पर कार्यवाही की गुहार लगाई। अपराध निरीक्षक विनय कुमार तिवारी ने बताया कि दोनों ही मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर किशोरियों की तलाश की जा रही है। बच्चियों की लोकेशन मिल गई है। जल्द ही उन्हें बरामद कर लिया जाएगा।

### संदिग्ध अवस्था में युवती ने खाया जहर

**रायबरेली।** एक युवती ने संदिग्ध अवस्था में जहर खा लिया। उसे गंभीर अवस्था में सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहर खाने का कारण स्पष्ट नहीं है। मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव मैकू लाल का पुरवा का है। गांव के रहने वाले राकेश कुमार की बेटी शिल्पी ने किसी बात से नाराज होकर सोमवार की शाम को घर में रखी कीटनाशक दवा खा लिया। थोड़ी देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ गई तो मामले की जानकारी परिजनों को हुई। उसके बाद परिजन उसको लेकर तत्काल सीएचसी पहुंचे, जहां उसको भर्ती किया गया है।

## किसानों के खेतों से लिए गए निःशुल्क मृदा नमूने

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली।** उप कृषि विनोद कुमार शर्मा के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में ग्राम प्रधान संतलाल लोधी की मौजूदगी में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत मृदा नमूना एकत्रीकरण अभियान चलाकर मृदा नमूने एकत्रित किए गए। खण्ड तकनीकी प्रबंधक बीटीएम कृपाशंकर ने किसानों के खेतों से निःशुल्क मृदा नमूने लिए। कृपाशंकर ने बताया कि सुल्तानपुर ग्राम पंचायत के 100 किसानों के खेतों से निःशुल्क मृदा नमूने लेकर मिट्टी की जांच की जाएगी तथा रिपोर्ट कार्ड किसानों को प्रदान किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि किसान भाई अपने खेत की मिट्टी की जांच कराकर मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और मृदा में उपस्थित पोषक तत्वों के हिसाब से अपने खेत में उर्वरकों



एवं पोषक तत्वों का प्रयोग कर सकेंगे।

मृदा परीक्षण को लेकर किसानों को जागरुक करते हुए बताया कि जिस प्रकार से बीमार होने पर हम इलाज से पहले अपने शरीर की जांच कराते हैं और उसी के हिसाब से दवाएं चलाते हैं। उसी प्रकार उन्नतशील खेती के लिए मृदा परीक्षण कराना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि लगातार रासायनिकों उर्वरकों तथा कीट नाशकों के प्रयोग से मिट्टी की सेहत खराब हो चुकी है। मिट्टी की सेहत में सुधार के लिए मिट्टी की जांच कराकर उसी के हिसाब से उर्वरकों एवं पोषक तत्वों का प्रयोग करते हैंए मिट्टी में उन्ही पोषक तत्वों का प्रयोग करते हैं जिनकी मिट्टी में कमी होती है। जिसका लाभ यह होता है कि खेती में लागत कम हो जाती है और उत्पादन अधिक मिलता है।

## जर्जर तारों के चलते शॉर्ट सर्किट से अचानक आग, गेहूं की फसल जलकर खाक



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** सलोन कोतवाली क्षेत्र के जगतपुर मार्ग स्थित एक खेत मे दोपहर बिजली के जर्जर तारो के चलते शॉर्ट सर्किट से अचानक आग गई। आग लगने से कटी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। वही पास खड़ी एक ट्रैक्टर को भी आग ने अपनी आगोस में लिया। ग्रामीणों ने शट डाउन के लिए विद्युत उपकेंद्र सलोन फोन किया तो कर्मचारी ने शिकायती पत्र देने के बाद ही विद्युत शट डाउन देने की बात कही। करीब एक घण्टे बाद पहुंची फायर टीम के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका। कोतवाली अंतर्गत सलोन जगतपुर मार्ग स्थित राजा मिया का पुरवा गांव स्थित नीरज यादव पुत्र गुरु प्रसाद यादव की खेत है। खेत से गेहूं की फसल काट कर उसे मॉंगने के लिए एक जगह एकत्र किया गया था। मंगलवार दोपहर तेज हवाएं चल रही थी। इसी दौरान बिजली के जर्जर झूलते तारो के टकराने से चिंगारी निकली। जिसके बाद देखते ही देखते फसल में आग लग गई। वही समीप खड़ी ट्रैक्टर को भी अपनी आगोस में ले लिया। ग्रामीणों ने विद्युत सब स्टेशन फोन कर सप्लाई बंद करने का आग्रह किया तो स्टेशन कर्मी ने प्रार्थनापत्र देकर जेई के परमिशन के बाद शट डाउन देने की बात कही। वही सूचना के एक घण्टे बाद पहुँची फायर टीम ने कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान पूरी फसल जलकर राख हो गई। जबकि ट्रैक्टर की छतरी जल चुकी थी। विद्युत कर्मियों के अनाप सनाप जवाब पर भड़के ग्रामीणों ने बिजली विभाग मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। फायर स्टेशन प्रभारी गोपी नाथ मिश्रा ने बताया कि राजा मिया के पुरवा गांव में हुए अग्निकांड में लगभग 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

## समस्त ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा वृहद स्वच्छता अभियान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** शासन व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार संचारी रोग नियन्त्रण अभियान अन्तर्गत जनपद के समस्त 980 ग्राम पंचायतों में 01 से 30 अप्रैल 2025 तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें रोस्टर लगाकर सफाई कर्मचारियों के माध्यम से झाड़ी कटाई, नाली सफाई, एन्टीलार्वा एवं दवा का छिड़काव फॉगिंग आदि का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें राज्य स्तर पर जनपद की प्रगति प्रतिशत सराहनीय है।

जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया कि आज जिला सलाहकार प्रेरित कटियार द्वारा विकास खण्ड राही की ग्राम पंचायत खनुवा, सूरजकुण्डा, उदरेहटी एवं इकौना का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें रोस्टर के अनुसार लगाये गये समस्त सफाई कर्मचारी उपस्थित एवं साफ-सफाई का कार्य करते पाये गये। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिला सलाहकार राहुल सिंह के साथ विकास खण्ड डलमऊ की ग्राम पंचायत कठगर एवं तेरुखा का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ग्राम पंचायत एवं ग्राम प्रधान को निर्देश दिये गये कि ग्राम पंचायत से निकलने वाले कूड़े को ई-रिक्शा के माध्यम से एकत्रित कर निस्तारित कराये जाने के साथ.साथ ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने के निर्देश दिये गये साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि साफ-सफाई हेतु रोस्टर के अनुसार लगाये गये कर्मचारियों के क्रॉस वेरीफिकेशन हेतु अन्य विकास खण्डों के सहायक विकास अधिकारी पं0 को नामित किया गया है, जिनके द्वारा प्रतिदिन स्थलीय निरीक्षण करते हुए कराये गये कार्यों एवं नामित कर्मचारियों की उपस्थिति का अनुश्रवण किया जाता है।

## प्राइवेट विद्यालयों की बराबरी कराने में अभिभावक करें सहयोग-बीईओ

### मंचितपुर में आयोजित स्कूल गॉट टैलेंट में बच्चों के कार्यक्रम ने सबका मनमोहा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मंचितपुर में मंगलवार को वार्षिकोत्सव और स्कूल गॉट टैलेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह रहीं। विशिष्ट अतिथि आरएसएम ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजेंद्र रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रहे। खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने कहा अगर हम प्राइवेट की बराबरी कर रहे हैं तो फिर हमारे अभिभावक जरूर विद्यालय में आए। उन्होंने



अभिभावकों से बच्चों को नियमित तौर पर विद्यालय में भेजने की अपील की। बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो कि आपको ऊँचाई तक ले जाती है। उन्होंने अभिभावकों से अधिक से अधिक होमवर्क को देखने के लिए कहा। अभिभावकों से कहा कि आपकी फसल के तौर पर बच्चे हैं और उनको आगे बढ़ाने में पूरा जोर दें। आरएसएम के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा वार्षिकोत्सव का मतलब पूरे वर्ष का रिपोर्ट कॉर्ड विद्यालय दर्शाता है। अभिभावकों से बेहतर से बेहतर शिक्षा व्यवस्था बच्चों को देने के लिए कहा। उन्होंने प्रतिदिन और नियमित विद्यालय में बच्चों को भेजने की अपील की। प्रधानाध्यापक केण् ज्योति ने कहा कि अभिभावकों की नियमित उपस्थिति ही हम लोगों का हौसला बढ़ाती है। विद्यालय के निपुण बच्चों को स्कूली ड्रेस का वितरण किया गया। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत, एक मोटा हाथी, सलोनी-मिठोनी, हम बगिया के फूल और देश रंगीला जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर शिक्षिका फातिमा मलिक, ज्योति वर्मा, ज्योति सिंह, प्रीति यादव, शालिनी द्विवेदी, कृष्ण कुमारी, एसएमसी अध्यक्ष शिवकली, आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनुपमा, पुष्पलता, अनुज सिंह सहित अभिभावक मौजूद रहे।

## पृथ्वी दिवस पर 'हमारी पृथ्वी संकट में है' विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बैसवारा डिग्री कालेज में अंतराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर भूगोल विभाग की ओर से 'हमारी पृथ्वी संकट में है' विषयक एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी पृथ्वी के पास मानव की आवश्यकता पूर्ति की क्षमता तो है किंतु उसके लोभ को पूर्ण करने की क्षमता नहीं। प्रबंधक देवेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए और साथ ही अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया।

मीडिया प्रभारी डा0 रमेश चंद्र यादव ने बताया कि भाग लेने वाले प्रतिभागियों में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से बीए छठे सेमेस्टर की छात्रा प्रिया और चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा अनुप्रिया का रहा। द्वितीय स्थान पर बीए छठे सेमेस्टर के छात्र रुद्रांश दीक्षित और तृतीय स्थान बीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र देवांश गुप्ता रहा। विकास साहू और अवनीश कुमार को सांत्वना स्थान प्राप्त हुआ। इस मौके पर प्रो0 निरंजन राय, प्रो0 पुष्पा बरनवाल, प्रो0 कुंदन कुमार, डा0 अजय कुमार सिंह, डा0 सूर्य प्रकाश मिश्रा, डा0 नवीन कुमार विश्वकर्मा, डा0 संजीव कुमार मिश्रा, डा0 वीरेन्द्र कुमार यादव, इंदु त्रिपाठी, रिया गुप्ता, कांची बाजपेई, पूजा श्रीवास्तव, प्रखर राज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### एनएसपीएस मे विश्व पृथ्वी दिवस मनाया

लालगंज। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिनमे सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ हिस्सा लिया। इस मौके पर जूनियर की कक्षाओं में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, क्विज् कम्पटीशन, वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि का आयोजन कराया, जिसको बच्चों ने पेन पेपर के माध्यम से अंकित कर प्रस्तुत किया। अंत में वृक्षारोपण के साथ-साथ सभी ने मिलकर प्राकृतिक सम्पदा का संरक्षण करने की शपथ ली। वहीं शिक्षिका एलिजा हक द्वारा डिजिटल बोर्ड के माध्यम से बच्चों को पृथ्वी दिवस की महत्वपूर्ण जानकारियों से रूबरू कराया गया। प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी की गुणवत्ता संरक्षण एवं संवर्धन का नैतिक दायित्व हम सभी पर है। पृथ्वी के समस्त संसाधनों का उपयोग करते हुए हमारा नैतिक दायित्व है कि हम पृथ्वी कि गुणवत्ता बनाये रखें। अन्यथा आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी। इस मौके पर सभी शिक्षक, शिक्षिकायें और कर्मचारी मौजूद रहे।

## पत्रकार जन कल्याण एसोसिएशन ने एसपी को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

### सरेनी कांड में पत्रकारों पर दर्ज की गयी झूठी एफआईआर को लेकर पत्रकारों में आक्रोश




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** थाना सरेनी क्षेत्र में हुई एक आत्महत्या की घटना में पत्रकार को आरोपी बनाए जाने से पत्रकारों में भारी आक्रोश है। पत्रकार जन कल्याण एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा और मामले की निष्पक्ष जांच कर पत्रकार का नाम एफआईआर से हटाने की मांग की। बताते चलें कि सरेनी कस्बे के मौनी मोहल्ला निवासी अतुल तिवारी की गैर इरातन हत्या के मामले में धुनारी प्रजापति उर्फ राजेश के बेटे को पुलिस ने जेल भेजा था। एक दिन बाद राजेश प्रजापति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक की पत्नी श्यामा देवी ने राजनीतिक दबाव में आकर पत्रकार आदित्य मिश्रा समेत अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए सरेनी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पत्रकार संगठनों का कहना है कि पत्रकारों को बिना ठोस साक्ष्यों के मुकदमे में शामिल करना, न केवल लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है, बल्कि यह स्वतंत्र पत्रकारिता को भी बाधित करता है। पत्रकार जन कल्याण एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष रामनिलन शर्मा की अगुवाई में पत्रकारों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पत्रकारों को इस तरह फर्जी मुकदमों में फंसाया जाना निंदनीय है। एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी ने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और किसी भी पक्ष के साथ अन्याय नहीं होगा। इस मौके पर मनीष प्रजापति, रवि शंकर, उमेश प्रजापति, जितेंद्र सविता, संजय सोनकर, पंकज साहू सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# स्कूली वाहनों के फिटनेस व परमिट की जांच हो



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), अयोध्या के द्वारा आज कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम स्कूली वाहनों की फिटनेस व परमिट की वैधता पर चर्चा करते हुये सभी विद्यालय वाहनों को फिटनेस व परमिट का प्रपत्र प्राप्त करने के लिये प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद के 15 वर्ष से अधिक पुराने शासकीय वाहनों को अनिवार्य रूप से स्क्रैप कराये जाने तथा जनपद बाराबंकी में खुल रहे स्क्रैपिंग सेंटर तथा पुरानी वाहनों के स्क्रैप से होने वाले लाभ से जनमानस को अवगत कराये जाने के संबंध में भी निर्देश दिये गये। वाहनों की फिटनेस के समय सभी मानकों को पूर्ण कराये जाने तथा रिफलेक्टर आदि लगाये जाने के संबंध में भी निर्देशित किया गया। कार्यालय के कर्मचारियों/अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये परिवहन विभाग द्वारा राजस्व की प्राप्ति में नंबर 1 स्थान पाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये सभी कर्मचारियों/अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया गया इसके साथ ही वर्ष 2025-26 के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु पूर्ण प्रयास यथा बकायेदारों को फोन, व्यक्तिगत मिलकर तथा डोर टू डोर नाकिंग के माध्यम से बकाया कर जमा कराने के लिये जागरुक करने के साथ-साथ ही 10 बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित प्रसारित करना तथा नोटिस व रिकवरी के कार्य में और तेजी लाये जाने के विषय में भी निर्देशित किया गया। उनके द्वारा कर्मचारियों को यह भी कहा गया कि सोशल मीडिया के माध्यम से परिवहन विभाग की आनलाइन सेवाओं का अधिक से अधिक प्रचार किया जाय जिससे आम जनमानस का काम सुगमता व पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जा सके।

# जिलाधिकारी ने चकबंदी कार्यों की समीक्षा के दौरान त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह, उप संचालक चकबंदी (डीडीसी) आलोक कुमार श्रीवास्तव सहित सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक करके चकबंदी कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर डीडीसी आलोक कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 6 गांवों में प्रथम चक्र की चकबंदी प्रक्रिया गतिमान है और द्वितीय चक्र की चकबंदी प्रक्रिया 35 गांवों में चल रही है। जिसमें से 16 गांवों में सर्वे व धारा 8 सहित अन्य कार्य चल रहे हैं। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है वह अधिक लंबी न चले, सभी स्थानों पर चकबंदी कार्य को समय पर पूर्ण कराया जाए। अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि ग्रामपंचायतों में चारागाह, तालाब व अन्य प्रकार की सरकारी जमीनों पर यदि किसी ने कब्जा कर रखा है तो उसपर कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जे को खाली कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि दरावां और परसा गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया को अविलंब शुरुआत की जाए। भदरास, मवइया, रसूलपुर, कान्हीपुर, सहावर, बिजौली, डिंगरी, बच्छराजमऊ, लाही, बबुआपुर, ओदार, खुज्जी, जासेपुर, सलेमाबाद, आदि गांवों में चकबंदी के कार्य समय से पूर्ण कराये जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध प्लॉटिंग करने वाले या चकमार्ग सहित सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की जाए। जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया गतिमान है उन सभी गांवों में अविलंब चकबंदी के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाए। इस अवसर पर उप संचालक चकबंदी (डीडीसी) आलोक कुमार श्रीवास्तव, बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी (एसओसी) संजय कुमार विश्वास, चकबंदी अधिकारी बी के मिश्रा, सुरेश कुमार शर्मा एवं सहायक चकबंदी अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्ययोजना बनाकर पुराने मुकदमों के निस्तारण में तेजी लाने के दिए निर्देश**

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चकबंदी से सम्बन्धित मुकदमों के निस्तारण की स्थित काफ़ी खराब है, 3 व 5 साल से अधिक समय से लंबित मुकदमों की स्थित पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कार्ययोजना बनाकर समय से चकबंदी के मुकदमों का मेरिट के आधार पर शीघ्रता से निस्तारण करें। चकबंदी के मुकदमों में तारीख पर तारीख देकर अनावश्यक समय खराब करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी।

**कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही में न हो विलंब**

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि खुज्झी, बरौली, ओदार, सलेमाबाद और जासेपुर आदि सहित जिन गांवों में कब्जा परिवर्तन किया जाना है उन सभी गांवों में समय से कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही विधिक रूप से पूर्ण की जाए।

**गतिरोध दूर करने का करें प्रयास**

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया का लोग विरोध कर रहे है उनसे बातचीत करके विरोध के कारणों का अधिकारी पता लगाए और गतिरोध को दूर करने का प्रयास करें। फिर भी कोई बार-बार बेवजह गतिरोध करे तो उस पर कार्यवाही करें।

# खाना बनाते समय घर में लगी आग से युवती सहित दो बच्चियों की मौत

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** मंगलवार की देर शाम मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम पूरेजबर मे खाना बनाते समय छप्परनुमा मकान मे लगी आग से 35 वर्षीय महिला सहित दो अबोध बच्चियों की जलकर मौत हो गयी तथा मकान मालिक सहित दो वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे एम्बुलैंस से जिला अस्पताल मे रेफर किया गया है तथा मौक़े पर पहुंची फायर ब्रिग्रेड की गाडी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

थाना क्षेत्र के ग्राम पूरेजबर निवासी राजमल विश्वकर्मा की 35 वर्षीय पत्नी पिंकी मंगलवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे अपने छप्परनुमा मकान मे छोटे गैस सिलेंडर पर खाना बना रही थी कि अचानक सिलेंडर से आग लग गयी और देखते ही देखते पूरा छप्पर आग का गोला बन गया आग के बीच फंसी पिंकी अपनी 4 वर्षीय पुत्री शिवानी व 8 माह की बच्ची प्रियांशी को लेकर बाहर निकल पाती इससे पहले छप्पर गिरने से उसके नीचे दबकर पिंकी व उसकी दोनो पुत्रियों की जलकर मौत हो गयी बच्चो एव पत्नी को फंसा देख पति राजमल भी घर मे घुस गया। जान पर खेल कर पिता ने अपने 2 वर्षीय बेटे ओमकार को बचाने मे कामयाब रहा हालांकि उसके दोनों हाथ जल गया इस दौरान राजमल भी बुरी तरह झुलस गया जिन्हे एम्बुलैंस से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है ग्रामीण आग को बुझाने का भरसक प्रयास किया लेकिन आग बुझा नही सके मौक़े पर पहुंची फायर ब्रिग्रेड की गाडी ने आग को शांत किया।

अग्निकांड मे 3 की मौत की सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत व प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया।

## खबर एक नजर

### सीजेएम ने किया महिला टॉयलेट का उदघाटन

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** ज़िला बार ने महिलाओं की अस्मिता एवं मूलभूत सुविधाओं के प्रति सदैव संवेदनशीलता का परिचय दिया है÷। उक्त उद्गार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह ने ज़िला बार भवन में नवनिर्मित लेडीज़ टॉयलेट के उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त किए। इस मौक़े पर तमाम प्रबुद्ध महिला व पुरूष अधिवक्ताओं के साथ बार अध्यक्ष हिसाल बारी क़िदवाई, महामंत्री अशोक वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव और पूरी कार्यकारिणी मौजूद रही। ज्ञात हो कि ज़िला बार की कैबिनेट ने महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए पूर्व में भी वात्सल्य शिशुपान कक्षों का निर्माण कराया था, उसके बाद ज़िला बार में महिलाओं के लिए टॉयलेट के विस्तार का बीड़ा उठाया था। उक्त कार्य पूर्ण होने पर आज बार कैबिनेट ने लोकप्रिय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह के करकमलों से उक्त भवन के शिलापट्ट का अनावरण किया। इस दौरान पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री शाहीन अख़्तर, अंशुमान सिंह, विजय पांडे, प्रदीप बाजपेयी, राकेश तिवारी, सुमेर सिंह, दौलता, रवि सिंह, नवीन वर्मा, मदन लाल, सुषमा शर्मा, अंजलि यादव, शीलम वर्मा, नीमा, सुमन, रूबी सिंह, अनीता, शाफ़िया आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### ठेके का ताला तोड़कर लूटी शराब व नकदी

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** मसौली थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने देशी शराब की दुकान का ताला तोड कर एक पेटी शराब और 73 हजार रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिये। पीड़ित की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मसौली पुलिस को दी गई तहरीर में थाना मसौली के देवकहा पुरवा निवासी गोबिन्द प्रसाद ने बताया कि वह रसौली देशी शराब की दुकान (सुरसन्डा रेलवे क्रासिंग) का सेल्समैन है ।बीती रात को अज्ञात चोरों ने शराब की दुकान का शटर तोड कर नगद 73395 रूपये और 45 पौवा (1 पेटी) और एक पुराना बैटरा चोरी कर ले गये है। पीड़ित की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में जला जंगल



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सफदरगंज मंडी के पास संदिग्ध परिस्थितियों मे लगी आग से करीब दो हेक्टेयर जंगल जल गया सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया। बताते चले कि मंगलवार की दोपहर अचानक मंडी के निकट स्थित जंगल से आग की लपटे निक्लने लगी आग को देख लोग सहम गये और इसकी जानकारी वन विभाग के स्थानीय कर्मचारियो को दी मौके पहुँचे वनकर्मियों ने आग को काबू किया गणीमत रही आग जंगल तक ही सिमित रही और आबादी तक नही पहुंची नही तो बड़ी अग्नि की घटना घट सकती थी।

### डीएएजी ने खाद बीज केंद्रों का किया निरीक्षण

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिला कृषि अधिकारी द्वारा तहसील रामनगर में सूरतगंज, सुढ़ियामऊ, मीरपुर आदि क्षेत्र के आज कुल 09 बीज/उर्वरक बिक्री केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। साधन सहकारी समिति सुढ़ियामऊ पर 2000 बोरी यूरिया उपलब्ध पायी गयी, सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि डी0ए0पी0 की मांग लगी है, कल तक डी0ए0पी0 प्राप्त हो जायेगी, उपलब्ध स्टाक का अभिलेखों /पी0ओ0एस0 मशीन से मिलान किया गया, जो कि सही पाया गया। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान मेसर्स उमेश ट्रेडर्स, बिलौली, मेसर्स स्टार फर्टिलाइजर्स मीरपुर, मेसर्स जायसवाल पेस्टीसाइड सुढ़ियामऊ के अभिलेख अपूर्ण पाये जाने पर तथा मेसर्स आर्या ट्रेडर्स/अंकित ट्रेडर्स, सुढ़ियामऊ व मेसर्स मां ललिता किसान सेवा केन्द्र सुढ़ियामऊ का प्रतिष्ठान बन्द पाये जाने पर कुल 05 विक्रेताओं का बीज/उर्वरक विक्रय प्राधिकार-पत्र निलम्बित किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त विक्रेताओं को अपने-अपने प्रतिष्ठान पर रेट/स्टाक बोर्ड अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने तथा कृषकों को कैशमेमो/रसीद अनिवार्य रूप से दिये जाने हेतु कड़े निर्देश दिये गये।

### गोवध में इस्तेमाल ट्रक के जब्ती की कार्रवाई शुरू

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद पुलिस/प्रशासन द्वारा एक ट्रक को गोवध निवारण अधिनियम की धारा 05 की उपधारा 7 के तहत जब्त कराया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस द्वारा गोवंशों की तस्करी में पकड़े गये वाहनों को गोवध निवारण अधिनियम की धाराओं में जिलाधिकारी बाराबंकी को आख्या प्रेषित कर जब्त करने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना सतरिख पुलिस द्वारा 25/26 जनवरी 2022 की रात्रि में अभियुक्तगण द्वारा गोवंशों का वध करके आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए गोवंशों के मांस को बिक्री के उद्देश्य से वाहन/ट्रक यूपी 44 टी 5954 से परिवहन करते समय अभियुक्त तहव्वर अली पुत्र हसीउल्ला निवासी ग्राम भेलसर थाना रूदौली जनपद अयोध्या, आदि को ग्राम तिन्दवानी के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से 19 राशि गोवंश, दो लोहे का चापड़, दो छूरी व एक लकड़ी का ठीहा बरामद किया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना सतरिख पर मु0अ0सं0 46/2022 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11(घ) पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा उपरोक्त वाहन के सम्बन्ध में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त वाहन तहव्वर अली पुत्र हसीउल्ला निवासी ग्राम भेलसर थाना रूदौली जनपद अयोध्या के नाम पर पंजीकृत है। आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से गोवंशों का मांस बिक्री के उद्देश्य से परिवहन किये जाने में उक्त वाहन का प्रयोग किया गया। जिसके आधार पर थानाध्यक्ष सतरिख द्वारा उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित वाहन/ट्रक यूपी 44 टी 5954 को चिन्हित कर जब्तीकरण हेतु जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी को आख्या प्रेषित की गई जिसके आधार पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उपरोक्त वाहन को जब्त करने का आदेश पारित किया गया।

### आग से गेंहू की नरई जलकर राख

**हैदरगढ़ बाराबंकी स्वतंत्र भारत।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत जोधी मजरे शिवराजपुर गांव में मंगलवर की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते आग लग जाने से लगभग 30 बीघा रकबे में खड़ी नरई जलकर नष्ट हो गई। घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद हैदरगढ़ व रामसनेहीघाट से पहुंचे दमकल कर्मियों में ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर लगभग पौने 12 बजे शिवराजपुर के निवासी दीपू श्रीवास्तव के खेत में भूसा बनाने के लिए खड़ी नरई में आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए रमेश सिंह और चंद्रशेखर सिंह समेत कई किसानों के खेतों तक पहुंच गई।आग की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। हैदरगढ़ से पहुंची दमकल गाड़ी से आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद देवीगंज से दूसरी दमकल गाड़ी बुलाई गई। दोनों दमकल गाड़ियों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से घंटों की मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।इस अग्निकांड में गेहूं की फसल को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। क्योंकि गेहूं की फसल कट चुकी थी हालांकि, कई किसानों की नरई जलकर नष्ट हो गई है। इससे भूसे का बड़ा नुकसान हुआ है। अब मवेशियों के चारे की व्यवस्था में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# डीएम ने स्टेडियम व जनेस्मा के सामने बने डंपिंग यार्ड की शिफ्टिंग के दिये निर्देश



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में नगर विकास विभाग व डूडा के कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने नगर पालिका नवाबगंज व जिले की 13 नगर पंचायतों के विकास कार्यों, सड़क, नाली, जलापूर्ति, पार्क, टैक्सी स्टैंड, व स्कूलों के कायाकल्प के कार्यों की अद्यावधिक समीक्षा करते हुए निर्धारित समय में सभी अवशेष कार्यों को शीघ्रता के साथ पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। उससे अधिक समय लगाने वाले व कार्यों के प्रति लापरवाह ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाई जाए। इसके उपरांत कार्य न पूरा करने वाले ठेकेदारों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मत्स्य पालन व अन्य कार्यों हेतु तालाबों की नीलामी सुनिश्चित कराई जाए। नगरपालिका और नगर पंचायतों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इसके अलावा जिलाधिकारी ने डूडा विभाग से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा बैठक करके आवासों के सत्यापन और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान रखें जारी**

जिलाधिकारी ने कहा कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत कूड़े को एकत्र करने व उसके निस्तारण के लिये डम्पिंगयार्ड आदि स्थानों की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए साथ ही कूड़े का डोर-टू-डोर कलेक्शन का अभियान निरंतर जारी रखा जाए।

**बाजारों को अतिक्रमण मुक्त करने के दिये निर्देश**

जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पालिका परिषद नवाबगंज सहित जिले की सभी नगर पंचायतों की बाजारों को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। सड़कों की पटरियों पर अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**निराश्रित पशुओं को गोशाला में संरक्षित करने के दिये निर्देश**

जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पालिका परिषद नवाबगंज सहित जिले की सभी नगर पंचायतों में घूम रहे निराश्रित पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में संरक्षित किया किया जाए और गोशाला में उनके चारे-पानी का समुचित ध्यान रखा जाए।

**रैंक में सुधार करने के दिये निर्देश**

जिलाधिकारी ने विभिन्न विकास परक योजनाओं सहित नगर पालिका परिषद नवाबगंज व नगर पंचायतों के कार्यों की रैंकिंग में सुधार के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

**अवैध होर्डिंग्स हटाने के अभियान में तेजी लाने के दिये निर्देश**

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद नवाबगंज सहित जिले की सभी नगर पंचायतों में लगी अवैध होर्डिंग हटाने के लिये चलाये जा रहे अभियान की गति में तेजी लाई जाए।

**रेवन्यू जेनरेट करने की बने कार्ययोजना**

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर निकायों में रेवन्यू जनरेट करने हेतु कार्ययोजना बनाई जाए जिससे नगर निकायों की आय बढ़ सके और विकास कार्यों को गति मिल सके।

**डंपिंग यार्ड की शिफ्टिंग के दिये निर्देश**

जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद नवाबगंज के ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि बाबू केडी सिंह स्टेडियम और जेनेस्मा पीजी डिग्री कॉलेज के सामने बने कूड़े के डंपिंग यार्ड की शिफ्टिंग किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर की जाए। स्टेडियम में जहां पर डंपिंग यार्ड बना है उसी के पास स्टेडियम के अंदर तरण ताल बना जिससे बदबू आदि की समस्या की सम्भावना हो सकती है इसके अलावा जेनेस्मा पीजी डिग्री कॉलेज के सामने बने कूड़े के डंपिंग यार्ड के कारण छात्रों और राहगीरों को समस्याएं हो रही है इसलिये दोनों स्थानों पर बने डंपिंग यार्ड की किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर शिफ्टिंग की जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सुश्री मधुमिता सिंह, ईओ नगर पालिका नवाबगंज संजय शुक्ला, सहित समस्त नगर पंचायतों के ईओ उपस्थित रहे।

# राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** धर्मजागरण बाराबंकीधाम उ.प्र. संयोजक अमित अवस्थी %अधिवक्ता% द्वारा राज्यपाल आंनदीबेन पटेल को ज्ञापन देवेंद्र द्विवेदी नायब तहसीलदार रामसनेहीघाट के माध्यम से दिया गया जिसमें मांग की गई कि थाने के मालखानों में बंद धार्मिक, सांस्कृतिक महत्व की मूर्तियों, पांडुलिपियों, मालाओं, मुकुट आदि जिनकी पूर्व में लूट, चोरी हुई थी और मुकदमे समाप्त हो चुके हैं उनको वापस या तो मंदिरों में रखवाया जाए अथवा प्रत्येक जिला स्तर पर एक संग्रहालय की स्थापना की जाए। ज्ञापन देने वाले अधिवक्तागण में मुख्य रूप से महामंत्री अजय सिंह, परशुराम मिश्र, देवानंद वर्मा, जगराम यादव, माधुरी शरण सिंह, राज चौधरी, कौशल तिवारी, अमरनाथ आदि अधिवक्ता बंधु उपस्थित रहे। विदित हो धर्मजागरण द्वारा जनपद के शेष सभी तहसीलों में यह कार्यक्रम किया जा चुका है।

# तस्कर को 10 वर्ष की सजा व एक लाख का जुर्माना

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** ÷ऑपरेशन कनविक्शन÷ के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा मादक पदार्थ के तस्कर को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 1,00,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए ÷ऑपरेशन कनविक्शन÷ कार्ययोजना के तहत मॉनीटरिंग सेल में नियुक्त अधि0/कर्म0गण/ पैरोकार द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पर मादक पदार्थ की तस्करी के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 2034/2011 धारा 8/21/27ए एन0डी0पी0एस0 एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त असलम पुत्र रहमत निवासी टिकरा उस्मा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर जिला सत्र एवं न्यायाधीश कोर्ट नं0-10 बाराबंकी द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 10 वर्ष का कठोर कारावास व 1,00,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया व मो0 मेराज पुत्र मो0 जाबिर, मो0 नियाज पुत्र अब्दुल अहमद, मो0 आफाक पुत्र अब्दुल अहमद व मो0 एखलाक पुत्र मो0 अब्दुल अहमद निवासीगण उपरोक्त को दोषमुक्त किया गया।

# जल निकासी एवं ड्रेनेज व्यवस्था सुचारू रखने हेतु डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, सीओ सुश्री गरिमा पंत, अधिषासी अभियंता सिचाई विभाग राजीव कुमार, अधिशासी अभियन्ता शशिकांत सिंह सहित सम्बंधित अधिकारियों के साथ जनपद में जल निकासी एवं ड्रेनेज व्यवस्था सुचारू बनाये रखने हेतु सिंचाई एवं चल संसाधान विभाग की कार्ययोजना की समीक्षा बैठक करके आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कुल 105 ड्रेन/नालों, लम्बाई 562 किमी0 की सफाई कराये जाने का प्रस्ताव जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया गया है। नालों की सफाई हो जाने से जनपद में जल भराव की समस्या से निजाद मिलेगी। जिलाधिकारी द्वारा यह कार्य मानसून के पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

# सचिव व जेई से अभद्रता कर कार्य सरकार में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई सुस्त

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** ग्राम विकास अधिकारी पर हमला करने व सरकारी कार्य मे बाधा डालने वालो पर दर्ज मुकदमे के बाद अज्ञात लोगो की सिनाख्त हुई लेकिन पुलिस उन पर अभी कोई कार्यवाही नही कर रही।उन लोगो ने से कई पर तो पहले से ही मुकदमे दर्ज है जिससे उन पर कठोर कार्यवाही होनी ही चाहिए लेकिन गंभीर

मामले को पुलिस हल्के मे ले रही जो किसी के समझ नही आ रहा है। बीते शुक्रवार को सचिव श्यामली व जे ई एम आई अरुण कुमार व्यास ब्लॉक रामनगर के सआदतगंज में शिकायत की जाँच कर रहे थे उसी दौरान ग्रामीण श्यामली की गाड़ी का शीशा तोड़ दिया गया व जेई लघु सिंचाई अरुण कुमार व्यास की गाडी घेर कर सरकारी कार्य में बाधा डाला गया। इस संबंध मे सबी आलम अन्सारी व मो असरार सहित बीस पचीस अज्ञात पर मुकदमा दर्ज हुआ।दो नामजदो को पुलिस ने शांति भंग की आशंका मे कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय भेज दिया था जंहा से वे जमानत पर घर आ गए थे।सूत्रों का कहना है कि पुलिस के पास अज्ञात लोगो में से नुरुल्हसन,मो आसिफ जाफर, जाहिद,इब्राहीम,दानिस,अकबाल, जावेद,,चिराग,मेहराब,जावेद,याशीन, मो आसिफ, नूरेन, सहीम, फरहान. जबी आलम आदि करीब 28 लोगो के नाम की जानकारी पंहुचाई गई है जो घटना के दिन मौके पर मौजूद थे मगर उन पर कोई कार्यवाही पुलिस ने अब तक नही की है जब कि इनमे कई ऐसे है जिन पर पहले से मुकदमा दर्ज है और कुछ के संगठन की गोपनीय जाँच हो रही।

सूत्र तो यंहा तक कहते हैं कि कुछ के बारे मे पूर्व मे ए टी एस जाँच भी हुई है।ग्राम विकास अधिकारी संघ पुलिस की ढीली व सुस्त कार्य शैली से नाराज है और गैंगस्टर जैसी कड़ी कार्यवाही सभी लोगो पर करने की मांग कर रहा है।

# अब 17 मई तक चलेंगी नहरें किसानों को होगा फायदा

जनपद में खरीफ फसली में सिंचाई व्यवस्था के सुचारू बनाये जाने हेतु खरीफ फसली वर्ष में 1433 नहरों से संचालन का रोस्टर जिलाधिकारी, बाराबंकी द्वारा अनुमोदित किया गया। जनपद में कृषकों द्वारा मेंथा की सिंचाई हेतु नहरों को माह मई में भी संचालन की माँग की जाती रही है, जिसके दृष्टिगत जनपद में नहरों का संचालन 17 मई तक जारी रखने हेतु रोस्टर अनुमोदित किया गया है। जिससे मेंथा सहित अन्य खरीफ की फसलों के किसानों को खेतों की सिचाई के लिये पर्याप्त पानी मिल सकेगा जिससे किसानों का डीजल खर्च बचेगा और उत्पादन बढ़ेगा।

# धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर बुनियादी सुविधाएं सृजित होने पर पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी : जयवीर

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** उप्र पर्यटन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत अमेठी, महोबा, बाराबंकी तथा फर्रुखाबाद जनपदों के लिए पर्यटन विकास की 13 परियोजनाएं स्वीकृत की है। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य जनपदों के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों एवं धार्मिक महत्व के स्थानों पर पर्यटकों/श्रद्धालुओं को आकर्षित करना है।

पर्यटन विभाग पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाएं मुहिया कराने पर विशेष जोर दे रहा है। यह जानकारी आज यहाँ प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देते हुए बताया कि जनपद अमेठी की पांच परियोजनाओं के लिए लगभग 1400.5 लाख रूपये स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह परियोजनाएं शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य, गोविंद नरायण शुक्ल, पर्यटन कार्यालय, श्रीमती जुबिन ईरानी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा मयंकेश्वर सिंह के प्रस्ताव पर स्वीकृत की गयी है। स्वीकृत धनराशि से मुसाफिरखाना के दादरा में हिंगलाज भवानी मंदिर का पर्यटन विकास, ब्लॉक अमेठी में पौराणिक मुकुटनाथ मंदिर का पर्यटन विकास। इसी जनपद में मलिक मोहम्मद जायसी के स्मारक का निर्माण संत कबीर के बैठका का सौंदरीकरण तथा दुर्लभदास विकास खण्ड तिलोई स्थित का पर्यटन विकास कार्य कराया जायेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि इसी प्रकार जनपद महोबा में बृजभूषण राजपूत के प्रस्ताव पर शिवांगी माता मन्दिर घुटवई का पर्यटन विकास, पर्यटन निदेशालय के प्रस्ताव पर महोबा के सांस्कृतिक परिदृश्य का विकास तथा तहसील कुलपहाड़ माधवगंज काशीपुर में स्थित श्री हनुमान जी महाराज पूँछ वाले हनुमान मंदिर का सौन्दर्यीकरण कार्य करायाजायेगा। इस जनपद की तीन परियोजनाओं के लिए 2678.06 लाख रूपये स्वीकृत किये गये है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार जनपद बाराबंकी की तीन परियोजनाओं के लिए 5045.08 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। यह परियोजनायें सतीश चंद्र शर्मा राज्य मंत्री के प्रस्ताव पर बाराबंकी के विकास खण्ड मनीकोडर में श्री लालेश्वर शिव मंदिर में गोमती तट पर सीढ़ी का निर्माण, विश्रामस्थल तथा पेयजल की व्यवस्था के लिए प्रस्ताव किया गया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री श्री योगी ने बजट भाषण में लोधेश्वर महादेव मंदिर के समेकित पर्यटन विकास एवं पर्यटक सुविधाओं के सृजन की घोषणा की थी।

इसी प्रकार दिनेश रावत, विधायक के प्रस्ताव पर विकास खण्ड हैदरगढ़ में अवसानेश्वर घाट स्थित मंदिरों के पर्यटन विकास का प्रस्ताव किया गया था। श्री सिंह ने बताया कि जनपद फर्रुखाबाद की 02 परियोजनाओं के लिए 1001.19 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इनमें नागेन्द्र सिंह राठोर, विधायक के प्रस्ताव पर भोजपुर के मोहम्मदाबाद में हवाईपट्टी के समीप हनुमान मंदिर का पर्यटन विकास तथा पर्यटन कार्यालय फर्रुखाबाद के प्रस्ताव पर प्रसिद्ध बौद्ध स्थल संकिसा स्थित मठों में पर्यटक सुविधाओं का सृजन एवं पर्यटन विकास का कार्य कराया जायेगा।

# गोवंश को लू से बचाने के प्रबंध हो

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी** ब्लॉक रामनगर की ग्राम पंचायत अमोली कीरतपुर में जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश भोंडोले द्वारा पंचायत भवन व गौशाला का निरीक्षण किया गया। उन्होंने पंचायत भवन में उपस्थित पंचायत सहायक अरुण कुमार से फैमिली आईडी के सन्दर्भ में जांच की और पूछा कि कितनी फेमिली आई डी बनी है और क्या दिक्कत आ रही है। उन्होने प्रधान से गाँव के अन्य कार्यों की जानकारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने गांव में बने गौशाला का निरीक्षण किया तथा भूसा चारा पानी आदि की जानकारी लेकर गौवंशो को गुड़ व केला खिलाया। उन्होंने गौवंश को लू से बचाने के लिए सचिव को आवश्यक निर्देश दिए और कहा की दोनो समय साफ ताजा पानी मिलता रहे। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र पंचायत से लगवाए गए सभी आर ओ वाटर कूलर का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी अभय शुक्ला, जेई लघु सिंचाई अरुण कुमार व्यास, प्रधान प्रतिनिधि विवेक सिंह सहित गांव के अन्य लोग मौजूद रहे।

# चालक को बंधक बनाकर लूटा ई रिक्शा, नकद व मोबाइल



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** सोमवार की देर शाम ई रिक्शा बुकिंग कर ले गये अज्ञात बदमाशों ने ग्राम अमदहा स्थित प्लाइवुड फैक्ट्री के निकट बंधक बनाकर ई रिक्शा, मोबाईल एवं 250 रुपये की नगदी लेकर फरार हो गये। किसी तरह बंधक से छूटे पाकर पहुंचे पीड़ित ने मसौली पुलिस को तहरीर दी मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल मे जुटी हुई है।

सोमवार की देर शाम करीब साढ़े आठ बजे थाना व कस्बा मसौली निवासी असफाक पुत्र मुनव्वर अली मसौली चौराहे पर अपना ई रिक्शा लेकर सवारियों के इंतजार मे खड़ा था तभी एक अज्ञात व्यक्ति आया और कहा की भयारा रोड़ से पिलर के लिए फर्मा लेकर मसौली आना है।भयारा रोड़ की तरफ उसी के साथ ई-रिक्शा चालक चल दिया।तभी कोटवा क्रासिंग से पहले प्लाईवुड फैक्ट्री के निकट सुनसान जगह पर ले गया जहाँ पर पहले उक्त व्यक्ति का एक साथी मौजूद था। अचानक से दोनों ने मिलकर ई रिक्शा चालक के हाथ पैर बांधकर पिटाई करते हुए चालक का मोबाइल व सिम और करीब 250 रुपए भी छीनकर ई रिक्शा नम्बर यूपी 41 ए टी 9969 लेकर फरार हो गये।

पीड़ित किसी तरह से हाथ-पैर की रस्सी खोलकर मसौली चौराहा पहुंचे रिक्सा चालक ने परिजनों को सूचना दी। ई रिक्सा लूट की सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लेते हुए रिक्सा की तलाश मे भरसक प्रयास किया लेकिन रिक्सा का पता नही चल सका पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है।

# अपने ही घर में हारी सुपर जायंट्स

## दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ एलएसजी को दी मात, केएल राहुल ने खेली तूफानी पारी

**लखनऊ।** आईपीएल 2025 के 40वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को उसी के घर में 8 विकेट से हराया है। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 6 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। जिसके जवाब में दिल्ली ने 17.5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए अभिषेक पोरेल और केएल राहुल ने फिफ्टी लगाई। जबकि मुकेश कुमार ने 4 विकेट झटके। अभिषेक पोरेल और केएल राहुल के अलावा कप्तान अक्षर पटेल ने भी बल्ले से अच्छा काम किया। उन्होंने 170 के गजब के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 20 गेंद में 34 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने पारी में चार छक्का और एक चौका भी लगाया। बता दें कि, पिछले सीजन तक आईपीएल में केएल राहुल लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते थे। लेकिन 2025 के मैगा ऑक्शन से पहले राहुल को लखनऊ ने रिलीज कर दिया था। पिछले सीजन के दौरान एसआरएच से मिली हार के बाद लखनऊ के मालिक संजीव गोयनका ने बीच मैदान पर केएल राहुल को फटकार लगाई थी। फिर लखनऊ ने राहुल को रिलीज कर दिया था। मेगा ऑक्शन में दिल्ली ने राहुल को खरीदा। अब राहुल ने एलएसजी के खिलाफ लखनऊ से इकाना स्टेडियम में ही बदला लिया। उन्होंने 42 गेंदों की पारी में तीन चौके और तीन छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट पारी के दौरान 135.71 का था।





दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। लखनऊ ने अच्छी शुरुआत की और पहले 10 ओवर में 87 रन ठोक डाले। एडन मार्करम और मिचेल मार्श ने बेहतीरन साझेदारी की लेकिन इसके बाद 23 रन के अंदर टीम ने चार विकेट गंवा दिए। एक समय तो ऐसा लग रहा था कि लखनऊ बड़ा स्कोर करेगा लेकिन फिर 110 के स्कोर पर टीम के चार विकेट गिर गए थे यहीं से लखनऊ की गति धीमी हुई। मार्करम ने 33 गेंदों पर 52 रन में दो चौके और तीन छक्के लगाए। मार्श ने 36 गेंदों पर 45 रन में तीन चौके और एक छक्का लगाया। खतरनाक बल्लेबाज निकोलस पूरन को मिचेल स्टार्क ने 9 रन पर बोल्ड कर दिया। मुकेश कुमार ने अब्दुल समद को अपनी ही गेंद पर कैच किया। समद ने 2 रन बनाए। मुकेश ने इससे पहले मार्श का विकेट भी लिया था। दिल्ली के लिए मुकेश ने चार ओवर में 33 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए।

# जीत का चौका लगाने उतरेगी एमआई

## सनराइजर्स हैदराबाद के सामने मुंबई इंडियंस की चुनौती, कौन पड़ेगा भारी?



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में बेहतरीन शुरूआत के बाद सनराइजर्स हैदराबाद का डगमगा गई। जिसके बाद वह एक के बाद एक करके अपने सभी मैच हारती चली गई। अब उसका सामना 23 अप्रैल, बुधवार को मुंबई इंडियंस से होगा। इस मैच में एसआरएच का लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। वहीं, खोई लय हासिल करने की राह पर अग्रसर मुंबई जीत का सिलसिला कायम रखना चाहेगी। सात मैचों में दो जीत के बाद सनराइजर्स हैदराबाद कि स्थिति अच्छी नहीं है। उसके स्टार बल्लेबाजों ने उसे निराश किया जबकि गेंदबाज भी प्रभावित नहीं कर सके हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद को धीमी और टर्निंग पिचों पर दिक्कतें आई है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम दो घरेलू मैच भी हार चुकी है। वानखेड़े स्टेडियम की पेचीदा पिच पर मुंबई ने उसे चार विकेट से हराया। इसी मैच में चुनौतीपूर्ण हालात के सामने उसकी कमजोरियां की कलई खुल गई। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने सपाट विकेटों पर अच्छा प्रदर्शन किया है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ अनुकूल पिच पर खेलने से उनके सामने खोई लय हासिल करने का सुनहरा मौका है। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा। सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी का दारोममदार उसकी सलामी जोड़ी अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड पर होगा। पावरप्ले में उनका कामयाब रहना टीम के लिए बहुत जरूरी है। अभिषेक ने पंजाब किंग्स के खिलाफ यहां पिछले मैच में 55 गेंद में 141 रन बनाए थे जो इस आईपीएल में किसी बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है। हेड के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव चिंता का सबब है। सनराइजर्स को अपने इस ऑस्ट्रेलियाई स्टार से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी क्योंकि इस मैच में हार से टीम की स्थिति खराब हो जाएगी।

मुंबई इंडियंस के खिलाफ सनराइजर्स ने 24 में से 10 मैच जीते और 14 गंवाए हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के लिए अपने मैदान से बाहर खुद को आजमाने का और लय बनाए रखने का ये सुनहरा मौका है। उसे रविवार को फिर अपने मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स से खेलना है। मुंबई लगातार तीन जीत के साथ आईपीएल में निराशाजनक शुरुआत से उबर रही है। पांच बार की चैंपियन टीम ने बल्लेबाजों की मददगार विकेट पर चेन्नई सुपर किंग्स को 9 विकेट से हराया। मुंबई ने 180 के आसपास का लक्ष्य चार ओवर से अधिक बाकी रहते हासिल कर लिया।

## पहले गेंदबाजी करने वाली टीम को हो रहा फायदा : पंत

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स से आठ विकेट की शिकस्त झेलने के बादे कहा कि इस मैदान पर पहले गेंदबाजी करने वाली टीम फायदे में रह रही है। लखनऊ के छह विकेट पर 159 रन के जवाब में दिल्ली कैपिटल्स ने 13 गेंद शेष रहते दो विकेट पर 161 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

पंत ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में प्रसारकों से कहा, ‘‘ यहां टॉस ने अहम भूमिका निभाई है। पहले गेंदबाजी करने वाली टीम को पिच से काफी मदद मिल रही है। लखनऊ में खैर ऐसा ही होता है, मैच आगे बढ़ने के साथ पिच बल्लेबाजी के लिए आसान होती जाती है।'' उन्होंने कहा, ‘‘ मैच इसी तरह चलता है और आप शिकायत नहीं कर सकते, दूसरी पारी में बल्लेबाजी आसान हो जाती है। टॉस एक बड़ी भूमिका निभा रहा है, लेकिन हम बहाने नहीं ढूंढ रहे हैं।''उन्होंने कहा, ‘‘ हमें पता था कि हमने 20 रन कम बनाये है। '' खुद बल्लेबाजी के लिए सातवें क्रम पर आने के बाद आलोचना झेल रहे इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, ‘‘ हम परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहते थे। हमने (अब्दुल) समद को ऐसी पिच का फायदा उठाने के लिए भेजा था। (डेविड) मिलर के क्रीज पर जाने के बाद हमारी रन गति आगे नहीं बढ़ सकी। हमें इन चीजों को देखते हुए सर्वश्रेष्ठ संयोजन बनाना होगा।''

## ऋषभ पंत के विकेट पर संजीव गोयनका का ऐसा था रिएक्शन

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल 2025 का 40वां मैच इकाना स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में लखनऊ के फैंस को ऋषभ पंत से धुआंधार प्रदर्शन की उम्मीद थी, हालांकि, पंत ने अपने फैंस की उम्मीदों पर पानी फेरने का काम किया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए पंत 7वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। इस दौरान उन्हें मात्र 2 गेंद ही खेलने का मौका मिला वह ना तो खाता खोल पाए बल्कि पारी की आखिरी गेंद पर उटपटांग शॉट मारने के प्रयास में आउट भी हो गए। पंत के विकेट के बाद एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका का रिएक्शन वायरल हो रहा है। लखनऊ सुपर जाटंट्स ने आईपीएल 2025 की नीलामी में ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड तोड़ बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया था। हालांकि, इस सीजन उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। अब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ डेविड मिलर, अब्दुल समद और आयुष बदोनी को अपने आगे भेजकर उन्होंने अपनी कप्तानी पर भी सवाल खड़े कर लिए हैं। उनकी ये हरकत को संजीव गोयनका को भी रास नहीं आएगी। ऋषभ पंत बल्लेबाजी करने तब आए जब 19.4 ओवर में टीम ने 159 के स्कोर पर अपना पांचवां विकेट खोया था। पंत ने पारी की आखिरी दो गेंदों का सामना किया और वह एक भी रन नहीं जोड़ पाए। उनके विकेट के बाद मालिक संजीव गोयनका का रिएक्शन देखने लायक था।



**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | रन रेट | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | +1.104 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | +0.657 | 12 |
| बंगलुरु | 8 | 5 | 3 | +0.472 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | +0.177 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | +0.054 | 10 |
| मुंबई | 8 | 4 | 4 | +0.4 | 8 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | +0.212 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | -0.633 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | -1.217 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | -1.392 | 4 |

# मामूली बढ़त के साथ खुला भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 79,500 स्तर से ऊपर

**मुंबई।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को घरेलू बेंचमार्क सूचकांक मामूली बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में ऑटो, पीएसयू बैंक और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.34 बजे सेंसेक्स 134.87 अंक या 0.17 प्रतिशत बढ़कर 79,543.37 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 37.65 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 24,163.20 पर था। निफ्टी बैंक 78.85 अंक या 0.14 प्रतिशत बढ़कर 55,383.35 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 299.45 अंक या 0.55 प्रतिशत बढ़कर 54,273.90 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 78.10 अंक या 0.47 प्रतिशत चढ़कर 16,851.45 पर था। बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, निफ्टी अब मार्च के उच्चतम स्तर 23,870 पर वापस आ गया है, जो निकट भविष्य में एक महत्वपूर्ण प्रतिरोध स्तर हो सकता है।



**नवीनतम श्रृंखला:** डर्मीकूल, ईमामी लिमिटेड परिवार की ओर से भारत का प्रमुख प्रिक्ली हीट पाउडर घमौरियों के लिए डर्मोटोलॉजिस्ट द्वारा अनुमोदित एक समाधान है और इसमें नीम और तुलसी का डबल पावर है। इस साल की गर्मियों के लिए ब्राण्ड ने लखनऊ में एक शानदार पहल की शुरुआत की है। इस पहल के ज़रिये पूरे शहर के प्रमुख ट्रैफिक सिग्नल्स पर अस्थायी शेड्स लगाया गया है। इससे पैदल यात्री मतलब खरीदारी करने और आफिस जाने वाले लोग, विद्यार्थी, साइकिल, टू-व्हीलर और कार चालकों को गर्मी से राहत मिलेगी। कपूरथला क्रॉसिंग और हैनीमैन चौराहा में डर्मीकूल ओवरहेड ट्रैफिक सिग्नल शेड्स लगाए गए हैं।

**समृद्ध पहल:** एचसीएल ने देश के सबसे बड़े प्रॉब्लम-सॉल्विंग प्लेटफॉर्म, एचसीएल जिगसॉ का छठा एडिशन पेश किया है। यह प्लेटफॉर्म खासतौर पर स्कूल के छात्रों के लिए तैयार किया गया है, ताकि उनमें नवाचार, विश्लेषण और तार्किक सोच को बढ़ावा दिया जा सके। एचसीएल जिगसॉ का उदेश्य छात्रों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं को समझने और सुलझाने में सक्षम बनाना है। इसमें कक्षा 6 से 9 तक के छात्रों का मूल्यांकन 21वीं सदी की महत्वपूर्ण स्किल्स के आधार पर किया जाता है, जिनमें रिसर्च, क्रिटिकल थिंकिंग और कम्युनिकेशन शामिल है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक छात्र या स्कूल आनलाइन जाकर 31 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजत चंदोलिया, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट और हेड- ब्रांड, एचसीएल ग्रुप, ने कहा, एचसीएल में, हमारा उद्देश्य युवाओं की क्षमता को बढ़ावा देना है, ताकि वे गतिशील दुनिया के साथ-साथ आगे बढ़ सकें।

**श्रंखला विस्तार:** बैंगलुरू स्थित इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता, एथर एनर्जी उन पहली कंपनियों में से एक है, जिन्होंने अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर्स में डैशबोर्ड पर नैविगेशन जैसे सॉफ्टवेयर फीचर्स देना शुरू किया। एथर ने अपने इन-हाउस टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, एथरस्टैक का विकास किया। यह एक सॉफ्टवेयर सिस्टम है, जो स्कूटर के डैशबोर्ड से लेकर मोबाईल ऐप और चार्जिंग अनुभव तक हर चीज संभव बनाता है। एथर स्कूटर का ऑटोहोल्ड फीचर है। यह स्कूटर को ढलान या फ्लाईओवर पर स्थिर बनाकर रखता है, इसलिए आपको ब्रेक दबाकर रखने की जरूरत नहीं पड़ती है।तो इमरजेंसी स्टॉप सिग्नल पीछे की ओर दी गई लाईट को फ्लैश कर देता है, जिससे पीछे से आ रहे वाहन सतर्क हो जाते हैं और दुर्घटना की संभावना कम हो जाती है।

# सोने की चमक से चकाचौंध हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** देश में पहली बार सोने की कीमत पहली बार 1 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार दिल्ली में मंगलवार को 99.9त्न शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये की उछाल के साथ एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम को पार कर गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 1,800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जो सोमवार को 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय बाजार में मंगलवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,800 रुपये की तेजी के साथ 1,02,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इससे पिछले सत्र में सोना 99,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

**नवीनतम श्रृंखला:** अक्षय तृतीया के पवित्र पर्व के लिए तनिष्क का एक्सक्लूसिव वेडिंग सब-ब्रांड रिवाह अपने शानदार ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन्स के साथ आने वाली समर इंडियन वेडिंग्स के लिए तैयार है। भारत में शादी से जुडी विभिन्न परंपराओं की गहरी समझ के साथ, रिवाह बाए तनिष्क अलग-अलग समुदायों की दुल्हनों के लिए बनाई गयी ज्वेलरी की विशाल श्रेणी प्रस्तुत कर रहा है। हल्दी से लेकर मेहंदी तक, संगीत से लेकर शादी तक, हर फंक्शन के अनुरूप आभूषण रिवाह में हैं। तनिष्क की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर पेल्कि त्शेरिंग ने कहा, ÷समर वेडिंग सीज़न के लिए रिवाह बाए तनिष्क ने विरासत और आधुनिकता को एक साथ पिरोने वाली ब्राइडल ज्वेलरी की बढ़ती मांग को पूरा करना जारी रखा है।

**व्यापार विस्तार:** किसी छोटे व्यवसाय के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह अपने उत्पाद और सेवाएँ कैसे प्रस्तुत करता है और बेचता है, क्योंकि यही सफलता और असफलता का अंतर पैदा करता है। छोटे व्यवसायों को सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति बढ़ाने और बिक्री को बढ़ावा देने के लिए गो डैडी ने अपना नया टूलशो इन बायो लॉन्च किया है। यह सस्ता टूल छोटे व्यवसायों के मालिकों को लचीलापन प्रदान करता है, जो अभी वेबसाइट बनाने के लिए तैयार नहीं हैं। यह उन्हें सोशल मीडिया प्रोफाइल पर अपने उत्पादों या सेवाओं को प्रदर्शित करने और व्हाट्सएप जैसे चैनलों के जरिए ग्राहकों से जुड़कर बिक्री पूरी करने की सुविधा देता है।आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (एआई) (ढ्ढ) का उपयोग करते हुए, यह टूल उत्पाद की जानकारी जैसे नाम, विवरण, और मूल्य को तुरंत तैयार करता है, जिससे एक व्यक्तिगत एक-पृष्ठ बिक्री कैटलॉग कुछ ही मिनटों में तैयार किया जा सकता है। इस टूल का इस्तेमाल करने के लिए किसी तकनीकी कौशल की आवश्यकता नहीं है।

# डीओसी मांग कमजोर होने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट

**नई दिल्ली।** खाद्यतेलों, खासकर सोयाबीन और सूरजमुखी तेल जैसे सॉफ्ट (नरम) खाद्यतेलों के कम आयात और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन तेल के साथ बिनौला तेल कीमतों में सुधार देखने को मिला। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 10,075 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 9,825 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 8,325 रुपये प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला- 7,900 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 8,525रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 9,100 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स- कांडला- 8,350 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 5,005-5,035 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 4,815-4,855 रुपये प्रति क्विंटल। मक्का खल (सरिस्का)- 4,050 रुपये प्रति क्विंटल।

**नया आयाम:** कलर्स के राम भवन में शादी को ऐसी ताकत के रूप में केंद्र में रखा गया है, जो किसी परिवार की नींव को ही बदल देती है। नवीनतम ट्विस्ट ओम की ईशा से शादी ने पूरे घर को उलट-पुलट कर दिया है। जब ईशा की बहन मिली घर से भाग जाती है, तो जो परिवार की इज़्ज़त बचाने के लिए कभी सिर्फ एक इमरजेंसी प्लान था, वही फैसला जल्द ही एक बेहद व्यक्तिगत मोड़ ले लेता है। अपनी तेज़ बुद्धि और जुगाड़ू अंदाज़ के लिए प्रसिद्ध, ओम उसी वक्त शादी के लिए हां करके अचानक सबको चौंका देता है, यहां तक कि खुद ईशा को भी। लेकिन इस फैसले के पीछे सिर्फ हालात नहीं हैं। यह गायत्री के खिलाफ एक खामोश बगावत है, जो राम भवन की सबसे बड़ी बहू होने के नाते सालों से उस घर पर अपनी सख्त पकड़ बनाए हुए है। जैसे-जैसे शादी के बाद की उठापटक शुरू होती है, ओम और ईशा का असहज और मजबूरीभरा रिश्ता इस कहानी का केंद्र बन जाता है।

**वित्तीय समावेशन:** गोदरेज एंटरप्राइज़ेस के ब्रांड, इंडिया सर्कस बाय कृष्णा मेहता ने लखनऊ में अपने नए रिटेल स्टोर की भव्य शुरुआत की है। यह नया स्टोर प्रतिष्ठित और भव्य रूप से की गई पुनःस्थापित हेरिटेज बिल्डिंग- ले प्रेस बिल्डिंग में स्थित है। यह स्टोर ब्रांड की खास इंडो-कॉन्टेम्परारी शैली और लखनऊ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक सुंदर मिश्रण प्रस्तुत करता है। इंडिया सर्कस के संस्थापक, कृष्णा मेहता कहते हैं, इंडिया सर्कस में हमारा उद्देश्य डिज़ाइन को उत्सव की तरह मनाना और उसे किफायती लग्ज़री के रूप में सभी के लिए सुलभ बनाना है।

## भारत ने स्टील के आयात पर लगाया 12 फीसदी अस्थायी टैरिफ

**नई दिल्ली।** भारत ने बेलगाम आयात को रोकने के लिए कुछ इस्पात उत्पादों पर 12 फीसदी अस्थायी टैरिफ लगाया है। इस टैरिफ को स्थानीय रूप से सुरक्षा शुल्क के रूप में जाना जाता है। सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी। इस फैसले पर केंद्रीय इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि कुछ इस्पात उत्पादों के आयात पर 12 प्रतिशत रक्षोपाय शुल्क लगाने के सरकार के फैसले से घरेलू उत्पादकों, मुख्य रूप से एसएमई को राहत मिलेगी, जिन्हें बढ़ते आयात के कारण भारी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। दुनिया में कच्चे स्टील के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक भारत ने कहा कि सोमवार से प्रभावी यह टैरिफ 200 दिनों के लिए लगाया गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा, इस अधिसूचना के तहत लगाया गया सुरक्षा शुल्क इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो सौ दिनों की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा (जब तक कि इसे पहले ही रद्द, प्रतिस्थापित या संशोधित नहीं कर दिया जाता है)।

**पोर्टफोलियो पहल:** शैक्षणिक उत्कृष्टता के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, कोटा के असली जीतू भैया एनवी सर नितिन विजय के नेतृत्व में मोशन एजुकेशन ने एक बार फिर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में नए मानक स्थापित किए हैं। जेईई मेन 2025 के अब तक के परिणामों के आधार पर, मोशन एजुकेशन के 65.8 प्रतिशत छात्रों ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालिफाई किया है, जो राष्ट्रीय औसत 16.25 प्रतिशत से काफी आगे है। मोशन ने साबित कर दिया है कि सामान्य छात्र भी सही मार्गदर्शन और संसाधनों के साथ भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं जैसे आईआईटी-जेईई या नीट में सफलता पा सकता है। 'इस अवसर पर मोशन एजुकेशन के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नितिन विजय ने कहा:''ऐसा कहा जाता है कि सफल होने के लिए टॉपर होना जरूरी नहीं, बल्कि सीखने की ललक, अनुशासन और हिम्मत होना चाहिए।

# भारत की आर्थिक बुनियाद पिछले वैश्विक संकटों की तुलना में मजबूत

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और अंतरराष्ट्रीय कमोडिटी बाजारों में दबाव के बीच भारत के वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे पिछले वैश्विक संकटों के मुकाबले काफी मजबूत दिखाई दे रहे हैं। मोतीलाल ओसवाल ने एक रिपोर्ट में कहा, टैरिफ जैसी वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद घरेलू लचीलेपन और बेहतर राजकोषीय सेहत की बदौलत भारत की आर्थिक वृद्धि पर प्रभाव काफी सीमित रहेगा। हालांकि, आईटी क्षेत्र में सुस्ती और करेंसी वार के बीच चीन से उत्पादों की डंपिंग का मामूली असर देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट में हाइब्रिड फंडों में एकमुश्त निवेश और अगले दो-तीन महीनों के लिए लार्जकैप, फ्लेक्सी कैप, मिड और स्मॉलकैप फंडों को लेकर चरणबद्ध दृष्टिकोण अपनाने का सुझाव दिया गया है। मोतीलाल ओसवाल ने शेयर बाजार में बड़ी गिरावट आने पर निवेश की सलाह दी है।

**अमेज़न.इन** अमेज़न.इन आपको पूरे मौसम में ठंडा और आरामदायक रहने में मदद करने के लिए मौजूद है। ताज़ा और ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थों से लेकर, पालतू जानवरों की देखभाल के लिए ज़रूरी सामान और शिशु देखभाल उत्पादों तक, इस वन-स्टॉप डेस्टिनेशन में तेज़ और विश्वसनीय डिलीवरी की सुविधा के साथ गर्मियों की हर ज़रूरी चीज़ की विस्तृत श्रृंखला मौजूद है। ग्राहक अमेज़न पे का उपयोग करके अतिरिक्त बचत और सुविधा का भी आनंद ले सकते हैं।

**नवीनतम पेशकश:** कलर्स के आगामी ड्रामा 'मेरी भव्या लाइफ' ने अपनी दमदार कहानी के कारण अपनी शुरूआत के पहले से ही चर्चाओं का बाज़ार गर्म कर दिया है। यह शो बॉडी पॉजिटिविटी और आत्म-मूल्य को लेकर एक सशक्त संदेश देता है। इसकी मुख्य किरदार है भव्या (प्रिशा धतवालिया) एक होशियार आर्किटेक्ट, गोल्ड मेडलिस्ट, और एक प्लस-साइज़ महिला, जिसे विवाह मंडप पर इसलिए छोड़ दिया जाता है क्योंकि लड़का उसके दिल से ज्यादा उसके पिता की हैसियत में रुचि रखता है। लेकिन भव्या टूटने वालों में से नहीं है - वह अपने हुनर, शालीनता और अडिग आत्म-विश्वास के साथ खुद को फिर से बनाती है। इसी बीच उसकी ज़िंदगी में आता है उससे बिल्कुल विपरीत व्यक्ति रिशांक (करण वोहरा) - एक फिटनेस फ्रीक और तारीफों का भूखा इंसान, जो उसकी ज़िंदगी की अनपेक्षित चुनौती बन जाता है।

# पहलगाम आतंकी हमला : तुम्हें नहीं मारूंगा, जाओ मोदी को बता देना

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई। हमले में कर्नाटक के शिवमोगा जिले के एक कारोबारी पर्यटक मंजूनाथ राव की भी मौत हो गई। मंजूनाथ अपनी पत्नी पल्लवी और अपने छोटे बेटे के साथ घाटी में घूमने गए थे। पल्लवी ने उस भयानक मंजर और दर्दनाक आपबीती को बताते हुए कहा कि आतंकी हिन्दुओं की पहचान कर गोली मार रहे थे। बकौल पल्लवी, जब आतंकियों ने उसके पति को गोली मारी तो उसने आतंकियों से खुद को भी मारने को कहा लेकिन आतंकियों ने कहा कि तुम्हें नहीं मारूंगा, जाओ मोदी को बता देना। रिपोर्ट के मुताबिक, पल्लवी ने कहा, हम तीनों (मैं, मेरे पति और हमारा बेटा) कश्मीर आए थे। मुझे लगता है कि दोपहर करीब 1.30 बजे हमला हुआ है। हम पहलगाम में थे। वो मेरी आंखों के सामने मौके पर ही मर गए। पल्लवी ने कहा कि आतंकियों द्वारा गोले मारे जाने के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने उसकी मदद की। उन्होंने कहा, तीन स्थानीय लोगों ने मुझे बचाया।



### मारे गए लोगों की सूची

मंजूनाथ - कर्नाटक,विनय नरवाल - हरियाणा,शुभम द्विवेदी - उत्तर प्रदेश,दिलीप जयराम देसाले - महाराष्ट्र,सुदीप नेपवाने - नेपाल,बिताल अधिकारी - यूएई,प्रदीप कुमार,अतुल श्रीकांत मोणे - महाराष्ट्र,संजय लखन लेले,सैयद हसन शाह - अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर),हिंमत भाई कलाथिया - गुजरात,प्रशांत कुमार बलेश्वर,मनीष रंजन,रामचंद्रन,शैलेंद्र कालीप्य,शिवम मोग्गा-कर्नाटक।

### दो अधिकारियों की मौत, एक नौसेना का

पहलगाम हमले में नौसेना के भी एक अधिकारी की मौत हुई है। इस बात की पुष्टि एक अधिकारी ने की। उन्होंने बताया कि इस हमले कोच्चि में तैनात लेफ्टिनेंट विनय नरवाल (26 वर्ष) की मौत हो गई है। 16 अप्रैल को उनकी शादी हुई थी, वो छुट्टी पर थे। वहीं मनीष रंजन केन्द्रीय खुफिया एजेंसी में कार्यरत थे।

### घायलों से मिलेंगे अमित शाह, आज जाएंगे पहलगाम

गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर पहुंचे और सीधे राजभवन पहुंचे। वहां वह आईबी चीफ और उपराज्यपाल के साथ हाईलेवल मीटिंग कर रहे हैं। इसके बाद वह घायलों से मिलने अस्पताल जाएंगे। जानकारी में सुबह पहलगाम जाने का कार्यक्रम है।

**जाओ मोदी को बता देना**

पल्लवी ने बताया कि हमलावर हिंदुओं को पहचानकर निशाना बना रहे थे। पल्लवी ने कहा, तीन से चार लोगों ने हम पर हमला किया। मैंने उनसे कहा कि मुझे भी मार दो, तुम मेरे पति को पहले ही मार चुके हो तो आतंकियों में से एक ने कहा,मैं तुम्हें नहीं मारूंगा। जाओ मोदी को बता देना। इस भयंकर हादसे के बाद रोती-बिलखती पल्लवी ने अधिकारियों से अपील की है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके पति का शव जल्द से जल्द शिवमोगा भेजा जाए। उन्होंने कहा कि शव को आसानी से नीचे नहीं लाया जा सकता, इसे हवाई मार्ग से ले जाने की जरूरत है। पल्लवी ने कहा कि हम चाहते हैं कि शव तुरंत वापस लाया जाए।

# प्रियंका गांधी बोलीं ईडी बुलाएगी तो मैं जाने को तैयार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने नेशनल हेराल्ड और पति रॉबर्ट वाड्रा को मिले ईडी के समन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि

**मेरा परिवार कर रहा है सहयोग**

सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मेरे पति रॉबर्ट वाड्रा ईडी के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं; अगर बुलाया गया तो मैं जाने के लिए तैयार हूं। इस दौरान प्रियंका ने कहा कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से आमंत्रण का इंतजार कर रही है और आश्चर्य जताया कि उन्हें अभी तक क्यों नहीं बुलाया गया। नेशनल हेराल्ड मामले और रॉबर्ट वाड्रा से ईडी की पूछताछ पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, मुझे लगता है कि पीएम के सलाहकार इन दिनों गलत सलाह दे रहे हैं। जनता सच्चाई समझती है और एजेंसियों का दुरुपयोग कैसे किया जा रहा है...मेरे पति से (ईडी द्वारा) पूछा जा रहा है कि उन्होंने 17 साल पहले अपनी मां को 4 लाख रुपये क्यों दिए। ये किस तरह के सवाल हैं? नेशनल हेराल्ड (मामले) में भी, सब कुछ लोगों के सामने है...यह सब राजनीतिक कारणों से किया जा रहा है। सभी आरोप झूठे हैं...पीएम को अपनी रणनीति में बदलाव करना चाहिए।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों ने नगर में किया पथ संचलन

**चुनार (मिर्जापुर)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चुनार नगर की ओर से पथ संचलन का आयोजन किया गया। सायंकाल किला ग्राउंड में स्वयंसेवकों को एकत्रीकरण के बाद काशी प्रांत के सामाजिक सद्भाव प्रमुख शिवमूर्ति जी का बौद्धिक पाथेय प्राप्त हुआ। इसके बाद पथ संचलन किला ग्राउंड से भरपुर लाइन, भरपुर, लालदरवाजा, सद्दुपुर, गोला बाजार, चौक बाजार, सर्राफा बाजार, गंगेश्वरनाथ, बालूघाट आदि मार्गो से होते हुए संतोषी माता मंदिर स्थित किला घाट पर पहुंचा जहां गंगा आरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान जिला कार्यवाह रामबालक, जिला प्रचारक आलोक, सह जिला कार्यवाह अमित, नगर संघ चालक गोविंद, नगर कार्यवाह विवेक, जिला व्यवस्था प्रमुख आलोक जौहरी,जिला संपर्क प्रमुख अवनींद्र सिंह,विधायक सहयोगी आलोक सिंह, विभाग पर्यावरण प्रमुख गोविंद, श्यामधर चतुर्वेदी, रितेश, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख शिवकुमार, जिला शारीरिक प्रमुख पवन, नगर संपर्क प्रमुख राकेश श्रीवास्तव, नगर प्रचारक हर्षित, राजेन्द्र प्रसाद प्रजापति, बंशीधर चतुर्वेदी, धीरज जायसवाल, विकास सिंह, सत्येंद्र दुबे, उमाकांत दुबे आदि सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवक गण वेश में पंक्ति बद्ध अनुशासन के साथ चल रहे थे। संचलन में फूल माला से सुसज्जित वाहन पर भारत माता का चित्र उसके पीछे घोष का दल संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढे चलो आदि संघ के गीतों का धुन बजाते हुए चल रहा था। कस्बा चौकी प्रभारी उदय नारायण कुशवाहा पुलिस बल के साथ, साथ साथ चल रहे थे।



# हमले से पूरा देश स्तब्ध, आक्रोशित, एकजुट

### हर तरफ से उठ रही इस कायरतापूर्ण कुकृत्य के असली गुनहगारों को माकूल सजा दिए जाने की मांग

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** पहलगाम में अंजाम दिए गए कायरतापूर्ण आतंकी हमले को लेकर जहां एक ओर पूरा देश स्तब्ध और आक्रोशित है वहीं समाज के सभी वर्गों में इस बात पर पूरी एकजुटता का माहौल दिख रहा है कि मासूम पर्यटकों पर किए गए इस बर्बरतापूर्ण हमले के असली गुनहगारों की पहचान कर उन्हें इसकी ऐसी माकूल और सख्त सजा दी जाए कि भविष्य में कभी इसकी पुनरावृत्ति करने के बारे में कोई सोच भी ना सके। खास तौर से जाति और धर्म पूछकर की गई टार्गेटेड किलिंग को लेकर समूचे देश में भारी उबाल देखा जा रहा है। मामले की जानकारी मिलने के फौरन बाद ही जिस तरह विदेश दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तुरंत ही सोशल मीडिया के माध्यम से इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए स्पष्ट शब्दों में ऐलान कर दिया कि 'इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।' साथ ही पीएम मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह को फौरन की जम्मू कश्मीर जाने का आदेश दे दिया और वहां के लिए निकलने से पहले ही शाह ने भी साफ कर दिया कि इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और अपराधियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

पूरे देश से राजनीतिक दलों, नेताओं, कलाकारों और सामाजिक संगठनों व कार्यकर्ताओं ने एक जुबान से इस कायरतापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए सरकार से कठोरतम कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस हमले को मानवता पर धब्बा बताते हुए सरकार से राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह किया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी आतंक के खिलाफ देश की एकजुटता का विश्वास दिलाते हुए सरकार से जवाबदेही लेने और ठोस कदम उठाने की मांग की है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने हमले को हर दृष्टिकोण से निंदनीय बताते हुए सुरक्षा का वातावरण सुनिश्चित किए जाने की बात कही है। इसी प्रकार आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इसे मानवता पर हमला करार दिया है जबकि उनकी ही पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा है कि इस बर्बरता के पीछे जो लोग हैं वे शांति के दुश्मन हैं और उन्हें न्याय की ताकत से कुचल दिया जाना चाहिए। राजनीतिक दलों और राजनेताओं के अलावा खिलाड़ियों, कलाकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस पर कठोर प्रतिक्रियाएं दी हैं। अभिनेता अनुपम खेर ने निर्दोष पर्यटकों पर हमले को कायरता की पराकाष्ठा सरकार और सेना से अनुरोध किया है कि दोषियों को जल्द से जल्द सजा दी जाए। शाहरुख खान ने इसे अमानवीय बताते हुए आतंक के खिलाफ लड़ने के लिए सबको आवाज उठाने की सलाह दी है। क्रिकेटर गौतम गंभीर और विराट कोहली ने इसे कायराना और निंदनीय कृत्य बताते हुए कहा है कि आतंकी कश्मीर की शांति और विकास के दुश्मन हैं। इसके अलावा कवि कुमार विश्वास ने कहा है कि दुनिया को व देश को जागना होगा और आतंकवादी विचार और उसके अंदर-बाहर के समर्थकों व सहानुभूति रखने वालों को बेनकाब करना होगा। उन्होंने आतंकी भेड़ियों को चेतावनी कि कश्मीरी व भारतीय न झुके थे न झुकेंगे बल्कि बदला लिया जाएगा।

# यूपी के शुभम द्विवेदी भी हमले में मारे गये

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कानपुर के रहने वाले शुभम द्विवेदी, जिनकी डेढ़ महीने पहले ही शादी हुई थी 11 लोगों के साथ कश्मीर घूमने गए थे। पहलगाम में घुड़सवारी के दौरान आज आतंकियों ने उन्हे गोली मार दी। कानपुर महाराजपुर के हाथीपुर निवासी व चंदन चक्की प्रतिष्ठान के संजय द्विवेदी के इकलौते बेटे शुभम द्विवेदी की मौत की सूचना परिजनों को दी गई है। शुभम सपरिवार 17 अप्रैल को घर से कश्मीर के लिए निकले थे।



### संदिग्ध परिस्थिति में आग लगने से कच्चा मकान, मड़हा जला

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव के पहड़ी स्थित नई मुसर बस्ती के निवासी रामगोपाल, नंद गोपालऔर तिवारी मुसहर के कच्चेमकान, मड़हे में संदिग्ध परिस्थितियों मेंसोमवार को शाम आग लग गई।मुसर बस्ती के लोग जब तकआग बुझानेका प्रयास करतेतब तक हवा के झोके सेआग विकराल रूप धारण कर लिया। इसकी जानकारी ग्रामीणों नेग्राम प्रधानराजेश मौर्यको दी। जानकारी मिलतेही प्रधान नेग्रामीणों के साथ आग बुझातेहुए इसकी जानकारी तहसील प्रशासन को दे दी है।

# निर्माण परियोजनाओं एवं भूमि संबन्धी प्रकरणों की समीक्षा

### मिर्जापुर व सोनभद्र प्रस्तावित चुनार चोपन दोहरीकरण रेल परियोजना में प्रभावित काश्तकारों को मुआवजे का भुगतान कराने का निर्देश

**मिर्जापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में निर्माण परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण एवं भूमि संबन्धी अन्य प्रकरणो के निस्तारण के सम्बंध में समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में मण्डल की उन परियोजनाओं की समीक्षा की गयी जिनकी प्रगति भूमि सम्बन्धी प्रकरणो से आच्छादित होने के कारण प्रभावित है। जनपद सोनभद्र मे लोक निर्माण विभाग की सड़को पनारीटोला से चोपनिया, तिलहर सम्पर्क मार्ग, पटवध से वसुहारी, चोपन महलपुर से परसोई, करगरा से अलार तथा पनारी से करौं बकिया के निर्माण मे वन भूमि पड़ रही है। ओबरा सी ताप विद्युत परियोजना के राख बांध निर्माण परियोजना में 64 हे0 वन भूमि प्रस्तावित है। उप जिलाधिकारी, ओबरा व घोरावल तथा प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर एवं ओबरा वन प्रभाग व रेनूकूट वन प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारियो को इन प्रकरणो को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित कराने का निर्देश मण्डलायुक्त ने दिया। उन्होंने जनपद मिर्जापुर व सोनभद्र में निर्माण हेतु प्रस्तावित चुनार चोपन दोहरीकरण रेल परियोजना तथा सोनभद्र मे प्रस्तावित पी0 दीनदयाल उपाध्याय प्रयागराज तीसरी रेल परियोजना मे प्रभावित काश्तकारो को मुआवजे का भुगतान तथा भूमि पर रेलवे को त्वरित कब्जा दिलाने हेतु उपजिलाधिकारी मिर्जापुर सह विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी मिर्जापुर, सोनभद्र को निर्देश दिया गया। मण्डलायुक्त ने सोनभद्र के सभी उपजिलाधिकारियो को निर्देशित किया कि वन विभाग को परियोजनाओ में पड़ने वाली भूमि के समतुल्य भूमि उपलब्ध कराने के प्रयोजन से तहसील के लैण्ड बैंक का विवरण तैयार कर एक सप्ताह के अन्दर मुख्य वन संरक्षक व संयुक्त विकास आयुक्त को उपलब्ध करा दिया जाय। ओबरा तापीय विद्युत परियोजना पर राख बाध निर्माण के कार्य में प्रगति लाये जाने हेतु सम्बंधित बिन्दुओ पर आख्या उपजिलाधिकारी ओबरा उप प्रभागीय वनाधिकारी ओबरा व सहायक अभियन्ता विद्युत ओबरा को निर्देशित किया कि उप जिलाधिकारी ओबरा एक सप्ताह के अन्दर भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि रेलवे लाईन परियोजना पं0 दीन दयाल उपाध्याय प्रयागराज मे ग्राम बरौधा मे पोल शिफ्टिंग का कार्य तत्काल कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपद सोनभद्र में 11 राजकीय हाईस्कूल व 02 जनजाति छात्रावास के निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता एक सप्ताह मे सुनिश्चित कराने के निर्देश उपजिलाधिकारी ओबरा, दुद्धी व राबर्टसगंज को दिया। उन्होंने नगर पंचायत अनपरा व रेनूकूट में पेयजल व सीवरेज की परियोजनाओ में डब्ल्यू0 टी0 पी0 एवं एस0 टी0 पी0 निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु अधिशासी अभियंता जलनिगम मिर्जापुर को तथा इस पर प्रभावी कार्यवाही हेतु उप जिलाधिकारी दुद्धी को निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने आम घाट क्रासिंग के पास सम्पार संख्या 03 पर रेल ओवर सेतु तथा विकास खण्ड छानबे मे गंगा नदीपर रामपुर घाट पर पक्के पुल निर्माण मे प्रभावित कास्तकारो को मुआवजा भुगतान व अवंश निर्धारण की कार्यवाई प्राथमिकता पर कराने हेतु उप जिलाधिकारी सदर को निर्देश दिया। उन्होंने गंगा नदी रामपुर घाट पर पक्के पुल निर्माण कार्य मे भदोही जनपद के प्रभावित कास्तकारो की अंश निर्धारण सूची 03 दिनो मे परियोजना प्रबंधक सेतु निगम को उपलब्ध कराने के निर्देश नायब तहसीलदार को दिया। एन0 एच0 135ए पर 04 लेन मिर्जापुर बाईपास व गंगा नदी पर सेतु परियोजना पर अभिनिर्णित धनराशि का प्रतिकर भुगतान तेजी से कराये जाने के निर्देश उप जिलाधिकारी सदर को देते हुए एन0 एच0 731बी के फोरलेनिंग कार्य प्रतिकर भुगतान में तेजी लाये जाने के निर्देश अपर जिलाधिकारी न्यायिक, भदोही को दिया।



## जनपद में चल रहा संचारी रोग नियंत्रण अभियान : नरेन्द्र

**हलिया (मिर्जापुर)।** संचारी रोग अभियान के तहत ग्राम लायन, महुग्राह में मंगलवार को प्रचार प्रसार किया गया। किसानों को सूचित करते हुए सहायक विकास अधिकारी कृषि नरेंद्र कानापुरिया ने बताया कि हलिया में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक कृंतक नियन्त्रण के अन्तर्गत स्क्रबटायफस रोग की रोकथाम हेतु संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत मुख्यतः खेतों में तथा रैण्डम आधार पर घरों के चूहों एवं छछूंदरों को रोकने का प्रभावी प्रयास किया जा रहा है। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी माह अप्रैल 2025 में संचारी रोग नियन्त्रण के अन्तर्गत कृषि विभाग द्वारा जन सहभागिता के माध्यम से क्षेत्रीय कर्मचारियों एवं जन सामान्य का सहयोग लेकर प्रचार-प्रसार और इसे होने वाली हानियां तथा मानवीय जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से जनसमुदाय को अवगत कराते हुये आवासीय घरों एवं उनके आस-पास चूहा एवं छछूंदर नियन्त्रण अभियान चलाया जा रहा है। चूंकि संचारी रोगों के प्रसार के लिये अन्य कारकों के साथ-साथ चूहा एवं छछूंदर भी उत्तरदायी हैं, इसलिये इन रोगों की रोकथाम के लिये चूहा एवं छछूंदर का भी प्रभावी नियन्त्रण आवश्यक है। एक आकलन के अनुसार 40 प्रतिशत बीमारी स्क्रबटाइफस के संक्रमण के कारण होती है, जिस हेतु चूहा एवं छछूंदर रोग वाहक का कार्य करते हैं तथाचूहा नियन्त्रण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियाँ चूहा नियन्त्रण रसायनों का प्रयोग करते समय हाथ में दस्ताने पहनें। रसायनों को बच्चों की पहुँच से दूर रखें।मरे हुए चूहों को सावधानीपूर्वक घर के बाहर मिट्टी में दबा दें।दवा के प्रयोग के दौरान घर में रखी खाद्य सामग्री इत्यादि को अच्छी तरह से ढ़क दें।इनके आवागमन से इनके ऊपर लगे परजीवी झाड़ियों में चिपक जाते है, जिससे मनुष्यों में प्रकोप की सम्भावना रहती है।

## पृथ्वी दिवस पर क्यूआर कोड फॉर फ्लोरा का आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** जनपद में 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ कार्यक्रम अंतर्गत 'क्यूआर कोड फॉर फ्लोरा%' गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अभिनव गतिविधि के अंतर्गत स्कूली बच्चों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यालय परिसर एवं आसपास उपलब्ध पेड़-पौधों की प्रजातियों से संबंधित जानकारी एकत्रित की। तत्पश्चात उन्होंने उस जानकारी को क्यूआर कोड में परिवर्तित कर संबंधित पौधों पर टैग किया।इस प्रक्रिया ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण,जैव विविधता एवं प्रदूषण नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी उनकी जागरूकता बढ़ाई। जनपद के सभी विद्यालयों में छात्रों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस गतिविधि के जियो टैग फोटोग्राफ्स, वीडियो क्लिप्स एवं संपूर्ण विवरण भारत सरकार द्वारा विकसित पोर्टल पर अपलोड किए जा रहे हैं,जिससे राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रयास की जानकारी साझा की जा सके।यह पहल न केवल बच्चों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करती है,बल्कि पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।



## नगर के गन्दे नालों की सफाई अभियान में तेजी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद बेल्हा क्षेत्र के गन्दे नालों की सफाई अभियान चलाया जा रहा है,आखिर गन्दे नालों की वजह से बीते साल हुई बरसात में फजीहत झेलनी पड़ी थी। कटरा रोड स्थित पीडब्लूडी कार्यालय समेत डीएम आवास रास्ते पर जलजमाव से ईओ की फजीहत हुई थी। उसी फजीहत को ध्यान में रखते हुए वर्तमान अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार ने कमर कस ली है और नगर के समस्त सीवरेज नालों को साफ करवाने का अभियान चला दिया है। जगह-जगह पर चोक हो चुके नालों की सफाई करवाई जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ नए नालों के निर्माण की स्पीड बीते दिनों डीएम के औचक निरीक्षण और नोटिस जारी करने के कारण तेजी पकड़ लिया है। नही तो ये वे लोग हैं जो योजना का फंड पाने के बावजूद कई महीनों तक सोते रहते हैं और समय पर कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण नगरवासियों को फजीहत झेलनी पड़ती है।

## विवाहिता की मौत के मामले में पति पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव में विवाहिता की रविवार की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में सोमवार देर रात विवाहिता के पिता ने विवाहिता के पति के विरुद्ध दहेज हत्या व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। मृतका के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। तहरीर में मध्य प्रदेश के मऊगंज जिला के हनुमना थाना क्षेत्र के हाटा गांव निवासी विवाहिता के पिता भागीरथी पाल ने आरोप लगाया है की बेटी सिया दुलारी की शादी बीते वर्ष 20 अप्रैल को बंजारी कला गांव निवासी दीपचंद्र पाल से किया था। दहेज में गृहस्थी का सामान मोटरसाइकिल और 2 लाख नगद दिया था इसके बाद भी बेटी का पति दहेज में चार लाख रुपये और चार पहिया वाहन की मांग करने लगा। मांग के हिसाब से दहेज न देने पर दामाद बेटी को अत्यधिक प्रताड़ित करने लगा और रविवार की भोर में 4.00 बजे बेटी की हत्या कर दिया। विवाहिता की पिता की तहरीर पर पुलिस ने बंजारी कला ग्राम निवासी दीपचंद के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम और दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पति की तलाश करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद सरोज ने बताया कि विवाहिता के पिता की तहरीर पर विवाहिता के पति के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम वह दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## 6 माह में सीसी रोड होने लगी बदहाल

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत कस्बा नानपारा में नई सब्जी मंडी के पास से शहर के बाहर तक कि निर्मित सीसी रोड अभी हाल ही में बनकर तैयार हुई थी परंतु अभी से ही जगह 2 गड्ढे होने शुरू हो गए। काफी दिनों तक मिहीपुरवा ,सिसैया लखीमपुर आदि स्थानों से दो पहिया, चार पहिया वाहनों से कस्बा नानपारा में प्रवेश लेना दुश्वार था। लंबे अंतराल पर सीसी रोड बनी भी तो कमजोर शायद कहीं न कहीं निर्माण में मानकों की अनदेखी का शिकार हुई यह कस्बा नानपारा की मुख्य सीसी सड़क आगामी बरसात के बाद यह सड़क गड्डों में तब्दील हो सकती है क्योंकि सड़क पर छोटे छोटे गड्ढे सड़क उजड़ कर बनने शुरू हो गए हैं। जबकि यह नानपारा शहर से मिहीपुरवा, लखीमपुर आदि स्थानों तक पहुंचने के लिए यात्रियों का मुख्य मार्ग है इस मार्ग पर दिन रात आवागमन चालू रहता है सब्जी मंडी होने के नाते वाहनों की भरमार रहती है।

# किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की माँ ने सोमवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भाग ले जाने वाले गांव निवासी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में किशोरी की माँ ने बताया है की 18/19 अप्रैल की रात्रि लगभग दो बजे मेरी साढ़े सतरह वर्षीय पुत्री को मेरे गांव का लड़का राकेश कोल द्वारा बहला फुसलाकर कहीं भगाकर करके लेकर चला गया है। मेरी नाबालिग लड़की व युवक एक ही गांव के है और टेलीफोन से बात भी करते है और एक दूसरे को जानते पहचानते है। मै अपनी लड़की की शादी तय किये है करना चाहते है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की किशोरी को बहला फुसलाकर भगाकर लेकर जाने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

## आशा संगिनी कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्या को लेकर प्रभारी को सौंपा पत्रक

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार को आशा संगिनी कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्या से संबंधित पत्रक देकर निवारण कराने की मांग की है। दिये गये प्रार्थना पत्र में आशा संगिनी आरती देवी सहित अन्य संगिनियों ने अवगत कराया है कि बीसीपीएम द्वारा आशाओं से सीधे रिपोर्ट ली जा रही है जो संगिनियों के माध्यम से रिपोर्ट दी जाती है। उनका कार्य के अनुसार भुगतान कम किया जा रहा है जिससे उनका मनोबल टूटता है। आपसी फूट डाल रहे है। क्षेत्र में सुचारू रूप से कार्य नहीं हो रहा है।

## भगवान भरोसे चल रहा डाक वितरण का काम

**स्वतंत्र भारत बाबागंज बहराइच।** नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र बाबागंज में कई सरकारी कार्यालय हैं, एक तरफ मिहीपुरवा विकास खंड की सीमा बकतावर गाव तो दूसरी तरफ बलहा विकास खण्ड का बाडर तथा 65 गावो का डाक वितरण की व्यस्था पर केवल 15 दिन पूर्व तीन कर्मी तैनात थे। लेकिन नये डाक निरीक्षक नानपारा विवेक तिवारी के आते आते दो-दो कर्मचारी के ऊपर गाज गिरने तथा एक कर्मचारी को हटाये जाने से बाबागंज से रुपईडीहा तक डाक लेनदेन का काम देखा जा रहा इस संबंध मे डाक निरीक्षक विवेक तिवारी से जानकारी चाहा तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ बताता रहा।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्टस प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अतुल शुक्ला द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

स्वतंत्र भारत

# देश विदेश

12

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, बुधवार, 23 अप्रैल, 2025

## चीन ने अब अमेरिकी अधिकारियों को किया बैन

**हांगकांग।** अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वार जारी है। दोनों देश एक दूसरे पर भारी टैरिफ लगा रहे हैं। इसका सीधा असर वैश्विक बाजार पर देखने को मिल रहा है। इस बीच चीन एक

### अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन का लगाया आरोप

बड़ा एलान किया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि चीन उन अमेरिकी अधिकारियों, सांसदों और गैर-सरकारी संगठनों के नेताओं पर प्रतिबंध लगाएगा, जिनके बारे में उसका कहना है कि उन्होंने हांगकांग के मुद्दों पर खराब प्रदर्शन किया है। इसी साल मार्च के महीने में अमेरिका ने छह चीनी और हांगकांग अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिए थे, जिन पर आरोप था कि वे अंतरराष्ट्रीय दमन में शामिल थे और शहर की



स्वायत्तता को और अधिक नुकसान पहुंचाने वाले कार्यों में शामिल थे। जिन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाया गया था उनमें न्याय सचिव पॉल लैम, सुरक्षा कार्यालय निदेशक डोंग जिंगवेई और पूर्व पुलिस आयुक्त रेमंड सिउ शामिल थे। अब अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई में चीन ने कहा कि हम इन कृत्यों की कड़ी निंदा करते हैं। चीनी विदेश मंत्री ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने हांगकांग के मामलों में गंभीर रूप से हस्तक्षेप किया है और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि चीन ने हांगकांग से संबंधित मुद्दों पर खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और एनजीओ नेताओं पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रतिक्रिया विदेशी प्रतिबंध विरोधी कानून के अनुसार की गई है। हालांकि उन्होंने इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी कि किसे निशाना बनाया जा रहा है।

### दोनों देशों के बीच गहरा सकता है विवाद

चीनी विदेश मंत्रालय के बयान के बाद यह स्पष्ट है कि अमेरिका और चीन के बीच हांगकांग मुद्दे को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। माना जा रहा है कि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच टकराव बढ़ सकता है।

## ट्रूडो के समय पस्त लिबरल पार्टी का कार्नी के नेतृत्व में फिर जलवा

**टोरंटो।** कनाडा में 28 अप्रैल को संघीय चुनाव होने वाले हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की अगुवाई वाली लिबरल पार्टी मौजूदा जनमत सर्वेक्षणों में आगे चल रही है। पीएम ने मतदाताओं से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकी से निपटने के लिए उन्हें एक मजबूत जनादेश देने का आह्वान किया है। 12 फरवरी को पीएम ट्रूडो के इस्तीफा देने से समीकरण बदल गए। कार्नी को लिबरल पार्टी और देश की बागडोर संभालने का मौका मिला। वे एक पूर्व केंद्रीय बैंकर हैं जिनका कोई राजनीतिक अनुभव नहीं है। लेकिन,



ट्रम्प के टैरिफ वॉर के बीच उन्होंने जिस तरह मोर्चा संभाला, उससे चलते 26 अंक से पिछड़ रही लिबरल पार्टी 6 अंकों की बढ़त में आ गई। कार्नी ने कहा है कि कनाडा को अमेरिका पर अपनी निर्भरता कम करनी होगी और अपनी अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से सुधारना होगा। प्रिंस एडवर्ड आइलैंड के अटलांटिक प्रांत के शार्लोटटाउन में एक अभियान कार्यक्रम के दौरान, पीएम कार्नी ने कहा हमें एक ऐसी सरकार चाहिए जिसके पास एक मजबूत जनादेश हो, एक स्पष्ट जनादेश हो। हमें एक ऐसी सरकार चाहिए जिसके पास एक ऐसी योजना हो जो इस समय की जरूरतों को पूरा करे। 2025 की शुरुआत में ट्रूडो के इस्तीफे के बाद लिबरल्स का समर्थन कम हो गया और आधिकारिक विपक्षी कंजर्वेटिव 20 अंक आगे हो गए।

## शनिवार को होगा पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार

**रोम।** पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह होगा। वेटिकन ने अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी है। ताबूत में लेटे पोप फ्रांसिस की पहली तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में पोप फ्रांसिस के पास वेटिकन राज्य सचिव प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। वेटिकन के मुताबिक पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा। यह प्रक्रिया कार्डिनल्स कॉलेज के डीन कराएंगे। वहीं कार्डिनल्स ने सेंट पीटर्स बेसिलिका में पोप फ्रांसिस के सार्वजनिक दर्शन बुधवार सुबह से शुरू करने का निर्णय लिया है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने की कोशिशें तेज

**वॉशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम करवाने के लिए अमेरिका पूरी ताकत लगा रहा है। बुधवार को लंदन में अमेरिका यूरोपी और यूक्रेन के अधिकारियों के साथ

### लंदन में आज होगा महासम्मेलन

बात करेगा। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और डोनाल्ड ट्रंप के विशेष राजदूत स्टीव विटकॉफ और केथ केलोग फ्रांस, जर्मनी, यूके और यूक्रेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के साथ बातचीत करेंगे। सोमवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा था, जैसा कि हमने पहले भी बिना शर्त सीजफायर पर सहमति जताई थी, एक बार फिर हम शांति



की ओर आगे बढ़ने में विश्वास रखते हैं। यूके के प्रधानमंत्री केर स्टार्मर से फोन पर बात करने के बाद उन्होंने कहा था कि शांति के लिए पहला कदम बिना शर्त सीजफायर ही हो सकता है। हालांकि इस ईस्टर पर रूस ने जो कुछ किया है उससे लगता है कि वह युद्ध को लंबा खींचना चाहता है। पिछले सप्ताह पैरिस में भी अमेरिका ने संभावित सीजफायर डील को लेकर प्रस्ताव पेश किया था। अमेरिका ने रूस को यह भी ऑफर दिया था कि क्रीमिया पर उसके अधिकार को मान्यता दी जाएगी। हालांकि रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन सहमत नहीं हुए। मामले से जुड़े जानकारों का कहना है कि इस डील में यूक्रेन के नाटो में शामिल होने पर रोक और कीव की सुरक्षा का वादा भी शामिल हो सकता है।

## इजरायली हमले में एक ही परिवार के 11 लोग जिंदा जले

**गाजा।** गाजा में हालात हर पल बद से बदतर होते जा रहे हैं। मंगलवार की सुबह एक बार फिर तबाही और मातम लेकर आई। इजरायली हमलों

### हमलों में कुल 25 फिलिस्तीनी मारे गए

में कम से कम 25 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें 11 लोग खान यूनिस में एक ही घर में जलकर मर गए। यह आग इजरायली हवाई हमलों की वजह से लगी। गाजा सिटी के पश्चिमी हिस्से में हवाई हमले में एक घर में 11 लोगों की जिंदा जलने जान चली गई, इसमें एक पति-पत्नी और उनके मासूम बच्चे भी शामिल थे। स्थिति और भी भयावह तब हो गई जब जबालिया नगर पालिका के गैराज पर हवाई हमले किए गए, जिससे मलबा हटाने वाले ट्रक और बुलडोजर भी तबाह हो गए। इससे राहत और बचाव कार्यों को भारी झटका लगा है। अलजजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, राफा के उत्तरी हिस्से में कई परिवार अब भी फंसे हुए हैं। इज़रायली सेना ने रेड क्रॉस की गाड़ियों को उन इलाकों में जाने से रोक दिया है, जिससे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना मुश्किल हो गया है।

## एक नज़र

### पाकिस्तान : खाई में गिरी वैन, 16 मरे

**इस्लामाबाद।** दक्षिणी पाकिस्तान में एक तेज रफ्तार वैन खाई में गिर गई। हादसे में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। 30 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। दुर्घटना सोमवार को सिंध प्रांत के जमशोरो जिले में हुई। जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना पहाड़ी क्षेत्र में उस वक्त हुई, जब वैन के चालक ने तेज गति के कारण वाहन पर नियंत्रण खो दिया और वैन खाई में गिर गई। वैन पंजाब प्रांत के लापारी से सिंध प्रांत के बादिन जा रही कोल्ही जनजाति के सदस्यों को ले जा रही थी। पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और मृतकों और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डिप्टी कमिश्नर गजनफर कादरी ने बताया कि वैन में मजदूर सवार थे, जो बलूचिस्तान में गेहूं की कटाई का काम पूरा करके घर लौट रहे थे। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है और कुछ घायलों की हालत गंभीर है। पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम बात हैं। पाकिस्तान में घातक यातायात दुर्घटनाओं के मामले में दुनिया के सबसे खराब रिकॉर्ड हैं। इसके लिए खराब सड़कें, खराब रखरखाव वाले वाहन और लापरवाही से गाड़ी चलाना बड़े कारण हैं।

### हार्वर्ड ने किया अमेरिकी सरकार पर केस

**बोस्टन।** अमेरिका में ट्रंप सरकार ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की अरबों डॉलर की फंडिंग रोक दी है। अमेरिकी सरकार के इस फैसले का हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने कड़ा विरोध जताया है और उसके खिलाफ कोर्ट में मुकदमा कर दिया है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने ट्रंप के इस फैसले को असंवैधानिक और अवैध करार देने की मांग करते हुए बोस्टन संघीय न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। विश्वविद्यालय ने अनुदान में 2.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की संघीय मदद रोकने को उसकी सवतंत्रता पर चोट बताई है। हार्वर्ड ने घोषणा की कि उसने अनुदान में 2.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की फंडिंग को रोकने के खिलाफ मुकदमा दायर किया है, क्योंकि संस्थान ने कहा था कि वह परिसर में सक्रियता को सीमित करने की ट्रंप प्रशासन की मांगों को नहीं मानेगा।

### विमान में केबिन क्रू से अभद्रता

**सिंगापुर।** सिंगापुर जा रहे विमान में केबिन क्रू के साथ अभद्रता करने पर 20 वर्षीय भारतीय नागरिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोप है कि युवक ने 28 फरवरी को उड़ान के दौरान 28 वर्षीय महिला केबिन क्रू सदस्य के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि चालक दल की सदस्य एक महिला यात्री को शौचालय ले जा रही थी, तभी उसने फर्श पर टिशू पेपर का एक टुकड़ा देखा। जब वह उसे उठाने के लिए नीचे झुकी, तो 20 वर्षीय व्यक्ति कथित तौर पर उसके पीछे आ गया, उसे पकड़ लिया और अपने साथ शौचालय में धकेल दिया। महिला यात्री ने हस्तक्षेप किया और केबिन क्रू के सदस्य को तुरंत शौचालय से बाहर निकालने में मदद की। केबिन सुपरवाइजर को सूचना पर विमान के चांगी हवाई अड्डे पर उतरने के बाद हवाई अड्डा पुलिस प्रभाग के अधिकारियों ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। एयरपोर्ट पुलिस डिवीजन के कमांडर सहायक आयुक्त एम. मालथी ने कहा कि हम ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लेते हैं, क्योंकि केबिन क्रू प्रशिक्षित पेशेवर होते हैं, जो सभी यात्रियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए समर्पित होते हैं।

### पाक में 2.2 करोड़ हुई भिखारियों की संख्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब ने 4,700 से अधिक पाकिस्तानी भिखारियों को वापस भेजा है। ये लोग कथित तौर पर फर्जी वीजा और उमराह या हज के बहाने सऊदी अरब पहुंचे थे, लेकिन वहां अवैध रूप से भीख मांगते पकड़े गए। इस घटना को पाकिस्तान के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का कारण बताया जा रहा है। आसिफ ने कहा, पाकिस्तान में करीब 2.2 करोड़ भिखारी हैं, जो सालाना 42 अरब रुपये कमाते हैं। ये लोग विदेशों में भीख मांगकर देश की छवि को धूमिल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सऊदी अरब में भीख मांगने के खिलाफ सख्त कानून हैं, जिसके तहत भिखारियों को जुर्माना, जेल और निर्वासन का सामना करना पड़ता है। मंत्री ने बताया कि मध्य पूर्वी देशों से बड़ी संख्या में पाकिस्तानी भिखारियों को निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अकेले सऊदी अरब ने कम से कम 4,700 पाकिस्तानी भिखारियों को देश से निकाला है। इससे पहले खुद पाकिस्तान की केंद्रीय जांच एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया था कि सऊदी अरब ने 2021 से 2024 के बीच 4,000 भिखारियों को पाकिस्तान वापस भेजा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन निर्वासित भिखारियों का संबंध मुख्य रूप से दक्षिण पंजाब, कराची और आंतरिक सिंध क्षेत्रों से है।

## ममता की अपील, काम पर लौटें शिक्षक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रदर्शनकारी शिक्षकों से अपनी ड्यूटी पर लौटने की अपील की और वादा किया कि उनकी सरकार उनके वेतन की सुरक्षा करेगी। उनके आश्वासन के बावजूद, हजारों शिक्षक

### दागी और बेदाग लोगों की सूची सरकार पर छोड़ दें

जिनकी नियुक्तियां हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले द्वारा रद्द कर दी गई थीं - साल्ट लेक में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग कार्यालय के बाहर डेरा डाले हुए हैं और अपना रात भर का विरोध प्रदर्शन जारी रखा है। ममता बनर्जी के हवाले से बताया कि आपको इस बात की चिंता करने की ज़रूरत नहीं है कि कौन दागी है और कौन नहीं। आपको बस इस बात की चिंता करने की ज़रूरत है कि आपके पास नौकरी है या नहीं और क्या आपको समय पर वेतन मिल रहा है। दागी और बेदाग शिक्षकों की पहचान करने वाली सूची सरकार और अदालतों के पास है। बनर्जी ने कहा, हम आपको भरोसा दिलाते हैं कि आपकी नौकरियाँ अभी सुरक्षित हैं और आपको वेतन मिलेगा। कृपया अपने स्कूल वापस जाएँ और कक्षाएँ फिर से शुरू करें। मैंने कल रात से इस बारे में कई बार बात की है। हम आपके साथ हैं। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने कहा कि रूप सी और ग्रुप डी के कर्मचारी, जिन्होंने अपनी नौकरी खो दी है, के लिए एक समीक्षा याचिका भी सुप्रीम कोर्ट में दायर की जाएगी और तब तक हम पर अपना विश्वास बनाए रखें।

## न्यूयॉर्क में होगा स्व. श्याम बेनेगल का सम्मान

**न्यूयॉर्क।** महान भारतीय फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल की विरासत को यहां 'न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल' में सम्मानित किया जाएगा। 'न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल' (एनवाईआईएफएफ) इस साल अपनी रजत जयंती मनाएगा, जिसमें मनोज वाजपेयी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, जेम्स आइवरी और रसिका दुग्गल जैसे प्रसिद्ध कलाकारों की विविध सिनेमाई कृतियों की एक फेहरिस्त प्रदर्शित की जाएगी। भारतीय स्वतंत्र सिनेमा को समर्पित सबसे लंबे समय से चलने वाला और प्रतिष्ठित अमेरिकी महोत्सव, 20 से 22 जून तक आयोजित किया जाएगा और यह इसका 25वां संस्करण होगा।

## आमेर का किला देखने सपरिवार पहुंचे जेडी वेंस

**जयपुर।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपनी पत्नी उषा वेंस और तीन बच्चों के साथ मंगलवार सुबह आमेर के किले का दौरा किया। चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारत आए जेडी वेंस परिवार सहित देर रात जयपुर पहुंचे। वह अपने परिवार के साथ ऐतिहासिक रामबाग पैलेस में ठहरे हैं। सुरक्षा कारणों से आमेर किले को पहले ही खाली करा लिया गया और पर्यटकों का प्रवेश बंद कर दिया गया। वेंस

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने जयपुर में राजस्थानी संस्कृति का लिया आनंद

और उनका परिवार हाथी स्टैंड से खुले जीप में किले पहुंचे। रास्ते में उन्होंने किले की बाहरी वास्तुकला, मावठा सरोवर और केसर क्यारी बाग देखा। जालेब चौक में दो हथनियों, 'पुष्पा' और 'चंदा' ने पारंपरिक राजस्थानी गहनों और परिधानों में सजकर वेंस परिवार का स्वागत किया। पुष्पा ने वेंस को आशीर्वाद दिया, जबकि चंदा ने उनके गले में फूलों की माला डाली। महावत बल्लू खान ने बताया कि दोनों हथनियों को 350 साल पुराने गहनों जैसे हार और पायल से सजाया गया था। राजस्थानी लोक कलाकारों ने वेंस के स्वागत में परफॉर्मेंस दी।



## नेतन्याहू की अब हूतियों को हमले की धमकी

**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि यमन के हूती बलों के बार-बार किए गए हमलों का इजरायल कड़ा जवाब देगा। नेतन्याहू ने तेल अवीव में एक सार्वजनिक भाषण के दौरान यह धमकी दी, जिसमें उन्होंने हूतियों और उन सभी लोगों को संबोधित किया जिससे इजरायल को नुकसान पहुंचा है, उन्होंने कसम खाई और कहा कि इजरायल के खिलाफ कोई भी हमला बेकार नहीं जाएगा। इसका जोरदार जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि जवाब किस रूप में दिया जाएगा, लेकिन कहा कि इजरायल अपने क्षेत्र पर लगातार हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

## हिमालय में 23 साल की सबसे निचले स्तर पर पहुंची बर्फबारी

**नई दिल्ली।** हिमालय-हिंदुकुश पर्वत श्रृंखला में बर्फबारी पिछले 23 सालों में अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है.यह हालात उन दो अरब लोगों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है जो पिघलते ग्लेशियरों से

### गर्मी से प्रभावित क्षेत्रों का होगा और बुरा हाल

निकलने वाले पानी पर निर्भर हैं. इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) ने एक रिपोर्ट में चेतावनी दी कि हिमालय पर्वत श्रृंखला में बर्फ की कमी का यह रुझान लगातार तीसरे वर्ष भी जारी रहा है और इससे क्षेत्र में जल सुरक्षा खतरे में पड़ गई है.हिमालय-हिंदुकुश




पर्वत श्रृंखला अफगानिस्तान से म्यांमार तक फैली हुई है, जबकि आर्कटिक और अंटार्कटिक महाद्वीप के बाद बर्फ और ग्लेशियरों का सबसे बड़ा भंडार इसी क्षेत्र में है.ये जलाशय लगभग दो अरब लोगों के लिए ताजे पानी का मुख्य स्रोत हैं, जबकि कृषि, घरेलू इस्तेमाल और अन्य आवश्यकताओं के लिए भी इन्हीं जलाशयों पर निर्भर रहा जाता है.सूखे जैसे बढ़ते जोखिमआईसीआईएमओडी की इस ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, इस क्षेत्र में मौसमी बर्फ आवरण (वह समय जब बर्फ जमीन पर रहती है) सामान्य से 23.6 प्रतिशत कम है, जो पिछले 23 सालों में सबसे निचला स्तर है. रिपोर्ट के मुख्य लेखक शेर मोहम्मद ने समाचार एजेंसी एएफपी से कहा, इस साल बर्फबारी जनवरी के अंत में शुरू हुई और पूरे शीतकाल में औसत से कम रही. उन्होंने कहा कि इस कमी से नदी के प्रवाह में संभावित कमी, भूजल पर निर्भरता में वृद्धि, तथा सूखे जैसे जोखिम में वृद्धि हो सकती है. क्षेत्र के कई देशों ने पहले ही सूखे की चेतावनी जारी कर दी है, जबकि फसल की पैदावार और पानी की उपलब्धता भी खतरे में है. यह स्थिति उस आबादी के लिए और भी जटिल हो जाती है जो लंबे समय तक चलने वाली, तीव्र और बार-बार आने वाली गर्मी की लहरों से जूझती है इन देशों पर पड़ सकता है असर पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, म्यांमार और नेपाल अंतरराष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र के सदस्य देश हैं।

## छत्तीसगढ़ में नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बेदरे थाना से जिला बल और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि दल जब आज शाम करीब साढ़े पांच बजे केरपे और तोड़समपारा गांव के मध्य पहुंचा तभी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ समाप्त होने के बाद जब सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की तलाशी ली तब वहां एक नक्सली का शव, 315 बोर राइफल, टिफिन बम और अन्य सामान बरामद किए गए।

## चिलचिलाती गर्मी में सेहतमंद रहने के राज़!

भीषण गर्मी में एक्टिव रहना मुश्किल हो सकता है, पर फिटनेस के सही तरीके अपनाने से सेहतमंद और तरोताजा रहना बेहद आसान है। एण्डटीवी के कलाकारों ने गर्मियों में फिट, कूल और मोटिवेटेड रहने के अपने पसंदीदा तरीकों के बारे में बताया। 'भीमा' में विशंभर सिंह का किरदार अदा कर रहे विक्रम द्विवेदी कहते हैं, ''मैं अपना वर्कआउट सुबह या शाम को करता हूँ ताकि धूप से बच सकूँ। मैं प्लैंक, जंपिंग जैक और बर्पी जैसी आसान बॉडीवेट वाली एक्सरसाइज करता हूँ, जिससे मेरा स्टैमिना बना रहता है। पानी पीना बहुत जरूरी है, इसलिए मैं छाछ, नारियल पानी और कभी-कभी घर का बना बेल का शरबत पीता हूँ।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश का रोल निभा रहीं सपना सिकरवार कहती हैं, ''मुझे गर्मी में बहुत अच्छा और एनर्जेटिक लगता है। मैं शाम को लंबी वॉक पर जाती हूँ, जो आराम करने और नेचर से जुड़ने का मेरा 'मी टाइम' होता है। घर पर मैं डांस करती हूँ, जिससे कैलोरी भी बर्न होती है और मूड भी अच्छा हो जाता है। मैं आसान योगा भी करती हूँ ताकि मेरी बॉडी लचीली रहे और मन शांत रहे। खुद को हाइड्रेट और कूल रखने के लिए मैं तरबूज



का ज्यूस पीती हूं। ये बहुत रिफ्रेशिंग और हेल्दी होता है और कसरत के बाद ठंडी छाछ में पुदीना डालकर पीने का तो मजा ही कुछ और है। मेरे हिसाब से, फिटनेस कभी भी मुश्किल नहीं लगनी चाहिए।'' 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाभी का किरदार अदा कर रहीं विदिशा श्रीवास्तव ने कहा, ''फिटनेस मेरी हिम्मत है, खासकर जब पूरे दिन के शूटिंग शेड्यूल्स बेहद थकाने वाले होते हैं। इससे मुझे आराम मिलता है और अपना बेस्ट परफॉर्मेंस देने के लिए जरूरी एनर्जी भी मिलती है। गर्मी में मुझे पिलाटे और योगा करना अच्छा लगता है, ये दोनों एक दूसरे को सपोर्ट करते हैं।

## ''ज़िंदगी को समझने का तरीका भी हैं किताबें''

हर साल 23 अप्रैल को दुनियाभर में 'वर्ल्ड बुक डे' मनाया जाता है, ताकि लोग किताबें पढ़ने के सुकून का एहसास कर सकें। नॉवेल्स न सिर्फ़ हमें नई कहानियों की दुनिया में ले जाती हैं, बल्कि हमारे दिल और दिमाग दोनों को खुशी देती हैं। इस खास दिन पर ज़ी टीवी के चहेते कलाकारों ने पढ़ने के अपने पसंदीदा लम्हों और अपनी फेवरेट किताबों के बारे बताया। शो 'जागृति - एक नई सुबह' में कालीकांत ठाकुर का रोल निभा रहे आर्य बब्बर कहते हैं, ''जब भी मुझे अपने लिए थोड़ा वक्त मिलता है, मेरा मन खुद-ब-खुद किसी अच्छी किताब की ओर खिंच जाता है। मेरा शूटिंग का शेड्यूल चाहे जितना भी व्यस्त हो, पढ़ाई कभी बोझ नहीं लगती।'' 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में मानवी का किरदार निभा रही आकांक्षा चमोला कहती हैं, ''मेरी ज़िंदगी में सबसे असरदार किताबों में से एक है भगवद् गीता। ये सिर्फ एक ग्रंथ नहीं है, ये एक ऐसा अनमोल मार्गदर्शन है, जो मुझे खुद को समझने में मदद करता है और ज़िंदगी की उलझनों को ज्यादा साफ और मकसद के साथ देखने का नज़रिया देता है। इसके अलावा मुझे मर्डर मिस्ट्री, ट्रू क्राइम और साइकोलॉजिकल थ्रिलर किताबें भी बहुत लुभाती हैं।''भाग्य लक्ष्मी' में लक्ष्मी का किरदार निभा रहीं ऐश्वर्या खरे कहती हैं, ''कहानियों की दुनिया से मेरा



पहला रिश्ता किताबों ने ही जोड़ा था। हैरी पॉटर वो पहली किताब थी, जिसने मुझे लिखे हुए शब्दों से प्यार करना सिखाया - इसी से मैंने जादू, दोस्ती और अपने अंदर की ताकत को महसूस करना शुरू किया।'' 'जमाई नं. 1' में कंचन का किरदार निभा रहीं पापिया सेनगुप्ता ने कहा, '' मेरे लिए किताबें सिर्फ वक्त बिताने का ज़रिया नहीं हैं - ये ज़िंदगी को समझने का एक तरीका हैं।'' 'वसुधा' में देवांश का किरदार निभा रहे अभिषेक शर्मा कहते हैं, ''मेरे लिए पढ़ना हमेशा एक निजी और बहुत खास सफ़र रहा है - जो वक्त के साथ बदलता और गहराता गया। बचपन में किताबें मुझे किसी दूसरी दुनिया में ले जाती थीं।


## बाजार दर्पण







